सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-230 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 30 जनवरी 2024
18 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव का एलान




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने एलान किया है कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आंध्र प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों, बिहार में छह सीटों, छत्तीसगढ़ में एक सीट पर, गुजरात में चार सीटों, हरियाणा में एक सीट पर, हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर, कर्नाटक में चार सीटों, मध्य प्रदेश में पांच सीटों, महाराष्ट्र में छह सीटों, तेलंगाना में तीन सीटों, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों, उत्तराखंड में एक सीट पर, पश्चिम बंगाल में पांच सीटों, ओडिशा में तीन सीटों और राजस्थान में तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। जिन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल इस साल समाप्त हो रहा है, उनमें अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह आदि का नाम शामिल है।

# लालू से ईडी की 10 घंटे पूछताछ

- तेजस्वी की बारी आज, मीसा के मनाने पर शांत हुए कार्यकर्ता
- ईडी दफ्तर के बाहर इंतजार करती रही मीसा, डटे रहे राजद समर्थक



**पटना।** जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद से दस घंटे से अधिक पूछताछ की। सुबह से शुरू हुआ सवालों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस दौरान लालू प्रसाद की पुत्री और राज्यसभा सदस्य मीसा भारती ईडी कार्यालय के बाहर इंतजार करती रही। उनके साथ राजद के तमाम वरिष्ठ नेता और समर्थक भी डटे रहे। शाम ढलने के बाद राजद समर्थकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा में सीआरपीएफ को तैनात करना पड़ा। निदेशालय द्वारा दिए गए समन के बाद सोमवार की सुबह करीब 11 बजे राजद प्रमुख लालू यादव जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर को निकले। उनके साथ पुत्री मीसा भारती भी थी। बैंक रोड स्थित ईडी दफ्तर के बाहर जब लालू पहुंचे यहां पहले से ही राजद नेता-समर्थकों की भीड़ जुट चुकी थी। अपने नेता को आते देख कई समर्थक कार के आगे ही लेटे गए। बहुत समझा-बुझाकर इन्हें हटाया गया। ईडी कार्यालय में मीसा भारती को प्रवेश करने से रोक दिया गया। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को बताया उनके पिता बीमार हैं और उठने बैठने में उन्हें परेशानी होती है। साथ ही समय-समय पर दवाएं भी देनी होती हैं। मीसा से दवाओं का समय लेकर ईडी अधिकारी लालू प्रसाद को लेकर अंदर चले गए। लेकिन, मीसा और राजद समर्थक दफ्तर के सामने बने दादी जी मंदिर में ही डटे रहे। ईडी सूत्रों ने बताया कि जमीन के बदले नौकरी प्रकरण में लालू प्रसाद से पूछताछ के लिए ईडी की टीम ने करीब 60 सवालों को सूचीबद्ध किया था, जिसे बारी-बारी से लालू प्रसाद के सामने रखा गया। कुछ सवालों के जवाब लालू प्रसाद ने सहजता से दिए, जबकि कुछ जवाब यह कहकर टाल दिए कि उन्हें याद नहीं। पूछताछ का समय जैसे जैसे बढ़ रहा था ईडी कार्यालय के बाहर राजद समर्थकों की भीड़ बढ़ती जा रही थी। शाम ढले सुरक्षा कारणों से प्रवर्तन निदेशालय के सीआरपीएफ जवानों की टुकड़ी को तैनात कर दिया गया। जिसके बाद राजद समर्थकों के बीच लालू प्रसाद की गिरफ्तारी को लेकर संशय होने लगा। राजद कार्यकर्ता हो-हल्ला करने लगे।

## दूसरों से कंपटीशन नहीं प्रेरणा लीजिए: मोदी



- बच्चों को दिए परीक्षा में सफलता के टिप्स

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सातवें संस्करण के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय की तरफ से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पहली बार साल 2018 में मनाया गया था। इस कार्यक्रम में देश-विदेश दोनों के ही छात्र, शिक्षक और अभिभावक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षाओं और स्कूली जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करते हैं, जिसके बारे में प्रधानमंत्री उन्हें सलाह देते हैं, जिससे वे अपने जीवन में चुनौतियों का सामना कर सकें। पीएम नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से बातचीत करते हुए कहा कि हेल्थ साइंस के मुताबिक, जीवन में प्रॉपर नींद लेना बहुत आवश्यक है। रील्स देखकर हम समय और नींद खराब करते हैं। पीएम मोदी ने तनाव को कम करने के सवाल पर कहा कि हमें अपने मन को खुद से तैयार करना होता है।

# वीवीआईपी दर्शनार्थियों के लिए खोले जाएंगे तीन नए द्वार: योगी



- भक्तों को रामलला के करीब से कराए जाएंगे दर्शन: सीएम

**अयोध्या।** राम मंदिर में वीआईपी व वीवीआईपी दर्शनार्थियों के आने और जाने के लिए तीन अलग द्वारों का उपयोग किया जाएगा। ऐसे में जन्मभूमि पथ पर आम श्रद्धालुओं की आवाजाही में कोई व्यवधान नहीं होगा। आने वाले दिनों में भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वहां की पूरी कैबिनेट को यहां आना है। ऐसे में इस नई व्यवस्था को प्रभावी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राम मंदिर परिसर में वरिष्ठ अधिकारियों और रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिए। सीएम का मुख्य फोकस देशभर से आ रहे आम रामभक्तों को आराध्य के सुगम दर्शन कराने पर रहा। इसीलिए वीआईपी और वीवीआईपी के प्रवेश और निकासी की अलग से व्यवस्था करने पर सहमति बनी। इसके लिए रामजन्मभूमि के गेट नंबर 10 और 11 के साथ एक अन्य वीआईपी गेट को उपयोग में लाया जाएगा। ऐसे में वीवीआईपी मूवमेंट होने की स्थिति में भी सामान्य रामभक्तों को कोई असुविधा नहीं होने पाएगी। उनका दर्शन-पूजन सुचारु ढंग से चलता रहेगा। अफसरों व ट्रस्ट की बैठक में सीएम ने कहा कि जन्मभूमि पथ पर पैदल चलने के लिए कारपेट बिछाया जाए। बुजुर्गों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था हो। जगह-जगह पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित हो कि भक्तों को बहुत दूर से रामलला के दर्शन न करने पड़ें। सभी को जितना हो सके, उतना करीब से दर्शन कराया जाए। कॉरिडोर के सभी पथों पर अनधिकृत वाहन न खड़ा होने पाएं। नो व्हीकल जोन बनाए जाएं। कहीं पर भी अतिक्रमण की गुंजाइश न रहे। योगी ने रामजन्मभूमि परिसर के साथ दर्शन व निकासी मार्ग का निरीक्षण किया।

मंदिर के गर्भगृह के सामने गूढ़ मंडप का भी जायजा लिया। इन सभी जगहों पर प्रभावी की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इसके पहले हनुमानगढ़ी में मत्था टेकने के बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन किए।

हनुमानगढ़ी में महंत बलराम दास, राजू दास, हेमंत दास व अन्य संतों ने स्वागत किया। राम मंदिर में मुख्य पुजारी सतेंद्र दास, ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, न्यासी डॉ. अनिल मिश्र व मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने अगवानी की। बैठक में कमिश्नर गौरव दयाल ने दर्शनार्थियों के सुलभ दर्शन के लिए अब तक प्रभावी किए गए प्रबंधों का ब्योरा पेश किया। बैठक व निरीक्षण में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह, एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय, विधायक वेद प्रकाश गुप्त व मेयर गिरीश पति त्रिपाठी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री योगी ने किया रुद्राभिषेक



अवधनामा संवाददाता

- देवाधिदेव से की लोकमंगल की प्रार्थना
- वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन के साथ पूर्ण हुआ अनुष्ठान

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह रुद्राभिषेक एवं अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं जगत के कल्याण की प्रार्थना की। ऐसी मान्यता है कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रुद्राभिषेक करने से भगवान शिवशंकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। सोमवार सुबह रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गौशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा।

सीएम योगी की जानी पहचानी आवाज सुनते ही गोवंश दौड़ते-मचलते उनके पास आ गए। सीएम योगी ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और अत्यंत सर्दी के इस मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

### उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने की तैयारी

**देहरादून।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को पारित करने के लिए 5 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा बुलाई जाएगी। इस बात की चर्चा तब से तेज हुई जब उत्तराखंड के मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को कहा कि अगर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति समय पर प्रस्तुत कर देती है तो राज्य विधानसभा के आगामी सत्र में इसपर चर्चा हो सकती है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य द्वारा गठित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) समिति 2 फरवरी को अपनी अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। धामी ने कहा कि हमारी सरकार आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण और सिद्धांतों तथा पूर्वांचल की देवतुल्य जनता के संकल्प और सिद्धांतों के अनुरूप प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है।


सभी देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सत्येंद्र श्रीवास्तव
भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, गोण्डा



**त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, रामकोला (पी.), कुशीनगर**

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर चीनी मिल के सुरक्षित एवं अभ्यर्पित क्षेत्र के सभी किसान भाईयों को त्रिवेणी परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें।


**अपील**

किसान भाईयो, बसन्तकालीन गन्ना बुआई का उपयुक्त समय आ गया है। ऊँची जमीन के लिये Co.0118 और Co.15023 प्रजाति का बुआई हेतु चयन करें, कम निचली भूमि के लिये Colk.14201 तथा अधिक निचली भूमि के हेतु COP.9301 का चयन करें। अधिक उत्पादन लेने हेतु ट्रेन्च अथवा वाईडर विधि से गन्ने की बुआई करें। आपके मिल परिक्षेत्र में उपरोक्त प्रजातियों का स्वस्थ पौधशाला प्रगतिशील किसान भाईयों के यहां लगा है। बीज की आवश्यकता हेतु अपने ब्लाक प्रभारी अथवा सर्किल सुपरवाईजर से सम्पर्क करें। विगत वर्षों में हमने गन्ने में लाल सड़न रोग का भयावह रूप देखा है, इस बीमारी के स्पोर आज भी हमारी मिट्टी में उपस्थित है। अतः भूमि शोधन ट्राईकोडर्मा द्वारा तथा बीज शोधन हैक्साटाप द्वारा किया जाना नितान्त आवश्यक है। आपकी मिल इन दवाओं पर भरपुर छूट दे रही है।

किसान भाई, अपनी मेहनत की कमाई को, औने-पौन दामों पर बिचौलियों अथवा कोल्हू-क्रेशर पर ना बेचे। अपना गन्ना मिल में सप्लाई कर अपना बेसिक कोटा बढायें, साफ सुथरा, ताजा जड़पत्ति, अगौला रहित ही गन्ना आपूर्ति करें।

यश राज सिंह
प्रधान प्रबन्धक





सभी देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. संगम मिश्रा
चेयरमैन
सेंट्रल अकादमी ग्रुप्स ऑफ़ स्कूल्स, भारत
वरिष्ठ बीजेपी नेता, इलाहाबाद लोकसभा प्रयागराज


### 10 लाख रोजगार का वादा पूरा करेगी नई एनडीए सरकार

**पटना।** बिहार के नए डिप्टी सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जनता दल यूनाईटेड को समर्थन देकर फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड की तरफ से हमलोगों को सरकार बनाने का प्रस्ताव आया था कि भारतीय जनता पार्टी उनके सरकार बनाने में समर्थन करें। उनके दूत संजय झा हमारे पास आए थे। इसके बाद हम लोगों ने उनका समर्थन देने का काम किया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि जो स्थिति बन रही थी, उससे बिहार में लोकतंत्र शर्मसार हो रहा था। जनता दल यूनाईटेड को तोड़ने का काम किया जा रहा था। जनता दल यूनाईटेड के सरकार में रहकर लोग कह रहे थे कि 2024 में पार्टी खत्म हो जाएगी। उन सारी स्थितियों को आपने देखा। बिहार के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 1996 में समता पार्टी के साथ गठबंधन करने का काम किया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे पर लगाई रोक

- श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह का मामला
- हिंदू पक्ष दाखिल करे लिखित जवाब



**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट कमीशन पर स्टे आदेश को अप्रैल तक बढ़ा दिया है। हिंदू पक्ष को कहा है कि सभी पक्षकार अपने जवाब दाखिल करें।

वहीं, मुस्लिम पक्ष की वादों की सुनवाई को कोर्ट तय करने संबंधी एसएलपी पर भी अगली तिथि पर सुनवाई करने को कहा। शाम तक अगली सुनवाई की तिथि सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने दोपहर एक बजे करीब इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से एडवोकेट कमीशन पर लिखित जवाब मांगा। जवाब दाखिल न होने पर कोर्ट ने कहा कि अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी। तब तक शाही ईदगाह के एडवोकेट कमीशन के सर्वे के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक जारी रहेगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि हाईकोर्ट में दाखिल वादों की सुनवाई जारी रहेगी। उनकी सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। सिर्फ एडवोकेट कमीशन के आदेश पर स्टे अप्रैल में होने वाली अगली सुनवाई तक जारी रहेगा। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि एडवोकेट कमीशन की नियुक्ति के लिए आवेदन बहुत अस्पष्ट है। आदेश को अगली तारीख तक लागू न करें। हिंदू पक्ष अपने आवेदन की प्रार्थना को देखे, वाद में दिए गए कथन के आलोक में एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की प्रार्थना बहुत अस्पष्ट है।

# खीरी में गूंजी सद्भाव की शहनाई, एक ही मंडप पर शादी और कुबूल हुआ निकाह

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को जीआईसी ग्राउंड में आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1085 जोड़ों ने एक दूसरे जीवन भर के लिए हाथ थाम लिया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, विधायक योगेश वर्मा, विनोद अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, जीतेंद्र त्रिपाठी जीतू, अंबरीश सिंह, अन्य जनप्रतिनिधियों संग दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार जिले में खुशियों की शहनाई गूंजी। शहर में जीआईसी ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में



1085 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें 1006 हिंदू तथा 79 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ व मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह संपन्न कराया। केंद्रीय गृहराज्यमंत्री की अगुवाई में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अफसरो ने सभी वर-वधू से को उपहार-शगुन किट व आशीर्वाद दिया। जोड़ों के पास पहुंचकर आत्मीय संवाद करते हुए उनका परिचय पूछा, बातचीत कर नए दांपत्य जीवन की शुरूआत के लिए शुभकामना दी। नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र के अलावा सरकार की और से दिये जाने वाला जरूरी सामान भी दिया।

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब-** शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। एक ही प्रांगण में हिंदू और मुस्लिम धर्म के 1038 जोड़े एक साथ विवाह के बंधन में बंध गए। एक ओर जहां ब्राह्मण मंत्रोच्चार कर हिंदू जोड़ों का विवाह करा रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर मौलाना निकाह पढ़ मुस्लिम जोड़ों का निकाह करा रहे थे।

**विदाई में छलके आंसू-** सामूहिक विवाह के बाद जब विदाई की बेला आई तो परिजनों की आंखे छलक उठी। दुल्हन की रोती आंखे माता पिता से दूर जाने का दर्द बयां कर रही थी तो दूसरी ओर नया संसार बसाने के लिए माता पिता उन्हें आशीष भी दे रहे थे। विदाई के दौरान मंडप से सड़क तक खुशियों के आंसू छलकते रहे। **जीवन भर साथ निभाने का संकल्प-** वर-वधुओं को मंडप बेदी में आचार्य द्वारा सात फेरे कराने के साथ ही सात वचन भी दिलाए गए और हर वचन का अर्थ व्यवहारिक तौर पर समझाया गया। वर-वधु ने भी एक दूसरे का जीवन भर साथ निभाने और एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखने का वचन दिया। तीर्थ, व्रत में वाम भाग में स्थान देने, माता पिता का सम्मान, युवा, प्रौढ और वृद्धा अवस्था में साथ निभाने जैसे वचन एक दूसरे ने किए।

### परिणय सूत्र बंधन में बंधने वाले शादी के जोड़े एक नजर

| | |
|---|---|
| कुल जोड़े | 1085 |
| नगरीय क्षेत्र | 16 |
| ग्रामीण क्षेत्र | 1077 |
| सामान्यः | 16 |
| अल्पसंख्यक | 79 |
| ओबीसी | 248 |
| एससी | 707 |
| एसटी | 35 |

## गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही सीएम सामूहिक विवाह योजनाः टेनी

केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है, लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है, जहां मंत्री, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और जिले के आला अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सीएम सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह योजना लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही है। दांपत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना के लिए 35 हजार की धनराशि कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है।

# तारीखें गवाह हैं व लिक्खेगी इतिहास चिरैया का विमोचन सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** श्याम किशोर बेचैन की पुस्तक तारीखें गवाह हैं और भीखमपुर गोला गोकर्णनाथ की कवयित्री नीरजा विष्णु नीरू की पुस्तक लिक्खेगी इतिहास चिरैया का विमोचन लखनऊ के प्रख्यात साहित्यकार संजीव जायसवाल संजय नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.इरा श्रीवास्तव, व डॉ.मनीष चंद्रा ने श्री कृष्णा मैरिज हाल में किया।

मुख्य अतिथि के रूप में संजीव जायसवाल ने कहा बेचैन जी का काव्य संग्रह शोधार्थियों विद्यार्थियों के बहुत महत्वपूर्ण कृति है। नीरू की रचनाएँ महिला विमर्श पर एक महनीय पहल है। विशिष्ट अतिथि डॉ.इरा श्रीवास्तव ने कहा साहित्य की पठनीयता का लोप हो रहा है, साहित्य की पठनीयता ही से स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। विशिष्ट अतिथि जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीष चंद्रा ने



कहा बेचैन की पुस्तक भविष्य निर्माण में लगे बच्चों के लिए बहुपयोगी है। नीरू व बेचैन ने अपनी पुस्तकों पर रोशनी डालते हुए काव्य पाठ किया। परिवर्तन फाउंडेशन ने सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम का संयोजन चंदन लाल वाल्मीकि जी व राम बाबू ने किया। समारोह का संचालन लघुकथाकार व्यंग्यकार सुरेश सौरभ ने किया। रमाकांत चौधरी, विकास सहाय, नीरजा विष्णु नीरू समीउल्ला शमी, लक्ष्मी पांडे, विनोद शर्मा सागर डॉ. मृदुला शुक्ला बेबी कृति ने काव्य पाठ किया। इन्हें मुख्य अतिथि एक विशिष्ट अतिथि ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सूर्य लता जायसवाल, गुलाब चंद, नीरज श्रीवास्तव, राजकिशोर गौतम, अनीस अहमद, महेश जायसवाल, सुनीता, मानसी भारती रूपांसी, संन्धा, रीतू, सुधीर कुमार, वेदप्रकाश, आदि तमाम लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। आर्य कन्या डिग्री कालेज प्राध्यापिका जसविंदर कौर, शिवांगी सक्सेना को साहित्यिक सेवाओं के लिए मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

# मात्र चार घंटे में तीन माह की बच्ची के अपहरण का खुलासा

## घटना में शामिल दो अभियुक्त गिरफ्तार, बच्ची सकुशल बरामद

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने मात्र 04 घण्टे में 03 माह की बच्ची के अपहरण की घटना का खुलासा कर 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर बच्ची को सकुशल बरामद किया है। पुलिस लाईन के सभागार पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि थाना बेहट पुलिस ने मात्र 04 घण्टे में 03 माह की बच्ची के अपहरण की घटना का खुलासा कर सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर बच्ची को सकुशल बरामद किया गया।

एसपी देहात ने बताया कि थाना बेहट के प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व पूछताछ के बाद अभियुक्तो के बारे मे सही जानकारी प्राप्त कर अभियुक्त बक्कार अहमद पुत्र एजाज अहमद व मुस्कान पत्नी बक्कार अहमद को मय अपहृत बच्ची सनाया उम्र करीब 03 माह के सहित मौहल्ला हबीबगढ थाना क्षेत्र मण्डी जनपद से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हमारे कोई लड़की नही है। इसी वजह से हम दोनो पति पत्नी ने महक की बच्ची को चोरी करने का षडयंत्र रचा। इसी कारण हम दोनो ने योजना बनाकर गलत नाम पते से महक से जान पहचान बढायी और हम सनाया को उसके घर से चोरी करके ले गये। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि विवेचना में यह तथ्य



प्रकाश में आये कि अभियुक्त बक्कार अहमद व उसकी पत्नी मुस्कान कुछ समय पूर्व रास्ते मे वादिया महक से मुलाकात हुई थी। जिसके बाद अभियुक्त वादिया के सम्पर्क मे आये और उससे अपना गलत नाम बताकर वादिया से जान-पहचान बढाना शुरु कर दिया तथा उसके के घर पर आने जाने लगे। जिस कारण अभियुक्तो ने वादिया पर अपना विश्वास जमा लिया। जिसके चलते 28 जनवरी को पूर्व योजना के आधार पर अभियुक्त वादिया के घर पर आये, जिसके बाद बातो मे लगाकर अभियुक्ता मुस्कान वादिया व उसकी बच्ची बाजार कपडे दिलाने के बहाने ले गयी तथा वादिया को धोखे में रखकर उसकी बच्ची को लेकर अपने पति बक्कार के साथ वहा से फरार हो गयी।

# रेलवे रोड चौकी इंचार्ज के खिलाफ व्यापारियों का फूटा गुस्सा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** रेलवे रोड चौकी इंचार्ज के अभद्र व्यवहार एवं गलत कार्यशैली के विरोध में आज व्यापारी प्रतिनिधि एसपी सिटी से मिले और चौकी इंचार्ज के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की।

सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े आवास विकास के व्यापारी प्रतिनिधि आज महानगर अध्यक्ष राजकुमार मक्कड़ एवं महामंत्री रवि जुनेजा के नेतृत्व में एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक से मिले और बताया कि रेलवे रोड चौकी इंचार्ज द्वारा व्यापारी के ड्राइवर से मारपीट एवं गाड़ी के सभी प्रपत्र मान्य होने के बावजूद 8000 रुपए का चालान काटा गया। यही नहीं गाड़ी का लाइसेंस एवं इंश्योरेंस होने के बावजूद चालान काट दिया गया। व्यापारियों ने सभी प्रपत्र एसपी सिटी अभियमन्यु को उपलब्ध कराई। एसपी सिटी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए चौकी इंचार्ज के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में व्यापार मंडल से वरिष्ठ भाजपा नेता अमित गर्ग, क्षेत्रीय पार्षद दिग्विजय चौहान, मुकेश गक्खड़, उपाध्यक्ष आशु सेठी, मंडल अध्यक्ष मनीष सचदेवा, रविंद्र शर्मा, अनमोल मल्होत्रा, शिवम गुप्ता, प्रेम गुप्ता, यतेंद्र बिंदल, नवीन हरित, पुनीत सचदेवा, सुभाष सैनी, समीर चौधरी, रिंकू बजाज आदि शामिल रहे।

## श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से किया गया सम्मानित



**मोहम्मदी-खीरी अवधनामा संवाददाता।** नगर के पीडी भारतीय इण्टर कालेज के प्रवक्ता को जिले के 10 श्रेष्ठ शिक्षको में चुने जाने के लिये सम्मिलित किए जाने व श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। पीडी भारतीय इण्टर कालेज के अंग्रेजी प्रवक्ता विनोद कुमार श्रीवास्तव को जिला विद्यालय निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा टाप 10 शिक्षकों के चयन मे सम्मिलित कर जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर के साथ संयुक्त रूप से श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान द्वारा सम्मानित किये जाने पर लोगों ने हर्ष जताया है। शिक्षा से जुड़े लोगो ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस उपलव्धि पर विद्यालय प्रबन्धक जगदीश चन्द्र गुप्ता और प्रधानाचार्य श्याम नारायन वर्मा सहित सभी शिक्षकों ने उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे सम्मानित किया है। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को सौंपा राष्ट्रपति जी को सम्बोधित ज्ञापन




**मोहम्मदी-खीरी अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति जी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को सौंपा गया। जिसमे ईवीएम बैन कर बैलेट पेपर से मतदान कराए जाने की मांग की। डॉ अम्बेडकर पार्क से चल कर एसडीएम कार्यालय तक ''ईवीएम हटाओ देश बचाओ लोकतंत्र को मजबूत बनाओ'' एवं ''जय भीम'' के नारे लगाते हुए एसडीएम मोहम्मदी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तहसील अध्यक्ष उदयवीर आज़ाद, संजीव कुमार, शीलप्रिय गौतम, अमर कुमार, नरवीर बौद्ध, रामासरे मित्रा, राकेश कुमार, शिशुपाल, राजाराम गौतम, राजेश कुमार, सूरज कुमार, सन्तोष कुमार, मुन्नालाल, अनूप कुमार, वीरू गौतम, विकास कुमार, कमल किशोर, प्रताप सिंह, अनिल कुमार, ब्रजकिशोर, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, मनोहर लाल, इंद्रजीत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## नौकरी के लिए युवक से नौ लाख रूपये ठगे

**मोहम्मदी-खीरी अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में युवक को विदेश में नौकरी के लिए भेजने के नाम पर नौ लाख रूपये लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर देने के मामले में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर ठगी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा दोनो आरोपियों के विरूद्ध कूट रचित दस्तावेज तैयार कर ठगी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चले कि रेहरिया चौकी क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर निवासी बलजिन्दर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पुत्र सुरेन्द्र कुमार सिंह को गांव के ही रंजीत सिंह ने अपने मामा के पुत्र जोधवीर सिंह निवासी मोहम्मदपुर सहजनिया थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर के साथ मिलकर न्यूजीलैण्ड में नौकरी दिलाने के लिए व वहां भेजने के लिये नौ लाख रूपया लेकर बीजा और टिकट लाकर दिए। बलजिन्दर अपने पुत्र को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर गया जहां जांच के दौरान सभी प्रपत्र फर्जी होने पर वह आवाक रह गया तब पीड़ित ने पूरा वाक्या मोबाइल से रंजीत को बताया जिस पर रंजीत ने फोन बन्द कर लिया। वापस लौटकर दो अगस्त 2023 को दी हुई रकम को लौटाने के लिये कहा जिस पर उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित कार्यवाही के लिये दर-दर भटकता रहा। रविवार को निरीक्षक चन्द्र शेखर ने पीड़ित की जांच कराकर मामला सही पाए जाने पर दोनो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## गैंगस्टर अधिनियम के दोषी को कारावास

**सहारनपुर।** गैंगस्टर अधिनियम में दोषी पाये जाने पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने अभियुक्त को 03 वर्ष का कठोर कारावास व 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। गौरतलब रहे कि 20 मार्च 2021 को थाना फ्तेहपुर के थानाध्यक्ष संजीव त्यागी इसरान पुत्र इकराम निवासी सलेमपुर थाना सरसावा व नौशाद पुत्र असलम निवासी सडक कातला थाना चिलकाना, अकित पुत्र इन्द्रपाल निवासी रज्जापुर थाना फ्तेहपुर द्वारा संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु अपराध कारित करने की सूचना गैंगस्टर अधिनियम थाना फ्तेहपुर पर पंजीकृत कराया गया।

उपरोक्त अभियोग न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-4 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में ऑपरेशन कन्वीक्शन में चिन्हित मॉनीटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीष कक्ष संख्या-5 ने आज अभियुक्त इसरान पुत्र इकराम को धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम में दोषी पाते हुए 03 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# बकाया जमा न करने पर मोबाइल टावर किया सील



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर निगम ने बकाया टैक्स वसूली के लिए बकायादारों पर सख्ती बरकरार रखते एक मोबाइल टावर सील कर दिया है तथा अनेक भवनों पर नोटिस चस्पा किये गए हैं। तीन दिन के भीतर बकाया जमा न करने पर कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर निगम के राजस्व विभाग ने बकायादारों पर सख्ती बरतते हुए जोन दो के अनेक भवनों पर बकाया वसूली के नोटिस चस्पा किये है। इसी कड़ी में मौहल्ला सलामत राय में भवन संख्या 9/884 पर लगे एक मोबाइल टावर से दो लाख 70 हजार 700 रुपये की वसूली के लिए कुर्की नोटिस जारी किया गया था। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि भवन स्वामी अशोक कुमार द्वारा उक्त बकाया जमा न करने के पर निगम की राजस्व टीम द्वारा टावर को सील कर दिया गया है। कर अधीक्षक ने बताया कि जोन दो में भी अनेक बकायादारों के भवनों पर बकाया वसूली के लिए नोटिस चस्पा किये गए है। जमा न करने पर अगले तीन दिनों में सीलिंग व कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षण जयविन्द्र कुमार व लोकेश कुमार तथा प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।

# एसडीएम और सीओ के आश्वासन पर वकीलों का क्रमिक अनशन समाप्त

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** बीते दिनों साथी अधिवक्ता के साथ शिवगढ़ थाना अध्यक्ष द्वारा अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर अधिवक्ता कई दिनों तक सांकेतिक हड़ताल पर रहे मामले को प्रशासन द्वारा संज्ञान न लिए जाने पर सोमवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में ही क्रमिक अनशन शुरू कर दिया अनशन शुरू होते ही हरकत में आए अधिकारियों ने तत्काल सीओ और एसडीएम ने पीड़ित अधिवक्ता को न्याय का आश्वासन देते हुए अनशन समाप्त करवाया। आपको बताते चलें कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे बैसन मजरे गढ़ी गांव निवासी अधिवक्ता द्वारा अपने कब्जे की भूमि में खड़े बबूल के पेड़ो को विपक्षी द्वारा चोरी से बेंच लेने की शिकायत करने स्थानीय थाना हाजा पर पहुंचे तो वहां पर थानेदार द्वारा अधिवक्ता के साथ अभद्रत व्यवहार करके भगा दिया गया



था जिसको लेकर तहसील के अधिवक्ता कई दिनों से सांकेतिक हड़ताल पर रहकर थाना अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। किंतु उच्चधिकारियों द्वारा संज्ञान न लेने पर आज सोमवार को अधिवक्ता अनशन पर बैठ गए। तब जाकर एसडीएम और सीओ ने पीड़ित अधिवक्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित अधिवक्ता रमेश कुमार ने बताया कि जिन विपक्षियों ने चोरी से हमारी लकड़ी को काटा है उसे लकड़ी को प्रशासन वापस कराएगा और विपक्षियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगा इस कार्यवाही से हम पूरी तरह से संतुष्ट हैं। संघ के अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने बताया कि एसडीएम और सीओ एवं महाराजगंज कोतवाल बालेंद्र गौतम समक्ष वार्ता हुई है पीड़ित अधिवक्ता के विपक्षियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाएगी व चोरी से काटी गई लकड़ी पीड़ित अधिवक्ता को वापस दिलाई जाएगी जिसके चलते हम सभी अधिवक्ता अपनी हड़ताल को वापस लेते हैं अब हम लोग न्यायिक काम काज शुरू करेंगे इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री ज्योति प्रकाश अवस्थी सर्वेश कुमार अवस्थी सुनील द्विवेदी मनीष तिवारी सत्य प्रकाश मिश्रा राधेश्याम व तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव सहित नागेंद्र सिंह सहित तहसील के अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सिल्वर सिटी एकेडमी के हॉस्टल में पंखे के कुंडे से लटकता मिला छात्र का शव

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव कोटवारा स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी के हॉस्टल में पांचवी कक्षा के छात्र का शव पंखे के कुंडे से लटकता मिला। सोमवार की सुबह स्कूल प्रबंधन की सूचना पर मौके पर पहुंचे छात्र के परिजनों ने स्कूल से जुड़े तीन लोगों पर पुत्र की गला घोंटकर हत्या के बाद शव को मफलर से लटकाने का आरोप लगाया। शाम को परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य, चौकीदार व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जानकारी के मुताबिक थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी मनोज कुमार के दो बेटे 13 वर्षीय गौरव राज कक्षा पांच और 11 वर्षीय सुमित कुमार कक्षा चार में पढ़ाई करते थे। सोमवार की सुबह परिजनों को स्कूल प्रबंधन ने सूचना दी कि उनके बड़े पुत्र 13 वर्षीय गौरव राज ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर परिजन आनन फानन घटनास्थल के लिए दौड़े। स्कूल के हॉस्टल में बेटे के शव को देखकर उनका हाल बेहाल हो गया उन्होंने स्कूल प्रबंधन से जुड़े तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों ने कहा कि विद्यालय प्रबंधक हरमोहन सिंह खुराना, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह व रात्रि ड्यूटी पर तैनात चौकीदार सुरवीर ने एक साथ मिलकर उनके बेटे गौरव राज को गला दबाकर मार डाला और उसके बाद शव को मफलर के सहारे पंखे के कुंडे से लटका दिया। मामले में स्कूल प्रबंधक हरमोहन सिंह खुराना व प्रधानाचार्य सर्वजीत का कहना है कि रविवार की रात बच्चे टीवी देखने के बाद खा-पीकर अपने कमरे में सो गए थे। रविवार सुबह गौरव का शव पंखे के कुंडे से मफलर के सहारे लटकता मिला। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। उधर, परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

## विधिक जागरुकता शिविर संपन्न



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक सेवा गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु तहसील सलोन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ममुनी, जिला रायबरेली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त शिविर में उमाशंकर कहार, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों को आमजन मानस के विधिक अधिकार, स्थायी लोक अदालत के कार्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक विधिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अंकुर यादव के द्वारा सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। उक्त विधिक जागरुकता शिविर में देवेश शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि, शैलेंद्र गुप्ता लेखपाल, विजय शंकर यादव सब इंस्पेक्टर, चंद्रकेश यादव पंचायत सेक्रेटरी, डॉ रमेश कछवाह प्रधानाचार्य पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति, नीरज कुमारी व रितुल कुमार वैश्य उपस्थित रहे। मंच संचालन पराविधिक स्वयंसेवक अजय कुमार बाजपेई के द्वारा किया गया।

## भिन्न-भिन्न स्थानों से दो नफर वारण्टी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों से 02 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

## खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** प्रांतीय आवाहन पर महाराजगंज ब्लॉक में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर तीस जनवरी को इको गार्डन लखनऊ से मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च करने का फैसला लिया है, जिसको लेकर आज सोमवार को सभी रोजगार सेवकों ने एकत्रित होकर सामूहिक रूप से एक ज्ञापन देकर खंड विकास अधिकारी महाराजगंज को पूरे मामले से अवगत कराया गया है बता दें कि ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा आठ सूत्रीय मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों एवं मनरेगा कर्मियों के संबंध में की गई घोषणाओं पर शासन आदेश निर्गत किए जाएं जिसमें जॉब चार्ट में अन्य कार्य जोड़ना रोजगार सेवकों की सेवा समाप्ति से पूर्व उपयुक्त मनरेगा की सहमति एच आर पॉलिसी लागू कराना हिमाचल प्रदेश राजस्थान मध्य प्रदेश की तरह मानदेय बढ़ोतरी की जाय ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50त्न का कोटा ग्राम रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित किया जाए कोविड के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवा में समायोजित किया जाए जैसी अन्य मांगे शामिल हैं, रोजगार सेवक सतेंद्र त्रिपाठी अविनाश मिश्रा, मोहिनी वर्मा, रामदेव देश राज रावत, सुरेश कुमार सहित आदि ने बताया कि प्रांतीय आवाहन पर रोजगार सेवकों के हित में मांगे पूरी ना होने पर तीस जनवरी को इको गार्डन लखनऊ से मुख्यमंत्री आवास तक कूच किए जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है, उसी की सूचना खंड विकास अधिकारी महराजगंज को लिखित रूप से दी गई है।

अवधनामा



# डीजे की धुन पर थिरकती नजर आई राम भक्त शबनम शेख

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मुस्लिम सनातनी युवती शबनम शेख अयोध्या राम लला के दर्शन के लिए अपने तीन साथियों के साथ हा॥ 330 ए अयोध्या रायबरेली रोड स्थित मिल्कीपुर बाजार पैदल पहुंची। जहां प्रधान अनुराग सिंह की अगवाई में सैकड़ो राम भक्तों ने फूलमालाओं एवं गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत अभिनंदन किया। डीजे पर बज रहे जय श्री राम के गाने पर शबनम शेख अपने दोस्तों के साथ थिरकती भी नजर आई। मुंबई की सनातनी मुस्लिम युवती शबनम शेख ने बताया कि महाराष्ट्र से ज्यादा भव्य स्वागत मुझे मध्य प्रदेश और मध्य प्रदेश से ज्यादा स्वागत मुझे अयोध्या जिले के मिल्कीपुर बाजार में देखने को मिला। मेरे इंतजार में पहले से यहां राम भक्त गाजे बाजे व फूल मालाओं के साथ स्वागत के लिए खड़े थे। मुझे ऐसा लग रहा था कि हम अपने मोहल्ले में ही मौजूद हैं। थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के अहिरौली सलोनी गांव में उन्होंने रात्रि विश्राम किया था। सुबह भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने शबनम शेख के हाथों से सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल वितरित कराया। कबंल वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि आप लोगों का सौभाग्य है, कि आप उस नगरी में जन्म लिए हैं, जहां पर स्वयं प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया हो। हम बहुत छोटे थे तब से ही प्रभु श्री राम के बारे में सुनती थी, और आज सौभाग्य की बात है कि हम मुंबई से पैदल ही राम लाल के दर्शन करने जा रही हूं। 21 दिसंबर को जब मैं मुंबई अपने घर से निकली तब से रास्ते में कई चुनौतियां हमारे सामने आई लेकिन मैंने सभी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपनी पैदल यात्रा जारी रखी। ऐसा लगता है की बजरंग बली हनुमान और प्रभु श्री राम हमारे साथ-साथ चल रहे हैं।मुंबई से अयोध्या धाम के लिए 1580 किलोमीटर की यात्रा लगभग लगभग मैंने पूरी कर ली है।अब करीब 30 किलोमीटर ही यात्रा करने को बचा है भगवान चाहेंगे तो आज का विश्राम अयोध्या धाम में ही होगा और सुबह भगवान राम लला के दर्शन होंगे।इस मौके पर सुशील मिश्रा,गोरखनाथ बाबा,विपिन कुमार रामदीन शैलेंद्र, रंजीत कौशल, दयाराम, दीनानाथ,तारावती, प्रेमा,नेहा, सहित बड़ी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत में सरकारी धन की मची लूट,शिकायत पुलिस सहित अन्य से

**रूदौली -अयोध्या।** रूदौली ब्लाक के गांवों में ग्राम प्रधान व सचिवों की मिली भगत से सरकारी धन की बंदर बांट हो रही है। प्रधान द्वारा काम न करने वालों को भी मजदूर बनाकर कर उनके खाते पर भुगतान कर दिया गया ।

# सीएम योगी पहुंचे रामनगरी दर्शनार्थियों से की बातचीत, लिया फीडबैक

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** सोमवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन पूजन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन किये। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यहां पर श्रद्धालुओं के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएम योगी गोरखपुर में अपने गुरुओं को शीश नवाकर दोपहर में अयोध्या पहुंचे। सीएम योगी ने दर्शनार्थियों से की बातचीत, लिया फीडबैक रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। जनवरी माह में सीएम योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। सोमवार को मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में ना केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सीएम योगी ने इस दौरान दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया। रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में भी प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

## जिलाध्यक्ष पंकज सेठ के नेतृत्व में सैकड़ो कर्मचारियों ने की अधिवेशन में सहभागिता

**अयोध्या।** विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन का 44वां वार्षिक अधिवेशन आज गन्ना संस्थान डालीबाग लखनऊ में संगठन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अवस्थी %बब्बू% के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक रही। अधिवेशन में अयोध्या के जिलाध्यक्ष पंकज सेठ के नेतृत्व में सैकड़ो कर्मचारियों ने भाग लिया। अधिवेशन में भाग लेकर लौटे अयोध्या जोन के अध्यक्ष पंकज सेठ ने मीडिया को बताया कि उक्त अधिवेशन में संगठन की तरफ से विद्युत कर्मचारियों की समस्या से जुड़ा 26 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य अतिथि महोदया को सौंपा गया। जिसको मिलने के बाद उन्होंने उसे शीघ्र लागू कराने का आश्वासन संगठन को दिया है।

# एकता बनीं एकेवीएस महिला विंग की अध्यक्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या विकास संस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने नगर के धारा रोड़ निवासी एकता भटनागर को संगठन की महिला विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने उम्मीद कहा कि एकता के मनोनयन से जिले में संगठन मजबूत होगा। संगठन के उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सकारात्मकता से नित नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। संगठन के पधाधिकारीयो ने सोमवार उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर मोना श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव,महामंत्री अनिल श्रीवास्तव राजू, प्रतीक श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, निर्मल श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, दीपक जौहरी, शिखर श्रीवास्तव, समेत बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

## सचलदल की तलाशी में एक छात्रा नकल करते धरी गई

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में 76 हजार 362 परीक्षार्थी शामिल रहे। वहीं 1935 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के सचलदल द्वारा प्रथम पाली में ढोड़े राम पीजी कालेज, सेवरा अयोध्या में एक छात्रा अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ी गई।

# कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में सोहावल व बॉलीबॉल में अमानीगंज की टीम ने मारी बाज़ी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** युवा कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में संचालित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण मिनी स्टेडियम बैसिंह पूराबाजार अयोध्या में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी अरविन्द कुमार बाजपेयी ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता विधायक सदर एवं विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू जिला उपाध्यक्ष भाजपा रहे। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बॉलीबाल कब्बडी कुश्ती एवं ऐथलेटिक्स( बालक एवं बालिका वर्ग में सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर स्तर पर) की विधाओं में विकास खण्ड स्तर पर आयोजित खेलों में विजेता बच्चों



ने प्रतिभाग किया। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में मसौधा की टीम ने कबड्डी जूनियर में सोहावल की टीम ने व कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में सोहावल एवं बॉलीबॉल बालक वर्ग सीनियर में अमानीगंज की टीम ने बाज़ी मारी। साथ ही ऐथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं में दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक का आयोजन किया गया। 100 मी दौड़ सीनियर वर्ग में राहुल निषाद एवं अवंतिका यादव, 200 मी शुभम यादव अवंतिका 800 मी आयुष और नीलाक्षी लांग जम्प एवं गोला फेंक में सेजल नीलाक्षी साक्षी अंशुल अंश एवं श्री चंद्र ने अलग-अलग वर्गों में बाज़ी मारी। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। साथ ही उनके जोश और खेल के प्रति समर्पण भावना की प्रसंशा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी मयंक पटेल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोहर उपाध्याय, राहुल पाठक,अमन वर्मा एवं व्यायाम प्रशिक्षिका अनीता श्रीवास्तव, उमानाथ शुक्ला प्रधानाचार्य एवं प्रांतीय रक्षक दल के जवान महेंद्र, अमरेंद्र, राकेश, श्याम सुन्दर, ओमकार, राजेश मौर्या, सीमा एवं भाग्यवती सहायतार्थ उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश,कार सवार चार तस्करों को गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का एसटीएफ लखनऊ की टीम ने किया पर्दाफाश । पूराकलंदर थाना क्षेत्र के इटौरा चौराहे के पास दर्शननगर मोड़ से कार सवार चार तस्करों को गिरफ्तार कर थाने में सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तस्करों से बरामद 16. 5 किलो चरस की कीमत 83 लाख बताई है।लखनऊ एसटीएसफ के अपर पुलिस अधीक्षक सत्यसेन यादव की टीम को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी मिली थी। जानकारी के बाद सुरागरसी के बाद उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह की टीम ने इटौरा चौराहे के पास रविवार की रात एक कार यूपी 78 एचएल 5333 को रोककर तलाशी ली तो कार से 16. 5 किलो चरस बरामद हुआ। इसके बाद एसटीएफ ने कार सवार कानपुर नगर के देहली सुजानपुर निवासी विमल राजपूत व न्यू आजाद नगर निवासी आशीष यादव तथा कानपुर देहात के थाना मंगलपुर स्थित बलरामपुर कन्चौसी नगर पंचायत निवासी जितेन्द्र सिंह व क्रीत खेडा तहसील अकबरपुर निवासी योगेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन्होंने बताया कि यह लोग नेपाल से चरस की खेप लेकर कानपुर जा रहे थे। बरामद कार आशीष यादव के नाम पर पंजीकृत है और खेप कानपुर निवासी मनोज तिवारी के कहने पर ले जाई जा रही थी।इनके पास से 4500 रूपये, 4 पैन कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, 3 मोबाइल फोन व 4 एटीएम कार्ड बरामद किया है तथा सभी के खिलाफ मादक पदार्थ के तस्करी की धारा में पूराकलंदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसटीएफ के उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश का कहना है कि बरामद चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 83 लाख रूपये है। अग्रिम विधिक कार्रवाई थाना पुलिस की ओर से की जा रही है।

# गांव चलो अभियान के माध्यम से पार्टी प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाएगी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी की गांव चलो अभियान कार्यशाला




सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर में आयोजित हुई। कार्यशाला को सांसद लल्लू सिंह, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने सम्बोधित किया। गांव चलो अभियान के माध्यम से पार्टी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाएगी। पार्टी कार्यकर्ता रात्रि प्रवास कर केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं तथा विकसित भारत का विजन लेकर चौपालो लगा कर चर्चा करेंगे।

कार्यशाला में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि जिन संकल्पों को लेकर भाजपा जनता के बीच पहुंची, सारे संकल्पों को डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया है। हमें गांव-गांव तक पहुंचकर घर-घर सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचानी है। विपक्ष के हर विघटनकारी मंसूबे को ध्वस्त भी करना है।

महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के साथ राष्ट्र की सुरक्षा व विश्व में भारत के बढ़ते हुए सम्मान से राष्ट्र का यशोगान लेकर गांव में सम्पर्क व संवाद किया जाएगा। उत्तर प्रदेश लगातार भाजपा को आशीर्वाद दे रहा है, इस बार प्रत्येक बूथ पर विगत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर हमें कार्य करना है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा गांव चलो अभियान में प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर तथा नगरीय क्षेत्रों में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। गांव मे प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क, बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों से संवाद, घर-घर सम्पर्क करते हुए सरकर की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करेंगे।

कार्यशाला में रामतीर्थवर्मा को गांव चलो अभियान का संयोजक बनाया गया है। कार्यशाला में महंत राम कुमार दास, शक्ति सिंह, नगर निगम उपसभापति जयनारायण सिंह रिंकू, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, प्रतीक श्रीवास्तव, राम कुमार सिंह, तिलक राम मौर्या, रवि सोनकर, आलोक द्विवेदी, बालकृष्ण वैश्य, विशाल सिंह बाबा, नंद कुमार सिंह,रणधीर सिंह डब्लू, डा राकेश मणि त्रिपाठी, दिनेश मिश्र, राजेश सिंह, बृजेन्द्र जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव, बृजेन्द्र सिंह सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रक से टकराई निजी बस, एक दर्जन से अधिक लोग मामूली घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** लखनऊ अयोध्या नेशनल हाईवे पर रविवार की देर रात ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से लखनऊ से डुमरियागंज बस्ती जा रही एक प्राइवेट बस ट्रक में जा टकराई। जिससे बस में सवार एक दर्जन से अधिक सवारी मामूली रूप से घायल हो गए। जिसमें एक को जिला अस्पताल भेजा गया। शेष सभी यात्रियों को इलाज के उपरांत दूसरी बस से उनके गंतव्य स्थान को भेज दिया गया। रविवार की रात करीब 11:00 बजे लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर रामसनेही घाट बिजली सब स्टेशन के पास ट्रक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिया गया। पीछे से लखनऊ से डुमरियागंज बस्ती जा रही एक प्राइवेट बस नियंत्रित नहीं हो पाई और ट्रक में पीछे से टकरा गई। बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार एक दर्जन यात्री अंदर ही गिरने से या इधर-

**प्राइवेट बस**

**पीछे से लखनऊ से डुमरियागंज बस्ती जा रही एक प्राइवेट बस ट्रक में जा टकराई।**

उधर टकराने से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने मामूली रूप से घायल 12 लोगों का इलाज करके भेज दिया। वही गंभीर रूप से घायल महास के बस्ती निवासी 24 वर्षीय नीरज को जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया।

घायलों में महास के विशाल (22) वासुदेव (50) प्रतिभा (20), पुष्पा (48), मिश्रौली के बाल कृष्णा चतुर्वेदी 35), रचना चतुर्वेदी (32), वर्तिका चतुर्वेदी (16), हादी खुर्द की सरिता (28), सराय नगर की गुंजा अग्रहरि (26) सिद्धार्थ नगर अंतर्गत नारायणपुर निवासी सुनील दुबे (25) अमेठी पूरे उपाध्याय निवासी विनोद कुमार (28) बाराबंकी के राजू अवस्थी (36) मामूली रूप से घायलो को इलाज के बाद अपने-अपने स्थान के लिए भेज दिया गया।

## पुलिया निर्माण को पहली किश्त जारी

**रामनगर बाराबंकी।** सुंधियामऊ से सूरतगंज जाने वाले मार्ग पर तेलवाय के निकट टूटी पुलिया को बनाने की मंजूरी मिल गई है। यहां अब छह मीटर चौड़ी छत वाली पुलिया का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। जिसके लिए प्रथम किस्त 20.41 लाख जारी कर दिए गए है। कुल लागत 81.64 लाख आएगी। ब्लॉक मुख्यालय से सुंधियामऊ से होकर रामनगर, फतेहपुर बाराबंकी तक जाने वाले मार्ग पर चार माह पहले भारी बरसात से पुलिया टूट गई थी।

## किसान यूनियन जिला प्रभारी पर हमले का प्रयास, दी धमकी

**बाराबंकी।** किसान यूनियन के जिला प्रभारी पर शहर के नाका सतरिख चौराहे पर हमला करने का प्रयास किया गया। भीड़ बढ़ने पर हमलावर धमकी देते हुए भाग गए।

जानकारी के अनुसार आफताब आलम पुत्र ऐनुल कदर निवासी ग्राम शुक्लाई थाना नगर कोतवाली ने बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन अम्बावत गुट का जिला प्रभारी है। उसके मोबाइल फोन पर 27 जनवरी की शाम एक अज्ञात नम्बर से फोन आया और भद्दी गालियाँ देने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। उसका नाम पूंछा तो उसने अपना नाम राजेश यादव पुत्र रघुनन्दन यादव ग्राम छेदा नगर थाना सतरिख बताया और कहा कि तुम नाके पर आ जाओ तो बताते है।

# डीएम एसपी ने संयुक्त रूप से कारागार का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण में कुछ भी आपत्तिजनक वस्तु




नही मिली। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर अस्पताल आदि की सघन चेकिंग की गई। तदोपरांत कैदियों की समस्याओं, सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई। ज़िलाधिकारी द्वारा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा जेल अस्पताल निरीक्षण के दौरान बन्दियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी लेकर साफ-सफाई, आवश्यक उपचार, परीक्षण आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देश दिये गये।

# बीजेपी लोक सभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगज।** सोमवार को महराजगंज जिला पंचायत कार्यालय के बगल मे भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री और बिधायक रुद्रपुर जयप्रकाश निषाद और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने विधिवत पूजन मंत्रोच्चार के बीच केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। पूर्व मंत्री जय प्रकाश निषाद को भाजपा ने पांच लोक सभा क्षेत्र का कलस्टर हेड बनाया है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लोक सभा प्रभारी छट्टे लाल निगम रहे।कार्यक्रम मे जिला प्रभारी रामजियावन मौर्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जय प्रकाश निषाद ने कहा कि देश मे प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के बल पर भारतीय जनता पार्टी इस बार विजयी पताका लहराएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि 1991 से लेकर आज तक मैने कार्यकर्ताओ के बल पर ही चुनाव लडा और जीता है। इस बार के लोकसभा चुनाव मे भी कार्यकर्ताओ के दम, मोदी सरकार के विकास कार्य, योगी सरकार की उपलब्धियो के बल पर भाजपा का परचम महराजगंज सहित पुरे देश मे फहराएगा। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि कार्यकर्त्ता मोदी सरकार की उपलब्धियो को जन जन तक पहुंचाये। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय, महामंत्री प्रदीप सिंह, राजेश यादव, बिधायक ऋषी त्रिपाठी, पूर्व बिधायक बजरंग बहादुर सिंह,पूर्व अध्यक्ष परदेशी रविदास, संतोष सिंह, दिनेश जायसवाल, अमरनाथ पटेल, चिंटू शुक्ला, बेद प्रकाश शुक्ल, शिव शंकर बर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, रामहरख गुप्ता, राकेश मद्धेशिया, अजय मद्धेशिया, कृष्ण गोपाल जायसवाल, राजेश जायसवाल, गिरिजेश जायसवाल, दीनानाथ सिंह, अभिषेक पाण्डेय, दीपक चौधरी, सानंदन पटेल, अभिषेक मिश्रा सहित सैंकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



## 31 जनवरी को सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरो पर

**महराजगंज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद के पांचों विधान सभाओं में होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को सकुशल एवं भव्यतापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु नोडल अधिकारी/ सहायक नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। सदर स्थित महालक्ष्मी लॉन में सामूहिक विवाह हेतु नोडल अधिकारी चन्द्रशेखर कुशवाहा खण्ड विकास अधिकारी सदर को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकास खण्ड परिसर परतावल के लिए रजत गुप्ता विकास खण्ड अधिकारी परतावल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। विकास खण्ड परिसर निचलौल में शमा सिंह खण्ड विकास अधिकारी निचलौल तथा नौतनवा में विकास खण्ड परिसर लक्ष्मीपुर के लिए नोडल अधिकारी अमित मिश्रा खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्मीपुर को नामित किया गया है।

# पुलिस ने वारण्टी व 18 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा कुल 7 वारण्टी व 18 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 30 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की



धाराओं में कार्यवाही की गई। थाना देवा पुलिस टीम द्वारा आज यूपी गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र रामानन्द निवासी बेहटा थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को नरैनी गांव की रोड, कुर्सी नहर पुल कस्बा देवा से गिरफ्तार किया गया। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा दुराचारी व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी। थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सोनू पुत्र श्रीराम निवासी टिकैतगंज थाना कुर्सी को दुबकू तिराहा ग्राम मोहसण्ड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया।।थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सोनू पुत्र मुसनादान निवासी त्रिलोकपुर थाना मसौली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 2 बोर बरामद किया गया।

# जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्टाल का फीता काटकर किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर महोत्सव 2024 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं स्थायी लोक अदालत के कार्यों एवं क्षेत्राधिकार आदि के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में सोमवार को संजय कुमार मलिक जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा महोत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं स्थायी लोक अदालत के कार्यों एवं क्षेत्राधिकार आदि के प्रचार-प्रसार हेतु लगे स्टाल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कैम्प के माध्यम से मेले में आये हुए आमजनमानस को निःशुल्क विधिक जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर मो0 रफी अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष सं0-1, प्रमोद कुमार सिंह-द्वितीय अपर जनपद न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), ब्रिजेश कुमार-द्वितीय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संदीप पारचा सिविल जज सी0डि0/ ए0सी0जे0एम0, श्रीमती चारू सिंह-1 अपर सिविल जज सी0डि0/ एफ0टी0सी0, न्यायाधीश पंकज सिविल जज जू0डि0, सुश्री अंकिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री स्वाती आनन्द अपर सिविल जज जूडि कक्ष सं0-1, श्रीमती अभिलाषा अपर सिविल जज जू0डि0 कक्ष सं0-2, सुश्री ऋचा सिंह सिविल जज जूडि/एफटीसी-2 व श्री कृष्ण प्रकाश चर्तुवेदी सदस्य स्थायी लोक अदालत तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व न्यायालय स्थायी लोक अदालत के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अभी 20 साल तक केंद्र में भाजपा की सरकार रहेगी: सिद्धार्थनाथ सिंह

## भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला व संगठनात्मक बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यशाला व संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा चुनाव के बस्ती मंडल के क्लस्टर प्रभारी उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री/विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह रहें। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए चुनावी रणनीति तैयार की गई मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा अभी 20 साल तक केंद्र में भाजपा की सरकार रहेगी अबकी बार पुनः मोदी जी के नेतृत्व में 400 से ऊपर सीटें केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्य अतिथि ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गरीब परिवार को अर्थव्यवस्था से जोड़ रहे हैं जिसका परिणाम हमें पुनः 2024 में जनता के आशीर्वाद में रूप में मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा पार्टी द्वारा चलाएं जाने वाले आगामी कार्यक्रम गांव चलो अभियान के निमित्त हर भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी गांव-गांव में प्रवास के माध्यम से संपर्क करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, सांसद जगदंबिका पाल, सदर विधायक श्यामधनी राही, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश डॉक्टर सतीश द्विवेदी पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र सिंह, लोकसभा चुनाव प्रभारी समीर त्रिपाठी, चुनाव संयोजक रामकुमार कुंवर, पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा, लाल जी त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, प्रदेश कार्य समिति राजेंद्र पांडे, जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, मधुसूदन अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्र, तेजू विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पांडेय,भाजपा नेता मंगल चौरसिया, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता, विकास जायसवाल, हेमंत जायसवाल, चंद्र प्रकाश वर्मा,धर्मराज वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेंद्र दुबे श्रीश चौधरी, दशरथ चौधरी, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, बिंदुमति मिश्र, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्रा, संपूर्णानंद पांडे एंव मंडलाध्यक्ष गण एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जे पी एल टी-20 मैच में उरई की टीम ने जालौन की टीम को पछाड़ा

**उरई (जालौन)।** जालौन प्रीमियम लीग टी-20 मैच का नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने फीता काटते हुए शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय लिया। जालौन तथा टीचर इलेविन उरई के बीच मैच खेला गया जिसमें उरई की टीम ने सात विकेट से जीत हासिल की। छत्रसाल इंटर कॉलेज में जालौन प्रीमियम लीग टी20 मैच का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ विधिवतत किया गया नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल द्वारा उक्त टी20 मैच का शुभारंभ फीता काटते हुए किया गया। तत्पश्चात उन्होंने जालौन और उरई की टीम के खिलाड़ियों से परिचय लेकर उन्हें आगे और प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैच के पहले दिन उरई तथा जालौन के बीच मैच खेला गया जिसमें उरई के कप्तान श्रीकांत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया तथा जालौन की टीम को मात्र 87 रनों पर ही समेट दिया इसके बाद बेटिंग करने उतरी में उरई की टीम ने तीन विकेट खोकर 88 रन बनाकर विजय हासिल की।

## सांसद ने जरूरतमंदों में किया कंबल का वितरण



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उसका ब्लॉक के ग्राम पंचायत बगही में सोमवार को सांसद जगदंबिका पाल ने जरूरत मंदो को कंबल वितरण किया है। मंच का संचालन धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने किया है। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है चाहे कोई भी जनप्रतिनिधि हो हर एक लोगो से मिलने का कार्य कर रहे है। किसान सम्मान योजना के अंतर्गत किसानों को लाभ मिल रहा है। गैस उज्जवला योजना के अंतर्गत अब घर घर चूल्हा जल रहा है पहले महिलाए चूल्हा जलाती थी और आंख भी खराब हो जाता था लेकिन इस योजना से घर घर गैस हो गया है । सांसद ने 400 लोगो को कंबल वितरण कर ठंड से बचने की सलाह भी दिए। इस कार्यक्रम में जिला प्रभारी हरिचरन कुशवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य, बीडीसी संघ के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, संपूर्णा नंद पाण्डेय, पंकज चौबे, सुभाष लोधी आदि मौजूद रहे।

## हज के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर-4 दि. 08 जनवरी 2024 को जारी किया है जो कि हज यात्रियों की सुविधार्थ सऊदी अरब में खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) के आवेदन के सम्बन्ध में है, इस हेतु ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया पद पर किया जायेगा व निर्धारित प्रपत्र अपलोड किये जाएंगे, ऑलाइन आवेदन अन्तिम तिथि 15 फरवरी 2024, प्रत्येक 300 हज यात्रियों पर 01 खादिमुल हुज्जाज का चयन होगा, महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं, महिलाओं की संख्या बिना महरम महिलाओं की श्रेणी में 300 महिलाओं पर 01 महिला खादिमुल हुज्जाज का चयन किया जायेगा, मशीन पठित पासपोर्ट जा 15 फरवरी 2024 या उससे पूर्व जारी हों एवं उसकी वैद्यता 31 जनवरी 2025, तक होना आवश्यक है।

उन्होने बताया कि पुरूष-महिला आवेदक जिनकी आयु 31.03.2024 को 50 वर्ष से अधिक न हो, खादिमुल हुज्जाज के रूप में हज-2023 में जाने वाले व 02 बार से अधिक बार जाने वाले कर्मचारी अर्ह नहीं होंगे, आवेदक का हज या उमराह किया होना आवश्यक है।

# सुरेशलाल श्रीवास्तव सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर अम्बेडकरनगर।** साहित्य सृजन एवं शिक्षा सन्दर्भ में अनेक पुरस्कारों/सम्मानों से नवाज़े गये सुरेश लाल श्रीवास्तव को एम.टी.टी.वी. इण्डिया की ओर से ग्लोबल एजुकेशनिस्ट एण्ड राइटर-2024 के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

कई दर्जन साझा संग्रह तथा तीन एकल संग्रह के रचनाकार, अनेक शैक्षिक, सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित लेखों एवं काव्य के सृजनकार सुरेश लाल श्रीवास्तव, जो कि सम्प्रति राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज, अम्बेडकरनगर में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं, को ग्लोबल एजुकेशनिस्ट एण्ड राइटर-2024 अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए एम. टी.टी.वी.न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक सुशील पाल ने कहा कि सुरेश लाल श्रीवास्तव के मौलिक लेख एवं काव्य सर्जनायें सामाजिक, शैक्षिक तथा मानवीय मूल्यों के सन्दर्भ में काफी महत्त्वपूर्ण एवं शिक्षाप्रद हैं। इस अर्थ में इन्हें एम.टी. टी.वी.न्यूज़ की ओर से सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। सुरेश लाल श्रीवास्तव के ग्लोबल एजुकेशनिस्ट एण्ड राइटर अवॉर्ड-2024 से सम्मानित होने पर क्षेत्रवासियों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की सचिव रहीं नीना श्रीवास्तव, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज में उप शिक्षा निदेशक राम चेत, अंबेडकरनगर के जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर दीपिका चतुर्वेदी,बेसिक शिक्षा अधिकारी कन्नौज डॉ. उपासना रानी वर्मा, जिला समन्वयक अम्बेडकरनगर जितेन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्या सुमित्रा देवी, डॉ. तारा वर्मा,यदुनाथ प्रसाद यादव, आशा वर्मा,अनुपमा उपाध्याय, विद्यावती देवी, निराकार पाण्डेय,शिक्षक डॉ. स्नेह लता वर्मा, गजेन्द्र पाल, पारस नाथ पाल, छाया मौर्या आदि द्वारा बधाई देते हुए खुशी का इज़हार किया गया है। सुरेश लाल श्रीवास्तव ने अपनी सफलताओं एवं उपलब्धियों के लिए करुणामयी माँ उर्मिला तथा स्वर्गीय पिता रामेश्वर लाल श्रीवास्तव के आशीर्वाद को श्रेय दिया है।

# ट्रस्ट के प्रबंधक ने गरीबों में वितरित किया कम्बल

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा ब्लाक के बाबा पीढेश्वरनाथ महादेव सेवा ट्रस्ट 80 जी स्थाई मान्यता पानी की उपलक्ष में बढ़ती ठंड को देखते हुए सोमवार को ट्रस्ट के प्रबंधक अशोक कुमार त्रिपाठी गांव गांव जाकर ऐसे गरीब ने गरीब असहाय जो कि घर से कहीं जा नहीं सकते उनके बीच कमल का वितरण किया। कुल 50 गरीबों को कंबल दिया गया। कलावती, संसार माती शीला देवी प्रभावती कैलाश माती आदि लोगों के घर जाकर कंबल वितरण किया गया इस दौरान ट्रस्ट प्रबंधक अशोक त्रिपाठी ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है ताकि ठंड से बच सके। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति कहीं जा नहीं पता है उनके घर जाकर कंबल दिया जाएगा ठंड से किसी की जान नहीं जाए इसलिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने वहां के लोगों का हालचाल भी जाना साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों के लिए हर संभव मदद करने के लिए ट्रस्ट द्वारा प्रयास किया जाएगा लगातार ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर रहे हैं ताकि कोई गरीब का जान ठंड से नहीं जाए यह कार्यक्रम पूरे ठंडक चलता रहेगा। इस दौरान धर्मेंद्र त्रिपाठी विशाल शुक्ला मनीष श्याम मिश्रा बजरंगबली त्रिपाठी राममिलन यादव नीतीश चतुर्वेदी तथा चंदन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## एनटीपीसी चौकी इंचार्ज ने किया पैदल गश्त



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन के मंशानुरूप एवं उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शांति/ कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना इब्राहिमपुर अंतर्गत एनटीपीसी चौकी इंचार्ज अजय कुमार त्रिपाठी मय पुलिस बल द्वारा क़ानून/ शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने चौकी क्षेत्र में मय फ़ोर्स सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिगत एनटीपीसी मार्केट, चौराहों, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों,वाहनों, वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई तथा मिशन शक्ति अभियान, यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया एवं आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।इस दौरान चौकी के सभी कांस्टेबल रहे।

## सलमान हैदर रिजवी को मिली अहम जिम्मेदारी



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस नेता सलमान हैदर रिजवी पूर्व सदस्य सतर्कता एवं निगरानी समिति उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास मंत्रालय (भारत सरकार) पार्टी में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं रिज़वी प्रदेश की कई स्वैच्छिक संगठनों से भी जुड़े हैं एवं कई वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में भी कार्य कर रहे हैं उत्तर प्रदेश कांग्रेस सिविक सोशल आउटरिच विभाग में माननीय अध्यक्ष अजय राय जी पूर्व मंत्री द्वारा अनुमोदित कमेटी में प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसके साथ उन्हे जनपद हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर का प्रभार भी मिला है जिस पर रिजवी ने अध्यक्ष अजय राय जी एवं आउटरिच विभाग के संयोजक विक्रम पांडे जी का हृदय से आभार व्यक्त किया रिजवी ने भरोसा दिलाया की पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका बहुत ईमानदारी से निर्वाह करूंगा है।

## उत्तर प्रदेश हो गया है राममयः डिप्टी सीएम



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक सोमवार को कालपी तहसील के ग्राम चमारी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने पहुचे, कार्यक्रम स्थल पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए है और उत्तर प्रदेश राममय हो गया है, पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के माहौल है, जनपद के एक दिवसीय दौरे परआये उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट जीतकर मोदी जी तीसरी बार पी एम बनेंगे और एनडीए की प्रचंड जीत होगी , मोदी जी नेतृत्व में सरकार बनेगी। श्री पाठक ने अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्हें जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है और अब उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। सीएए के मुद्दे पर उन्होंने अतिशीघ्र इसे लागू होने का विश्वास जताया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री कोंच रवाना हो गये जहाँ वह केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा की पत्नी के आत्मशांति में आयोजित शांति पाठ में शामिल होंगे।

## चोरी के सामान के साथ दो शातिर गिरफ्त में

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को माल सहित पड़कर जेल भेजा। नगर के मोहल्ला भवानी राम निवासी अखिलेश पांचाल तथा अनिल पांचाल चोरी के मामले में वांछित चल रहे थे पुलिस लगातार उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही थी लेकिन उक्त लोग पुलिस की पकड़ से दूर थे बीते दिन पुलिस उनको पता चला कि उक्त शातिर चोर घर पर ही हैं तो दविश के दौरान पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया तथा कडाई से पूछताछ करने पर उक्त लोगों ने चोरी का सामान दो बैटरी एक एल ई डी म्यूजिक का सिस्टम तथा बूफर बरामद आदि सामान की चोरी को कबूल किया। पुलिस ने चोरी गए सामान को बरामद कर उक्त दोनों चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा।

# मालीपुर प्रधान माया देवी को दिया गया प्रशस्ति पत्र



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के विकास खंड जलालपुर की ग्राम पंचायत मालीपुर की प्रधान माया देवी यादव को उनके द्वारा अपनी ग्राम सभा में कराये गये विकास कार्यों के लिए जनपद अम्बेडकर नगर के जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।ग्राम पंचायत मालीपुर की प्रधान माया देवी यादव द्वारा अपनी ग्राम सभा में निरन्तर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कई कार्य तो ऐसे हैं जो अपने आप में एक उदाहरण हैं ।ग्राम पंचायत मालीपुर की प्रधान माया देवी यादव उन महिला ग्राम प्रधानों के लिए एक नजीर भी हैं जो चुनाव जीतते के बाद घरों की देहरी तक सीमित हैं और उनके परिजन गांव की सत्ता चलाते चला रहे हैं। इनके द्वारा अपनी ग्राम सभा के गांवों में खडंजा , सी सी मार्ग ,पंचायत भवन, सड़कों के किनारे नाली, ग्राम देवता के मंदिरों का जीर्णोद्वार जैसे विकास कार्य तथा जन कल्याणकारी कार्य किए गये हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के पात्र ग्रामवासियों को निरंतर लाभ दिलाए जाने के लिए यह सतत प्रयत्नशील है। इन्होंने अपने प्रयासों से अंधेरे में डूबे मालीपुर चौराहे पर स्ट्रीट लाइट लगवाकर आम जनता को बहुत सहूलियत प्रदान की है। इन्होंने अपनी ग्राम सभा में स्थित चौराहे पर बस अड्डे का भी प्रस्ताव पास करवाकर एक ऐतिहासिक कार्य किया है। अम्बेडकरनगर जनपद में इनके द्वारा अपनी ग्राम सभा में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा चारों ओर हो रही है। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपनी ग्राम सभा में उल्लेखनीय विकास कार्यों के लिए इन्हें जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

# भारत जोड़ों न्याय यात्रा अन्याय के विरुद्ध बनेगी एक मिसाल: अनीस



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से मुम्बई तक निकाल रहे हैं। उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मो अनीश खान ने भीटी ब्लाक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कहीउन्होंने कहा यह यात्रा अन्याय के खिलाफ है और और जब न्याय नही मिल जाता तब तक चलती रहेगी बेरोजगारों, किसानों, युवाओं के हितों के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है।

पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल, ब्लाक अध्यक्ष शोभनाथ कन्नौजिया, जिला उपाध्यक्ष अनूप तिवारी ने कहा लोकतंत्र और संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करना, महंगाई, आर्थिक मंदी, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय के प्रति जागरूकता का अभियान है भारत जोड़ो न्याय यात्राआज राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में विधानसभा कटेहरी के ब्लाक भीटी में भारत जोड़ों न्याय यात्रा जलालपुर से शुरू होकर स्वावलंबी इंटर कॉलेज रनीवा प्रांगण में स्थापित युग पुरुष धीरेंद्र मजूमदार, समाजसेवी पंडित लालता प्रसाद मिश्र एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित उदयराज मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश सचिव/ आजमगढ़ प्रभारी मो अनीस खां के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व ज़िला अध्यक्ष राम कुमार पाल, ब्लॉक अध्यक्ष शोमनाथ कन्नौजिया, देवमणि पाठक,वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगराम साहू, अनंत बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनूप तिवारी, जीवलाल भारती,अरविंद कुमार, ओमप्रकाश यादव, शिवमूरत, नीरज, परशुराम वर्मा समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## शैक्षिक वातावरण में सुधार लायें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति, जिला अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन का माहौल रहे, बच्चों के संवर्धन, स्वास्थ्य, शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे, खंड शिक्षाधिकारी निर्धारित मानक के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षिक वातावरण में सुधार लायें, जिन विद्यालयों में छात्रों की उपस्थित संतोषजनक नहीं है, वहां बच्चों के अभिभावकों से वार्ता कर उन्हें बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें, अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रमोट किया जाये। उन्होने कहा कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला समन्वयक द्वारा ए.आर.पी स्तर पर किये जा रहे निरीक्षण की मॉनीटरिंग में लापरवाही बरती जा रही है, एआरपी का रोस्टर तैयार कर उनके माध्यम से प्रतिदिन कम से कम 02-02 विद्यालयों का निरीक्षण कराया जाये।

## रेल ने बंद की कई दशक पुरानी भोलेपुर क्रॉसिंग

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** कई दशक पुरानी भोलेपुर रेलवे क्रॉसिंग 148-ए को सोमवार को पूरी तरीके से बंद कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन आरपीएफ व कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस के साथ क्रॉसिंग बंद कराने में जुटा रहा। भोलेपुर ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद पहले से ही रेलवे क्रॉसिंग को बंद होने के कयास लगाये जा रहे थे। रेलवे मंडल कार्यालय के आदेश पर बंद की जा रही भोलेपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद की गई है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर फतेहगढ़ ने 24 जनवरी को ही विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्रवाई के लिए 29 जनवरी की तारीख तय की गई थी। आर पी एफ थानाध्यक्ष वीरेश कुमार ने बताया कि आदेश के अनुपालन में फोर्स के साथ रेलवे क्रॉसिंग बंद करा दी गई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से पहले ही बातचीत कर समझाया जा चुका है किसी प्रकार की लॉ एंड ऑर्डर संबंधी समस्या नहीं है। साथ ही स्थानीय स्तर पर किसी प्रकार का कोई विरोध भी सामने नहीं आया है।


## एनटीपीसी को शीर्ष नियोक्ता संस्थान द्वारा किया गया प्रमाणित



**टांडा, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** 2024 शीर्ष नियोक्ताओं की घोषणा की गई है जिसमें एनटीपीसी लिमिटेड को शीर्ष नियोक्ता संस्थान द्वारा भारत में शीर्ष नियोक्ता के रूप में प्रमाणित किया गया है एनटीपीसी से दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (मानव संसाधन) ने 25 जनवरी, 2024 को सिंगापुर में आयोजित शीर्ष नियोक्ता 2024 प्रमाणन समारोह कार्यक्रम में एनटीपीसी की ओर से इस पुरस्कार को प्राप्त किया है।शीर्ष नियोक्ता संस्थान मानव संसाधन की सर्वोत्तम प्रथाओं में उत्कृष्टता प्रमाणित करने वाला वैश्विक मानव संसाधन प्राधिकरण है। यह 33 वर्षों से अधिक समय से, फर्म प्रमाणन, बेंचमार्किंग और दुनिया भर के शीर्ष नियोक्ताओं को जोड़ने के माध्यम में मानव संसाधन रणनीतियों के प्रभाव को तेज करने के लिए समर्पित है प्रमाणीकरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए एनटीपीसी ने निम्नलिखित चरण पूरे किए एचआर बेस्ट प्रैक्टिस सर्वेक्षण, सत्यापन और ऑडिट एनटीपीसी का प्रदर्शन स्कोर अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप आंका गया और एनटीपीसी ने शीर्ष नियोक्ता का दर्जा हासिल किया है। शीर्ष नियोक्ता के रूप में प्रमाणित होना काम की बेहतर दुनिया के प्रति एनटीपीसी के समर्पण को दर्शाता है जो इसकेपीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) से पहले के लोग दृष्टिकोण और प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियों और लोगों की प्रथाओं के माध्यम से प्रदर्शित होता है जो संगठनात्मक दृष्टि को साकार करने और सकारात्मक बनाने में योगदान करते हैं। इस उपलब्धि पर एनटीपीसी टांडा के मुख्य महाप्रबंधक बी सी पलेई ने प्रसन्नता जाहिर की और सभी को शुभकामनाएं दी।

# टांडा पालिका बोर्ड की बैठक में लिये गये विभिन्न फैसले

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** अयोध्या मण्डल की ए श्रेणी की सुप्रसिद्ध नगर पालिका परिषद टाण्डा की बोर्ड बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई बोर्ड बैठक में 24 सभासदगण पस्थित रहे। सिर्फ एक सभासद किसी कारण वश आवश्यक कार्यों के कारण नहीं उपस्थित रहे।

बताते चलें कि बोर्ड बैठक में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शबाना नाज़ द्वारा रखे गए 20 लाख रुपए के वित्तीय पावर के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सभी सभासदगणों ने सहमति जताई जिसमें किसी भी कार्य के प्रस्ताव का अनुमोदन बोर्ड पटल पर रखाने के लिए प्रोसिडिंग बुक में लिखा गया। जिसके साथ बोर्ड बैठक में जलकर/गृहकर में लगायें सर चार्ज हटाने पर सर्वसम्मति से चर्चा की गई सरचार्ज हटाने के लिए। बोर्ड सचिव द्वारा उक्त प्रस्ताव को शासन में भेजने के लिए कहा है, शासन की अनुमति के बाद सरचार्ज हटाने की बात सचिव द्वारा कही गई। जिसके साथ बोर्ड बैठक में बीते लगभग 4 वर्षो से नगर पालिका परिषद की दुकानों का किराया नहीं लिया जा रहा था जिसकी वजह से राजस्व बढ़ोतरी में भी रूकावटें थी, उक्त प्रकरण पर बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से चर्चा की गई है, नगर पालिका परिषद टाण्डा द्वारा दुकानों से किराया उसूल किये जाने पर सहमति बनी है। साथ ही बोर्ड बैठक में नई दुकानों का निर्माण कराने पर भी चर्चा की गई और नगर पालिका परिषद की दुकान यदि किसी दुकानदार द्वारा किसी कारण वश दूसरे दुकानदार को बेची जाती है जिस पर 50 प्रतिशत प्रसेंट किराया बढ़ा कर लिया जाएगा। साथ ही बोर्ड बैठक में सभासदो ने पांच सदस्यीय टीम गठित करने पर भी चर्चा किया। बोर्ड बैठक में अन्य प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई बहरहाल शांतिपूर्ण माहौल में बोर्ड बैठक सकुशल संपन्न हुई बोर्ड बैठक सकुशल संपन्न होने पर नगर पालिका चेयरमैन श्रीमती शबाना ने सभासदगण सहित नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारियों का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हिन्दुतान के फ़िरका-वाराना मोज़ेक में गुलाम जीलानी की कहानी

अयोध्या में राम मंदिर के तारीख़ी इफ़्तिताह की तैयारीयों के दरमियान, दस्तकारी और इत्तिहाद की एक मुतास्सिर कुन कहानी हज़ारी बाग़ झारखंड के दिल से निकलती है। इस तक़रीब के इर्द-गिर्द जोश-ओ-खरोश और तवक़्क़ेयात के दरमियान ग़ुलाम जीलानी के मुस्तइद हाथ तीसरी नसल के दर्ज़ी ने एक शानदार 40 फ़ुट लंबा और 42 फ़ुट चौड़ा की ज़ीनत बनेगा। रखते मुझे फ़ख़्र बीं मुझे ये परचम अक़ीदत-ओ-एहतराम की अलामत है, एक तरफ़ भगवान पुणोमान की तस्वीरें हैं और दूसरी तरफ़ जो मज़हबी अम्बा वेरी भगवान पुणोमान के कंधों पर भगवान राम और लक्ष्मण हैं। जीलानी की फ़नकारी और लगन का एक सबूत झंडे बनाने में महारत तारीख़ी राम मंदिर की ज़ीनत बनेगा, जिसका गवाह 100 करोड़ से ज़्यादा लोग कि मेरा सिला हुवा नया झंडा देख रहे हैं। अगर मुझे मौक़ा मिला तो मैं इफ़्तिताही तक़रीब में शिरकत के लिए अयोध्या ज़रूर जाऊँगा। जीलानी ने अपने तआवुन पर ख़ुशी और एज़ाज़ के जज़्बात का इज़हार किया। ये हिन्दुस्तान की सक़ाफ़्त और रिवायत की भरपूर तीपस्त्री में एक पुरजोश लम्हा है जब दस्तकारी मज़हबी हदूद को उबूर करती है। जीलानी, जिन्होंने सिलाई अपने वालिद अबदुल-शकूर से सीखा, दस्तकारी की विरासत को नसलन आगे बढ़ा रहे हैं। महारत और वक्फ़, इत्तिहाद और तआवुन के जौहर की अलामत है जो हिन्दुस्तान की हम-आहंगी की सक़ाफ़्त को बुनियाद बनाती है। मज़ीद-बराँ, वीर विस्तरालया, जहां जीलानी काम करते हैं, तकसीरीत के सबूत के तौर पर क़ायम का फ़न गया नसल दर उनकी है। 1977 में क़ायम किया। ये मज़हबी मवाक़े के लिए सालाना 2 लाख से ज़्यादा झंडे बनाता है, यहां तक कि रामनवमी और शिव रात्रि जैसे तेहवारों के दौरान बैनुल-अक़्वामी अहकामात को पूरा करता है जैसा कि क़ौम 22 जनवरी की तैयारी कर रही थी, जब वज़ीर-ए-आज़म नरेंद्र मोदी मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मौजूद रहे, जीलानी जैसी कहानियां हिन्दुस्तान की हम-आहंगी के मूर्ती की जौहर की मिसाल देती हैं।

जीलानी का काम हिन्दुस्तान के सक़ाफ़्ती ताने-बाने की जामईयत की बाज़गश्त करता है। जीलानी जैसी कहानियां याददहानी के तौर पर काम करती हैं कि फ़िरकावाराना हम-आहंगी हिन्दुस्तान की शनाख़्त का लाज़िमी जुज़ु है, वो वाज़ेह करते हैं कि हिन्दुस्तान की हम-आहंगी सक़ाफ़्त महज़ एक मिसाली नहीं है बल्कि एक मुतहर्रिक हक़ीक़त है, जहां ग़ुलाम जीलानी जैसे अफ़राद मज़हबी सफ़-बंदी पर इत्तिहाद को एक मिसाल के तौर पर फ़रोग़ देते हैं। हिन्दुस्तानी मुसलमान के जो कपड़े हैं, वो अपनी फ़नकारी को मुशतर्का क़ौमी नज़रिया के साथ मिला रहे हैं उनकी निशानदेही करती है जहां इत्तिहाद तक़सीम को पीछे छोड़ता है, इस बात की कि हिन्दुस्तान के तकसीरी को गले से लगाना है हम-आहंगी एक मुत्तहिद तरक्क़ी, लगन एक ऐसे बयानिए को तसदीक़ करता है जो फ़िरकावाराना पसंद क़ौम की है।

**इंशा वारसी**
**जर्नलिज़्म और फ्रांको-फ़ोन स्टडीज़**
**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

# परीक्षा का तनाव कम करना


धर्मेन्द्र प्रधान

**छात्रों को अक्सर कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के बीच नाजुक संतुलन कायम करने की विकट चुनौती का सामना करना पड़ता है। परीक्षा अवधि के दौरान यह संतुलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जब छात्रों को शिक्षा संबंधी परेशानियों और अपने कार्य से जुड़ी चिंता का सामना करना पड़ता है, जिसका उनके मानसिक और सम?पूर्ण स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निस्संदेह, परीक्षा की तैयारी महत्वपूर्ण है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अध्ययन और स्वस्थ जीवन के बीच एक अच्छा संतुलन बनाकर रखना है।**

आज परीक्षा में प्रदर्शन छात्रों के संपूर्ण दिलो दिमाग पर इस कदर छाया हुआ है कि उन्हें शिक्षा से जुड़े परिणामों के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस तरह के अक्खड़ विचार हमारे छात्रों को बर्बाद कर देते हैं और उनकी रचनात्मकता व प्रतिभा का गला घोंट देते हैं। हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रत्येक बच्चा विशिष्ट रूप से संपन्न है और सभी शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं हो सकते। परीक्षा परिणाम के आधार पर हम किसी बच्चे की प्रतिभा का अनुमान नहीं लगा सकते।



परीक्षा परिणाम किसी छात्र के जीवन में सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं होना चाहिए। हम सभी- माता-पिता, शिक्षक, मित्र और परिवार- को मिलकर और एकजुटता से काम करना चाहिए ताकि बच्चे को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके। परीक्षा में प्रदर्शन न केवल स्वाभाविक प्रतिभा पर निर्भर करता है, बल्कि स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग जैसी कई चीजों पर भी निर्भर करता है, जो शारीरिक मजबूती को बढ़ाता है और मस्तिष्क तेजी से ध्यान केन्द्रित करता है। छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए परिवार, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं का बोझ उठाते हैं। इससे एक अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो उन्हें मानसिक रूप से कमजोर और शारीरिक रूप से थका देती है। कभी-कभी, थकान के कारण उनकी ऊर्जा ख़त्म हो जाती है और इसका असर उनके स्वास्थ्य और खुशहाली पर पड़ता है। अत्यधिक तनाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे चिंता, डिप्रेशन और नींद संबंधी विकारों का जोखिम बढ़ाने वाला कारक माना गया है। इसलिए, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यावश्यक है। इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, छात्र हमेशा सकारात्मक सोच रखें, एकाग्रता का स्तर बढ़ाएं और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए व्यायाम, ध्यान और गहरी सांस लेने की आदत बनाएं, एक सुव्यवस्थित अध्ययन दिनचर्या स्थापित करें, कार्यों को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और हासिल करने के यथार्थवादी शैक्षणिक लक्ष्य बनाएं। परामर्श सेवाओं तक पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली जानकारी प्रदान करने से फिक्र या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक सहायक वातावरण भी बनता है। परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाए रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगा। शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स्फूर्ति को बनाए रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। परीक्षा की तैयारी करते समय, छात्र हमेशा अपने स्वास्थ्य से अधिक प्राथमिकता अपनी पढ़ाई को देते हैं। हमें उन्हें स्ट्रेचिंग, वॉकिंग, जॉगिंग या योग जैसे कुछ शारीरिक कार्यों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जो तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं, जिससे छात्रों को अपने दिमाग को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। कठिन अध्ययन की मांग से निपटने और स्वस्थ रहने में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भोजन ईंधन का काम करता है जो हमारे शरीर और दिमाग दोनों को पोषण देता है। हम जो भोजन खाते हैं उसकी गुणवत्ता हमारे सम्पूर्ण व मानसिक स्वास्थ्य का सार्थकता से निर्धारण करती है। एक सामान्य गलती जो छात्र इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान अक्सर करते हैं, वह है खराब खाना या घर पर बने पौष्टिक भोजन के स्थान पर जंक फास्ट फूड, चॉकलेट, एनर्जी ड्रिंक और चिप्स जैसे अस्वास्थ्यकर भोजन लेना। कभी-कभी वे चिंता और तनाव के कारण या परीक्षा की तैयारी के लिए अपना समय बचाने के लिए परीक्षा के दौरान भोजन भी छोड़ देते हैं। विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर संतुलित आहार खाने से मस्तिष्क के अधिकतम कामकाज के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलता है। पर्याप्त पानी की मात्रा को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी कमी ज्ञान संबंधी क्षमताओं और एकाग्रता को काफी हद तक ख़राब कर सकती है। परीक्षा के समय गुणवत्तापूर्ण नींद भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नींद और जानकारी संबंधी कार्य, स्मरण शक्ति और भावनात्मक लचीलेपन के बीच सीधा संबंध है। छात्रों को रोजाना एक ही समय पर बिस्तर पर जाकर और जागकर नींद का लगातार एक ही पैटर्न बनाकर रखना चाहिए। जो छात्र रात में उचित मात्रा में नींद लेते हैं वे हमेशा बेहतर याद रखने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। अच्छी नींद भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक न्यूनतम शर्त है। हमें एक अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए जहां छात्र अपनी चिंताओं पर चर्चा कर सकें और अपने माता-पिता और शिक्षकों से सहयोग ले सकें।

# परीक्षा के उत्सव का पर्वः परीक्षा पे चर्चा


प्रियंक कानूनगो

"प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जब देश वासियों को संबोधित करते हुए 'मेरे प्रिय परिवारजनों' कहते हैं तो इसके मायने व्यापक हैं इस आत्मीय सम्बोधन के प्रकटीकरण का ही एक विन्यास है परीक्षा पे चर्चा। परीक्षा के कारण पिछले कई दशकों में छात्रों की मनोसामजिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित होती रही है। माता-पिता, परिवार तथा सामजिक तत्वों के दबाव की स्थिति में छात्रों के लिए परीक्षा मात्र परीक्षा नहीं रह गई है, बल्कि परीक्षा को समाज में ऐसा रूप दे दिया गया है जो कि एकमात्र पैमाना है भविष्य तय करने का। हमने देश मे ऐसी गंभीर घटनाएँ भी देखीं जब तथाकथित विश्व स्तरीय स्कूल मे बड़ी कक्षा के एक बच्चे ने एक छोटे बच्चे की हत्या केवल इसलिए कर दी थी क्यूंकी वह परीक्षा स्थगित करवाना चाहता था जाने अनजाने में पूर्व की सरकारों द्वारा विषय की गंभीरता से मुह मोड़ना इस समस्या के पीछे एक प्रमुख कारण नजर आता है। हमारे सामने बहुत पहले से ही ऐसे उदाहरण आते रहे हैं जहां बच्चों ने परीक्षा के तनाव में आकर अपना जीवन समाप्त कर लिया है।




कालातंर में परीक्षा को ऐसा रूप दे दिया गया है, जिसके दबाव में बच्चे अपनी प्रतिभा से विमुख हो रहे हैं और अतिरिक्त दबाव से न तो वह अच्छे परीक्षार्थी बन पा रहे हैं और न ही अपने मनोबल को ऊंचा उठा पा रहे हैं, जिसकी दरकार किसी भी समाज के विकास का अधार है। इसके लिए जरूरी है ऐसी सोच की जो समाज से परीक्षा के प्रति दृष्टिकोण में बहुआयामी परिवर्तन करे।

दुनिया भर के विशेषज्ञों की सलाह है कि तनाव कम करने का सबसे सटीक तरीका इसके कारणों पर चर्चा करना ही है तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश मे एकल परिवारों के इस युग मे माता पिता भी अपनी व्यस्त दिनचर्या के चलते बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं तब बच्चों की दुनिया का एकाकीपन तोड़ने के लिए परीक्षा के तनाव पर उनसे बातचीत की शुरुआत करना ही एक बड़ी मनोसमाजिक चुनौती बन गयी थी ऐसे मे संवेदनशील प्रधानमंत्री जी स्वयं आगे आए और संवाद करने के अपने अनूठे कौशल का इस्तेमाल उन्होने देश के बच्चों की सबसे बड़ी समस्या को हल करने के लिए किया यह ठीक वैसा ही है जैसे परिवार का मुखिया संकटग्रस्त पारिवारिक सदस्य की मदद चुपके से कर देता है ज़रा सोचिए बच्चों के विकास के क्रम मे उनका पहली बार बोलना, चलना, स्वयं अपने काम करना भी अपने आप मे चुनौती से कम नहीं हैं परंतु परिवार के सभी सदस्य इन प्रयासों की असफलता मे उत्साह बढ़ाने साथ होते हैं तो जीवन के यह सभी पड़ाव उत्सव बन जाते हैं इस प्रकार का परीक्षण तो जीवन मे पल पल है फिर स्कूली परीक्षा से घबराना ही क्यों है। पहली बार अगर किसी के द्वारा इस विषय की गंभीरता को समझा गया को तो वह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। वह इस बात से भलिभांति परिचित हैं कि हमारी भविष्य की पीढ़ी तभी अपनी संपूर्ण क्षमताओं का दोहन कर देश निर्माण की सहभागी बनेगी जब वह परीक्षा के डर में नहीं बल्कि परीक्षा को उत्सव के तौर पर देखेंगे। परीक्षा के प्रति नजरिए में बदलाव और उससे उत्पन्न होने वाले मनो सामजिक दबाव से बच्चों को निकालने के लिए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया अभियान परीक्षा पे चर्चा अपने आपमें एक अनुठी पहल है, जो देशभर में परीक्षा की नई परिभाषा गढ़ रहा है। उनके द्वारा देश के इस अमृतकाल में बच्चों को ऐसा वातावरण दिया जाने का प्रयास किया जा रहा है जहां हर बच्चा अपनी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल कर देश को विश्व में प्रथम पायदान पर स्थापित करेगा। उल्लेखनीय है कि परीक्षा का दबाव परीक्षा से नहीं बल्कि उन आकांक्षाओं से उत्पन्न होता है जो परिवारजनों और समाज के द्वारा बच्चों पर थोपी जाती हैं। सभी ओर से बच्चों के दिमाग में बस एक ही बात भर दी जाती है कि परीक्षा में उत्तम अंक लाना ही एकमात्र पैमाना है उनकी प्रतीभा को आंकने का। ऐसे में बच्चों पर पढ़ाई के साथ-साथ आकांक्षाओं का अतिरिक्त बोझ एक ऐसे वातावरण का निर्माण करता है जो बच्चों की प्रतिभा को फलने फूलने से रोकता है। देश के बच्चों को परीक्षा के तनाव से बचाने की जिम्मेदारी माननीय प्रधानमंत्री जी ने उठाई है। साल दर साल परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से वह देश में ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं जहां परीक्षा नहीं बच्चों की प्रतिभा को निखारने के कार्य पर बल दिया जाए। यह प्रयासों का नतीजा है कि आज चाहे अभिभावक हो या शिक्षक सभी बच्चों से परीक्षा पर चर्चा कर रहे हैं ताकि यह तनाव का नहीं बल्कि उल्लास का विषय बने। प्रधानमंत्री जी के पहल पर ही आज सभी अपने-अपने स्तर पर इस परीक्षा के वातावरण को उत्सव का वातावरण बनाने की दिशा में कार्यरत हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग परीक्षा पर्व के नाम पर पिछले 05 वर्षों से कार्यक्रम चला रहा है। जिसका एकमात्र उद्देश्य बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना है।

## बिहार की उथल-पुथल

गठबन्धन के प्रमुख शिल्पकार बिहार के सीएम नितीश कुमार ने इन्डिया की लुटिया डुबाते हुये भाजपा का दामन थाम लिया। शातिर लालू की पार्टी आरजेडी को जोर का झटका दे दिया। तेजस्वी जो डिप्टी सीएम थे। नितीश को केन्द्र में भेजने की पुरजोर कोशिश कर रहे थे कि वह बिहार का सीएम बन जाये। उनका भी सपना नितीश ने तोड़ दिया। भाजपा का भगवा ऊंचा ही उठता जा रहा है। मोदी है तो सब मुमकिन है उनके पार्टी की नारा है। कयास था नितीश विधान सभा को भंग कर नया चुनाव करायेगे और शपथ ग्रहण करेगे। पर संविधान के विद्वानो ने कहा विधानसभा भंग करने की कोई जरूरत नहीं है एक पार्टी को छोड़ दूसरी पार्टी का साथ पकड़ मंत्री मन्डल गठन में कोई सवैधानिक रूकावट नही है। मुख्यमंत्री की हैसियत से वह सब कुछ कर सकते है। नितीश भाजपा की बिहार में यह व्यवस्था पुरानी है। नितीश मुख्यमंत्री बने रहने के लिये तरह तरह का मेल मिलाप करते रहते है। मुख्यमंत्री की सीट उनको बहुत प्यारी है। उसे बनाये रखने के लिये हमेशा तत्पर रहते है विभिन्न पार्टियों में आते जाते रहते है। अभी तक नौ लोगों ने शपथ ली है मुख्यमंत्री नितीश कुमार सहित इसमें दो भाजपा के डिप्टी सीएम और एक मन्त्री है। दो निर्दलीय है। तीन जेडीयू के है। आगे का परिदृश्य शायद कल साफहो। नितीश ने ही गठबन्धन की पार्टी बनाने में पहल की थी। उनको दर किनार कर कांग्रेस के खरगे को संयोजक बनाये जाने से नाराज थे वह अपना अवमानना मान रहे थे। वह खुद को पोस्ट करना चाहते थे। उन्होंने एक कमेटी की राय रक्खी जो समिलित रूप से गठबन्धन के सारे मसलों को तय करें। पर गठबन्धन में उनको दर किनार कर दिया। तभी से यह सोचा जाने लगा था आगे नितीश क्या करते है। हालाकि गबन्धन के नेता बार बार कह रहे सब ठीक चल रहा है। पर लोग देख रहे है क्या हो रहा है गठबन्धन चुनाव के लिये अभी सीट बटवारे पर कुछ स्पष्ट नही है। चुनाव करीब आता जा रहा है। भाजपा पूरे इन्तजाम के साथ उतर कर मतदाताओं से सम्बन्ध बनाने में मशरूफहै। गठबन्धन का कहना है प्रधानमंत्री का निर्णय चुनाव के बाद तय होगा। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को 11 सीट देने का एलान किया है अधिकारिक निर्णय आना बाकी है।

## जीवन में लक्ष्य प्राप्ति और सफलता के लिए सटिक योजना और रणनीति आवश्यक


संजीव ठाकुर

किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है। अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं, ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा, सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें, लक्ष हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करे।

सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करे। लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए, उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है।

किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लबरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए, लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है। काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है। लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूर्वानुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिए। अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है। अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा। इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगा। सफलता की प्राप्ति के लिए दिन के लक्ष्य को कागज पर उतार कर उससे जुड़ी हुई विषमताओं एवं चुनौतियां को लिखकर चुनौतियों के समाधान को भी अपने मस्तिष्क में स्थापित कर लेना चाहिए। जिससे यह आपको सुनिश्चित हो जाएगा कि आप लक्ष्य की कठिनाइयों को किस तरह दूर कर पाएंगे और इनका निदान किस तरह किया जा सकेगा। कई बार ऐसे अवसर आएंगे जब आपका आत्मविश्वास आपकी उर्जा एवं शक्ति डगमगाने लगेगी, ऐसे मौके या तो आपकी शारीरिक कमजोरी, मानसिक शिथिलता, सामाजिक, पारिवारिक परिस्थितियों एवं काल के कारण आपके सम्मुख आ सकती है। इन परिस्थितियों में मनुष्य को लगने लगता है कि उनकी मेहनत और लक्ष्य अनायास व्यर्थ हो गई हैं। बस ऐसे ही समय में आपको अपने मस्तिष्क मे से नकारात्मक विचारों और सोच को दूर रख कर मनन कर आत्मविश्वास के साथ दूर कर आगे की ओर अग्रसर होना है। यही समय है जब आपको अपने आप को संतुलित कर आगे की ओर ले जाना है, और सबसे अहम एवं महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आप नकारात्मक यानी कि नेगेटिव वातावरण एवं इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्तियों से दूर रहकर मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा भरकर आत्मविश्वास से लबालब होना है।

# समुद्री शैवालः अवसरों का सागर


सुश्री नीतू प्रसाद

**समुद्री शैवाल पौधों को अवांछनीय, अनाकर्षक या परेशानी देने वाला माना जाता है, विशेष रूप से वे पौधे जो वहां उग जाते हैं जहां उनकी आवश्यकता नहीं होती है और अक्सर बढ़ते जाते हैं या तेजी से फैलते हैं या वांछित पौधों का स्थान ले लेते हैं। तो, जब आप समुद्री शैवाल शब्द सुनते हैं तो आपके दिमाग में क्या आता है? हममें से अधिकांश के लिए वह समुद्री जलकुंभी का प्रकार है जो भारतीय तालाबों को अवरुद्ध कर नौवहन के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं। समुद्री शैवाल की अद्भुत आर्थिक क्षमता के बारे में बहुत कम जानकारी है। समुद्री शैवाल समुद्र के एक अद्भुत पौधे के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त कर रहा है। प्रजनन और खाद्य के रूप में यह समुद्री जैव विविधता के लिए सहायक होता है। यह कार्बन को एबसोर्ब करता है, समुद्र को अम्लीकृत होने से बचाता है और उन अतिरिक्त पोषक तत्वों को सोख लेता है जो हानिकारक एल्गे के पनपने का कारण बनते हैं। यह तटीय समुदायों के लिए एक संसाधन भी हो सकता है, जो उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारण उतार-चढ़ाव से प्रभावित होने वाले मात्स्यिकी बाजारों की तुलना में अधिक स्थिर आय प्रदान कर सकता है।**

ऐसा अनुमान है कि एक टन समुद्री शैवाल 120 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), दो किलोग्राम नाइट्रोजन, (एन) और ढाई किलोग्राम फॉस्फोरस (पी) को एब्सोर्ब कर सकता है। इसके अलावा, इसके लिए व्यावहारिक रूप से ताजे पानी की कोई आवश्यकता नहीं होती है। इस प्रकार, यह नीली अर्थव्यवस्था और हरित कृषि पद्धतियों के लिए बहुत बड़ा गुणक हो सकता है।

अपने मूल गुणों के कारण, समुद्री शैवाल को भोजन, दवाओं, उर्वरकों, सौंदर्य प्रसाधनों, बायोमटेरियल्स आदि में एक प्राकृतिक घटक के रूप में महत्व दिया जाता है और वर्तमान इसका वैश्विक बाजार 17 बिलियन डॉलर का है। आरंभिक लिखित अभिलेखों के अनुसार समुद्री शैवाल का सेवन सबसे पहले जापान में कम से कम 1500 वर्ष पहले किया गया था। मध्य युग तक, केवल जंगली समुद्री शैवाल ही थे अतः खाद्य स्रोत के रूप में इसकी भूमिका सीमित थी। टोकुगावा युग (1600-1800 ईस्वी) के दौरान, समुद्री शैवाल की खेती का जन्म तब हुआ जब मछुआरों ने एक अपतटीय बाड़ का निर्माण किया और राजा को प्रतिदिन ताजी मछली की आपूर्ति करने के लिए एक मत्स्य फार्म शुरू किया। उन्होंने यह भी पाया कि समुद्री शैवाल इस बाड़ पर उग जाते थे। भारत में, समुद्री शैवाल की खेती केन्द्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान (सीएसएमसीआरआई) के तत्वावधान में शुरू हुई और 1980 के दशक के दौरान फिलीपींस से भारत में प्रायोगिक उद्देश्यों के लिए कप्पाफाइकस अल्वारेज़िल को लाया गया। इस समुद्री



शैवाल को प्रायोगिक खेतों से व्यावसायिक खेतों तक पहुँचने में अधिक समय नहीं लगा। सीएसएमसीआरआई की मदद से, पेप्सी कंपनी ने 2000 की शुरुआत में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में समुद्री शैवाल की व्यावसायिक खेती शुरू की। कप्पाफाइकस अल्वारेज़िल, कैरेजेनन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में किया जाता है, जैसे डेयरी उत्पादों में एक स्टेबिलाईज़िंग एजेंट के रूप में तथा इस जेल्ली जैसे पदार्थ का उपयोग औद्योगिक उत्पाद जैसे चॉकलेट, आइसक्रीम, पैकेज्ड फूड, टूथपेस्ट और यहां तक कि दवाओं में भी किया जाता है। इसने तमिलनाडु के स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं को रोजगार का एक नया अवसर दिया। 2008 में, पेप्सी कंपनी ने यह व्यवसाय समाप्त कर दिया। पेप्सी के एक पूर्व कर्मचारी, श्री अभिराम सेठ ने इस व्यवसाय को ले लिया और एक्वाग्री नामक कंपनी की स्थापना की। तब से, कई समुद्री शैवाल कंपनियों और स्टार्टअपस्स ने समुद्री शैवाल के व्यावसायिक उपयोग को एक्सप्लोर किया है। प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा वर्ष 2020 में शुरू की गई थी, जो न केवल मात्स्यिकी क्षेत्र में इनफ्रास्ट्रक्चर और वैल्यू चेन को मजबूत करने के लिए है, बल्कि भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र में नई नई गतिविधियों की आधारशिला भी बन गया है। पीएमएमएसवाई की परिकल्पना है कि आर्टिफिशियल रीफ्स और सी रेंचिंग के साथ साथ सी वीड एक टिकाऊ, जलवायु अनुकूल और लाभदायक मॉडल प्रदान करेगा जो न केवल मछुआरों की आय में सुधार करने में मदद करेगा, तटीय महिलाओं को आजीविका प्रदान करेगा बल्कि यह हमारे फिश स्टॉक्स को ससटेनेबल रूप से मेनेज करने का एक उत्तम तरीका भी होगा। भारत 8000 किमी से अधिक लंबी तटरेखा से संपन्न है और तमिलनाडु, गुजरात, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, ओडिशा और महाराष्ट्र में प्राकृतिक रूप से समुद्री शैवाल की विभिन्न प्रजातियाँ उगती है। मुंबई, रत्नागिरी, गोवा, कारवार, उरकला, विजिञ्जम, पुलिकट, रामेश्वरम और ओडिशा में चिल्का के आसपास समृद्ध समुद्री शैवाल के क्षेत्र पाए जाते हैं। पीएमएमएसवाई के तहत, समुद्री शैवाल की खेती और संबंधित गतिविधियों के लिए 99 करोड़ रुपये की केंद्रीय हिस्सेदारी के साथ कुल 193.80 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। तटीय राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और अनुसंधान संस्थानों को 46,095 राफ्ट, 65,330 मोनो-लाइनों की स्थापना के लिए तथा तमिलनाडु में 127.7 करोड़ रुपये का सी वीड पार्क विकसित करने के लिए धनराशि आवंटित की गई है। इस समुद्री शैवाल पार्क का उद्देश्य शोधकर्ताओं, उद्यमियों, स्टार्टअप और एसएचसी महिलाओं के लिए एक सक्षम ईको सिस्टम प्रदान करना है। इसका शिलान्यास पिछले वर्ष माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला जी द्वारा किया गया था और काम तेज गति से चल रहा है। समुद्र के एक अद्भुत पौधे के रूप में, समुद्री शैवाल तेजी से बढ़ सकता है और 45 से 60 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाता है। मत्स्यपालन विभाग का लक्ष्य प्राकृतिक रूप से और जलीय कृषि के माध्यम से सालाना लगभग 11 लाख टन समुद्री शैवाल का उत्पादन करना है। बढ़ती जागरूकता के साथ, समुद्री शैवाल की घरेलू मांग कई गुना बढ़ गई है और हम अपनी आवश्यकताओं का लगभग 70 प्रतिशत आयात कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति को पलटने, आत्मनिर्भरता हासिल करने और सम्पूर्ण रूप से निर्यातक बनने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने अत्यावश्यक है। इस दिशा में निम्नलिखित कार्य किये जा सकते हैं राज्यों, अनुसंधान संस्थानों (सीएमएफआरआई, सीएसएमसीआरआई, एनआईओटी) और निजी उद्यमों/स्टार्टअप के बीच मजबूत सहयोग करना। तटीय राज्यों द्वारा समुद्री शैवाल की खेती के लिए संभावित क्षेत्रों/क्षेत्रों की विस्तृत मैपिंग और पहचान की जा सकती है जो मत्स्यन क्षेत्रों, पर्यटन गतिविधियों और व्यापार मार्गों से मुक्त है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

## आईटीएटी के कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का हुआ उदघाटन

# टैक्स से संबंधित विवादों का होगा निपटारा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का लखनऊ में वर्चुअली उदघाटन करते हुए केंद्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार), संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आईटीएटी सभी ट्रिब्यूनल की मदर ट्रिब्यूनल है। जिस तरह से अधिकरण लोगों के विवादों का निस्तारण करता है यह इज ऑफ लिविंग का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के अंतर्गत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का भुगतान ही करना था, से संबंधित मामलों का आईटीएटी ने अच्छे से निपटारा किया।

श्री मेघवाल ने कहा कि कोविड के दौरान आईटीएटी ने ई- हिअरिंग, फेसलेसअसेसमेंट से लोगों के जीवन को आसान बनाया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जापान और जर्मनी को पीछे करके भारत शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस श्री सी. वी. भडंग ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर,बैंगलोर और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चौथा भवन लखनऊ में मिला है। उन्होंने कहा कि आईटीएटी में लंबित मामलों की संख्या कम और निस्तारित किए गए केसों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्री जी. एस. पन्नू, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (दिल्ली और अहमदाबाद क्षेत्र) और श्री शक्तिजीत डे, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (लखनऊ और पुणे क्षेत्र) भी समारोह में उपस्थित रहे। प्रारम्भिक तौर पर उत्तर प्रदेश के 16 जिलों पर क्षेत्राधिकार के साथ, आयकर अपीलीय अधिकरण, लखनऊ बेंच ने वर्ष 2001 में किराए के परिसर पीआईसीयूपी भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में कार्य करना शुरू किया। वर्ष 2004 में लखनऊ में एक अतिरिक्त पीठ का गठन किया गया। वर्ष 2004 में ही इसे जाचलिक (जोनल) कार्यालय घोषित किया गया जिसके क्षेत्राधिकार में लखनऊ, इलाहाबाद और जबलपुर खंडपीठ थे। वर्ष 2018 में वाराणसी सर्किट बेंच को भी इसके अधिकार क्षेत्र में जोड़े जाने के पश्चात अब लखनऊ आंचलिक (जोनल) कार्यालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लखनऊ, इलाहाबाद, जबलपुर और वाराणसी सर्किट बेंच तथा इन पीठों के अंतर्गत आने वाले 72 जिले भी आते हैं। आंचलिक कार्यालय की मर्यादा के लिए उपयुक्त स्थान एवं बुनियादी ढांचे की कमी और करदाताओं की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए आयकर अपीलीय अधिकरण को पर्याप्त स्थान और आधुनिक प्रोद्योगिकी से युक्त अपने स्वयं के स्वामित्व वाले भवन के निर्माण का प्रस्ताव देने के लिए प्रेरित किया। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस परियोजना को त्वरित मंजूरी दी। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने 0.7 हेक्टेअर का यह भूखंड रुपये 22,48,06,736/- (बाईस करोड़ अडतालीस लाख छह हजार सात सौ छतीस रुपये) में प्रदान किया।

## मंडलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए

**बस्ती।** विकास कार्यों का सम्पूर्ण वार्षिक लक्ष्य फरवरी माह में पूरा करने के लिए मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है। सभागार में आयोजित मंडलीय विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाएं, लाभार्थीपरक योजनाओं में शतप्रतिशत पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें तथा बैठक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अनुपालन आख्या समय से उपलब्ध करायें। उन्होंने निर्देश दिया है कि 1 फरवरी से स्कूलों में संचालित होने वाले कृमिनाशक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें। उन्होंने पंचायती राज के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सचिवों की ट्रेनिंग कराएं, सबसे खराब कार्य करने वाले सचिवों को चिन्हित करें तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। बैठक में उन्होंने कहा कि धन उपलब्ध होने के बावजूद कायाकल्प का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है, गौशालाओं के केयरटेकर का मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा है तथा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण भी पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

## प्रो. राजेन्द्र प्रसाद को इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी अस्थमा एंड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** निदेशक चिकित्सा शिक्षा व प्रोफेसर रेस्पिरेटरी मेडिसिन, एराज़ लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ और एमेरिटस प्रोफेसर, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (भारत) प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद को उनके समृद्ध और विशिष्ट वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी अस्थमा एंड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें को जयपुर में 57वें एलर्जी, अस्थमा और एप्लाइड इम्यूनोलॉजी के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रदान किया गया। उन्हें नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन (भारत), इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी, थोरैसिक एंडोस्कोपी सोसायटी ऑफ इंडिया, इंडियन चेस्ट सोसायटी और ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। प्रो. प्रसाद वर्तमान में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) में मेडिकल कॉलेजों की भागीदारी के लिए राष्ट्रीय टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष और यूपी क्षय रोग एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। उन्हें भारत में पल्मोनरी मेडिसिन के क्षेत्र में इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा और एप्लाइड इम्यूनोलॉजी सहित सभी प्रमुख वैज्ञानिक निकायों के अध्यक्ष होने का अद्वितीय गौरव प्राप्त है। वर्तमान में वह इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा और एप्लाइड इम्यूनोलॉजी के उत्तरी क्षेत्र के संयोजक भी हैं। उन्होंने एलर्जी, अस्थमा और एप्लाइड इम्यूनोलॉजी में कई राष्ट्रीय सम्मेलन और कार्यशालाएँ आयोजित की हैं। वह वर्ष 2022 में श्वसन एलर्जी के निदान के लिए इंडियन गाइडलाइन और भारत में एलर्जेन इम्यूनो थेरेपी के अभ्यास के लिए गाइडलाइन तैयार करने के लिए सक्रिय सदस्य रहे हैं। उन्होंने लगभग 200 शोधों का पर्यवेक्षण किया है और 400 मूल लेख, समीक्षाएँ और पुस्तक अध्याय प्रकाशित किए हैं। उन्होंने 12 किताबें भी लिखीं हैं, जिनमें एलर्जी और अस्थमा और क्लिनिकल एलर्जी पर दो किताबें, तपेदिक पर चार किताबें और फाइबर ऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी और मैनुअल ऑफ चेस्ट एक्स-रे पर एटलस शामिल हैं।

## जुमलेबाजी में न फंसेः सपा




अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा विकास क्षेत्र के सेल्हरा गांव में सोमवार को समाज पार्टी द्वारा पीडीए द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ा कर सत्ता में बनें रहना चाहती है। लेकिन अब जनता समझने लगी है। इनके बहकावे में पड़ने वाली नही है। सरकार नवजवानो व किसानों के साथ छ्ल कर रही है। वह अपने मुद्दों से भटक रही है। उसकी गलत नीतियों को लोग समझ रहे हैं और उखाड़ कर फेंकने की तैयारी बना रहे हैं। निषाद समुदाय को एकत्रित करते हुए आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने की अपील की। राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में नौजवानों को नौकरी के लाले पड़े है। लोग बेरोजगारी, गुंडाराज व भ्रष्टाचार से लोग अब तंग आ चुके है। सभी लोग को सचेत हो कर एक जुट हो जाए और इसके जुमलेबाजी में न फसे। जिलाध्यक्ष व सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने कहा कि भाजपा पूंजी पतियों की सरकार है। गरीब व पिछ्डो का हित सिर्फ समाजवादी में ही है। कार्यक्रम में विजय विक्रम, मोहम्मद स्वालेह, कैश मोहम्मद, रिंटू यादव, विजय यादव, जामवंत यादव, यदुराम,जावेद पिंडारी, रामवृक्ष यादव, काली प्रसाद चौधरी, इंद्रसेन चौधरी, संदीप निषाद, रामचंद्र यादव, बृजेश पटेल सहित तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दारोगा से की बदसलूकी

**कालपी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक दरोगा के साथ बाद शुरू की करते नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि विवाद की जांच करने ग्राम मरगाय पहुंचे दारोगा से एक युवक ने गाली गलौज करते हुए अभ्रद्ता कर दी। ग्रामीणों ने उक्त युवक का वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया, लेकिन पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नही की है। थाना क्षेत्र के ग्राम मरगाया में रविवार को एक महिला का अपने पड़ोसी से विवाद हो गया था जिस पर महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दे कर कार्यवाही की गुजारिश की थी। इसी मामले की जांच करने थाने के दारोगा राजकुमार मरगाया पहुंचे अभी दारोगा ग्रामीणों के बयान ले रहे थे तभी एक युवक आया और दरोगा को गाली-गलौज करते हुए अभद्रता करने लगा जिस पर पुलिस को बेरंग वापिस होना पड़ा। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने इसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वहीं इस संबंध में दारोगा राजकुमार ने बताया की उक्त युवक शराब के नशे में था।

## हज 2024 में केरल की महिलाएं सबसे आधिक संख्या में बिना महरम के हज करेंगी



**नई दिल्ली।** आज हज कमेटी ऑफ़ इंडिया के माध्यम से जाने वाले हज यात्रियों के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय भवन मे कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। हज 2024 मे 70 वर्षीय और उससे अधिक आयु के 6370 और बिना महरम वाली 5162 महिलाए का आवेदन प्राप्त हुआ। ये संख्या पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अधिक है। इन दोनों श्रेणियों में सभी आवेदनों का चयन बिना लाटरी निकाले कर लिया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री लियाकत अली अफाकी आई.आर. एस. ने कहा कि हज 2024 के लिए बिना महरम वाली महिलाए के सर्वाधिक 3584 आवेदन केरल से प्राप्त हुए हैं, जबकि तमिलनाडु से 378, कर्नाटक से 249, महाराष्ट्र से 166, उत्तर प्रदेश से 141, तेलंगाना से 130, जम्मू-कश्मीर से 82, मध्य प्रदेश से 72, गुजरात से 64, दिल्ली से 50, आंध्र प्रदेश से 44, पश्चिम बंगाल से 40, राजस्थान से 33, बिहार से 30, असम से 29, पुदुचेरी से 19, छत्तीसगढ़ से 14, उत्तराखंड से 10, झारखंड से 9, गोवा और ओडिशा से 5-5, लद्दाख से 3, लक्षद्वीप से 2, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब से एक आवेदन प्राप्त हुआ है। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सर्वाधिक 1306 आवेदन महाराष्ट्र से प्राप्त हुए हैं, जबकि केरल से 1250, उत्तर प्रदेश से 586, जम्मू-कश्मीर से 530, कर्नाटक से 514, तेलंगाना से 376, गुजरात से 292, हरियाणा से 274, तमिलनाडु से 214, मध्य प्रदेश से 204, राजस्थान से 190, बिहार से 136, असम से 104, दिल्ली से 80, पश्चिम बंगाल से 84, झारखंड से 56, उत्तराखंड से 44, आंध्र प्रदेश से 42, छत्तीसगढ़ से 34, मणिपुर से 32, उड़ीसा से 12, लद्दाख से 4, पुदुचेरी, लक्षद्वीप और अंडोमान एंड निकोबार से 2-2 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिन राज्यों से 500 से कम आवेदन प्राप्त हुए थे उन सभी आवेदनों को मंजूरी दे दी गई है। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मणिपुर और उत्तराखंड में हज यात्रियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया।

## कत्ल सूरज को करोगे मोम की तलवार से, जश्ने मौलूदे काबा मदरसा जामेतुत तबलीग




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** जश्ने मौलूदे काबा 16 रजबे मुर्जब मदरसे इल्मिया जामे तबलीग आलिम साहब मुसाहबगंज ठाकुर गंज लखनऊ में आयोजित किया गया। महफिल को मुकामी शायरों के साथ ही बैरूनी शायरों ने शेरे खुदा हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शान में अपने कलाम पेश किया। शायर जिशान लखनवी ने शेर पढ़ा के साहिबे मेंबर अगर गिर जाएंगे मेयर से, करबला का वाक्या होगा फ़राज़ ए दर से, लेके फतवा रोकने आए हो सरवर की अजा, कत्ल सूरज को करोगे मोम के तलवार से, देर रात तक चले इस महफ़िल को मौलाना को मौलाना एजाज़ अतहर ने बयान किया। महफिल में भाग लेने वाले शायरों में सावन हल्लौरी, नय्यर मजीदी, मीसम जैदी, असीम लखनवी, हसन फ़राज़, जिशान हैदर, फातिर लखनऊ सहित तमाम शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इस मौके पर मौलाना याशूब अब्बास, डॉक्टर सरवत तकी, प्रोफेसर अली हैदर बनारसी, मौलाना हसन मुतक्की जैदी, मौलाना इब्राहीम साहब साथ तमाम मोमनीन व मौलाना माजूद रहे।

## भाजपा सरकार सनातन धर्म विरोधीः अजय राय

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा और ज्ञानवापी जाने से रोकने पर कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को सनातन धर्म विरोधी बताया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि शंकराचार्य सनातन धर्म के ध्वजवाहक और हमारे पूज्य हैं। धर्म की राजनीति करने वाली मोदी सरकार सिर्फ धार्मिक उन्माद पैदा कर सत्ता में बना रहना चाहती है। श्री राय ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारो तरफ से घेर लिया है। स्वामी जी आज दोपहर 3 बजे मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा और ज्ञानवापी जाना चाहते थे। प्रशासन ने स्वामी को वहां जाने से मना कर दिया और धारा 144 लागू होने का हवाला दिया। इस पर स्वामी जी अकेले की जाने को तैयार थे, लेकिन प्रशासन ने हठधर्मिता और निरंकुशता का परिचय देते हुए सोनारपुरा स्थित विद्यामठ में उन्हें नजरबंद कर दिया। श्री राय ने कहा कि शंकराचार्य के साथ इस तरह का आचरण निहायत शर्मनाक और हर सनातनी को विचलित करने वाला है। उन्होंने कहा कि जिस देश-प्रदेश में शंकराचार्य को मंदिर दर्शन और परिक्रमा करने से रोका जा रहा है वह निश्चित ही हर सनातनी का अपमान है। मोदी और योगी सरकार अपने अहंकार में इस कदर चूर है कि वह सनातन में सबसे श्रेष्ठ शंकराचार्य के भी मान और सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## रामधुन के साथ राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी जाएगी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रामधुन के साथ राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी जाएगी। पार्टी मुख्यालय में सुबह 11:30 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में रामधुन होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में महात्मा गांधी के जीवन का संदेश विषयक गोष्ठी होगी। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. राम पुनियानी, अशोक पाण्डेय और प्रो. रविकांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

## दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे अविनाश पांडे

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे मंगलवार से दो दिवसीय प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने लखनऊ दौरे की जानकारी दी। श्री पांडे ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए कल से दो दिवसीय दौरे पर रहूंगा। श्री पांडे सोमवार को सुबह नागपुर से हवाई जहाज से लखनऊ के लिए रवाना होंगे और सुबह 9-15 बजे लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचेंगे। लखनऊ में श्री पांडे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में ब्लॉक स्तर पर निकाली जा रही यात्रा में शामिल होंगे। शाम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6 फरवरी से 12 फरवरी तक के समर्थन के लिए ज्योत से ज्योत जगाते चलो सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी बैठक में शामिल होंगे।

## सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ज्योति ललित कला अकादमी बरेली की ओर से तीन दिवसीय सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन राज्य ललित कला अकादमी लाल बारादरी में किया गया। सोमवार को प्रदर्शनी के दूसरे दिन वरिष्ठ चित्रकार मोहम्मद इस्हाक ने नाइफ की मदद से महज 5 मिनट में पेंटिंग बना कर दर्शकों को मोहित कर लिया। नाइफ से पेंटिंग बनते देख दर्शकों की तालियों से कला वीथिका गूंज उठी। मोहम्मद इस्हाक ने उपस्थित कलाकारों को कला की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराते हुए उनके सवालों के जवाब दिये। इस मौके पर ज्योति ललित कला अकादमी बरेली के संस्थापक उमेश चन्द्र, अध्यक्ष परमानंद, उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण, सचिव कृष्णा शंकर, मोहम्मद फुरकान, कलाकार लोकेश कुमार, अभिषेक चौहान, दानिश खान, मन्तशा परवीन, शिवानी पाल, गरिमा सिंह, वैष्णवी शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जश्ने मौलूदे काबा का आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** हजरत अली के जन्मदिन की खुशी में महफिल-मीलाद और नज्र-नियाज का सिलसिला जारी है। ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित हौजए इल्मिया जामियातुत तब्लीग में जश्ने मौलूदे काबा का आयोजन किया गया। वहीं हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित डॉ. हुसैन मोहसिन जैदी के इमामबाड़े में जश्ने मौलूदे काबा का आयोजन किया गया। ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित हौजए इल्मिया जामियातुत तब्लीग में आल इंडिया जश्ने मौलूदे काबा का आगाज मौलाना इब्राहीम ने तिलावते कलामे पाक से किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने कहा कि महफिल-मजलिस में कोई ऐसा काम न करें जिससे मजलिस-महफिल को नुकसान पहुंचे। महफिल की अध्यक्षता मौलाना मिर्जा एजाज अतहर और संचालन मौलाना किरतास कर्बलाई ने किया। महफिल में शायरों ने बारगाहे इमामत में अपने कलामों का नजराना पेश किया। मौलाना मिर्जा रजा अब्बास ने तकरीर करते हुए महफिल में शामिल उलमा, जाकिर व मोमिनीन का शुक्रिया अदा किया। वहीं हरदोई रोड के सरफराजगंज मेहदी इन्क्लेव स्थित डॉ. हुसैन मोहसिन जैदी के इमामबाड़े में हुए जश्ने मौलूदे काबा का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कलामे पाक से किया। महफिल को जामिया नाजमियां के प्रोफेसर मौलाना जहीर अब्बास ने खिताब करते हुए हजरत अली की फजीलत और अजमत बयान की।

## नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित हुआ भव्य 'अन्तराग्नि' वार्षिकोत्सव व खिचड़ी भोज

वहाज अली निहाल



**इटावा।** नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की एक अनोखी पहल के तहत इस वर्ष भी खिचड़ी भोज एवं विद्यालय वार्षिक समारोह अन्तराग्नि का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पारम्परिक त्यौहारों और देश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. दयालु जी महाराज भागवत कथा मर्मज्ञ नई दिल्ली एवं संजय कुमार एस.एस.पी., ,विद्यालय के चेयरमेन इं हरि किशोर तिवारी,विद्यालय के वायस चेयरमेन इं अंकित तिवारी,विद्यालय निदेशिका डॉ0 श्वेता तिवारी,पूनम शर्मा,विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने माँ शारदे पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य के द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य,गीत एवं नाटक के विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। देश के जाने-माने हास्य कवि श्री लटूरी सिंह 'लट्ठ' ने अपनी कविताओं के माध्यम से उपस्थित हजारों की भीड़ को हसने पर मजबूर कर दिया।मुख्य अतिथि संजय कुमार एस.एस.पी. ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्रओं को दूसरों का अनुसरण न करके ऐसे काम करना चाहिये कि दूसरे उनका अनुसरण करें तथा सबसे पहले अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिये सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें।मुख्य अतिथि डॉ0दयालु जी महाराज भागवत कथा मर्मज्ञ नई दिल्ली ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में संगठित हो कर रहने की जरूरत है। जिससे भाई-चारा बना रहे। विद्यालय की निदेशिका डॉ0श्वेता तिवारी ने कहा कि खिचड़ी शब्द में ही एक ऐसी मिठास है कि इसमें अपनेपन का एहसास होने लगता है तथा खिचड़ी का त्योहार भारतीय संस्कृति की पहचान है।विद्यालय के चेयरमेन इंजी0हरि किशोर तिवारी जी ने कहा कि खिचड़ी भोज के कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य व्यस्त जीवन में लोगों को वर्ष में एक दिन ही सही साथ मिल-बैठ कर मुलाकात करना है।खिचड़ी भोज का कार्यक्रम विद्यालय में लगातार 14 वर्षो से मनाया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि विद्यायल के छात्र/छात्राऐं ही हमारी आने वाली पीढ़ी हैं हमे इनको अभी से ही संस्कार और संस्कृति की राह पर ले जाना होगा तभी देश सही मायने में विकसित देश बनेगा। खिचड़ी भोज केवल भोज का ही कार्यक्रम नहीं है अपितु इसमें भारतीय संस्क्रति व संस्कार को समेटे हुये विविध सांस्क्रतिक कार्यक्रमो की झलक भी मिलती है।

इस कार्यक्रम में सी.बी.एस.ई. प्रधानाचार्य व सिटी कोर्डिनेटर डॉ0 आनन्द मुनि,डॉ0 कमल कुमार,डॉ0 कैलाश यादव, अनूप मिश्रा,मनोज एम.एस., जे.पी.सिंह यादव,अवलेन्द्र कुमार आदि गणमान्य लोगों के अलावा शहर के हजारों आम लोगों ने भी शिरकत की।

## ग्राम भूसेरा प्रधान ने 2 वर्षों से नहीं कराया कोई कार्य

अवधनामा संवाददाता

**ग्रामीणों ने की प्रधान पर कार्रवाई की मांग**

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत भूसेरा के निवासियों ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को दिया ज्ञापन ।पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत भूसेरा के प्रधान द्वारा बीते 2 वर्षों से किसी प्रकार का विकास कार्य नहीं कराया गया है। गांव में विभिन्न प्रकार की जन समस्याएं हैं।

गांव में टूटे खडन्जे व खुली नालियां पड़ी हैं। ग्राम प्रधान द्वारा 2 वर्ष पूर्व मेवाराम के दरवाजे से लेकर अनंत राम के दरवाजे से होते हुए। बालक राम के दरवाजे तक पुराना खड़ंजा उखड़वा लिया गया। जिसकी ईट अपने निजी कर में लगा ली गई । तब से लेकर आज तक रास्ता कच्चा ही पड़ा है। गांव के सार्वजनिक शौचालय का निर्माण लगभग 3 वर्ष पूर्ण कराया गया था ।जिसमें घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया था। जिससे शौचालय जर्जर अवस्था में हो गया है तथा ग्राम बसेरा के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीबाल भी 3 वर्ष पूर्व बनी थी। वह भी टूटी पड़ी है। ग्राम प्रधान विकास में किसी प्रकार की रुचि नहीं ले रहे हैं।

ग्राम प्रधान विनय सिंह पेशे से अधिवक्ता है। जिस कारण वह पंचायत अधिकारियों से अनुचित कार्य करने के लिए दबाव बनाता रहता है। ऐसा न करने पर फर्जी मुकदमे फसाने का निरंतर प्रयास करता रहता है। उन्होंने कमियों की जांच कराकर ग्राम प्रधान के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रदीप कुमार, धर्म सिंह, संदीप सिंह भूसेरा अन्य सभी ग्रामीण उपस्थित रहे।

**कार्यालय - जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।**

पत्रांक : 129/नि0अ0/ई-टेण्डर/जि0पं0/2023.24 दिनांक : 29 जनवरी, 2024

**ई-निविदा सूचना**

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त, राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवॉ वित्त आयोग (टाईड) अनुदान योजनान्तर्गत निम्न कार्य प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेबसाईट http://etender.up.nic.in से दिनांकः 12.02.2024 अपरान्ह 02.00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाइन निविदा दिनॉकः 20.02.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक डाली जा सकती है, जो दिनांकः 20.02.2024 को सायं 04.00 बजे से निविदा समिति के समक्ष तकनीकी बिड ऑनलाइन खोली जायेगी तथा तकनीकी बिड जॉचोपरान्त फाइनेन्सियल बिड आनलाइन खोली जायेगी। कार्यो का विवरण बेबसाईट http://etender.up.nic.in व http//kheri.nic.in तथा कार्यालय के कार्य दिवस में जाना जा सकता है।

**अभियन्ता, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।**

**अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी**

## कम्पिल पुलिस ने मुठभेड़ में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

### एक तमंचा, चार कारतूस एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कायमगंज सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में अपराध में अपराधियों को विरुद्ध चलाए जाए रहे अभियान के तहत कम्पिल पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले एक अभियुक्त पवन पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी सूरजपुर चमरौआ थाना कम्पिल को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक देसी तमंचा एक कारतूस 315 बोर और एक पल्सर मोटरसाइकिल बिना नंबर सहित गिरफ्तार किया है द्यपूछताछ के दौरान अभियुक्त विपिन उर्फ पवन पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी सूरजपुर चमरौआ थाना कपिल ने बताया कि मुझसे गलती हो गई मुझे माफ कर दीजिए। और बताया कि मेरे खिलाफ काफी मुकदमे हैं।इसलिए मेरे काफी लोगों से रंजिश है अपनी सुरक्षा के लिए तमंचा रखता हूं। पकड़े जाने की डर से मैंने फायर कर दिया। भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम कम्पिल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार कंचन, उप0 नि0 विवेक कुमार सिंह, उदयवीर सिंह, का0 पंकज गौतम, संजीव कुमार, पंकज इंदौलिया, बॉबी कुमार मौजूद रहे।

# सुपर पावर के रूप में भारत का हो रहा उदय

**नई दिल्ली।** ईरान समर्थित आतंकी संगठन हाउती की ओर से शुक्रवार को अदन की खाड़ी में ब्रिटिश तेल टैंकर एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले के बाद भारतीय नौसेना की ओर से तुरंत मदद भेजे जाने को लेकर भारत की तारीफ हो रही है। विश्वभर से विशेषज्ञ और अन्य लोग इसे भारत के एक सुपरपावर के रूप में उदय की संज्ञा दे रहे हैं।

इस घटना को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि विश्व शक्ति माने जाने और जिबूती (घटना के क्षेत्र के पास) में नौसैनिक अड्डा होने के बावजूद चीन ने संकट के समय काल का जवाब नहीं दिया। यह भारतीय नौसेना थी, जिसने कार्रवाई में तेजी दिखाई। यूरोप स्थित इतिहासकार और शोधकर्ता मार्टिन सारब्रे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत ने इससे बढ़त बना ली है। महाशक्ति का उदय हो रहा है। चीन पर लार टपकाना बंद करें।

ब्रिटिश पत्रकार मार्क अर्बन ने भी इसे आकर्षक बताया कि अदन की खाड़ी और लाल सागर में संकट के वक्त चीन ने नहीं, बल्कि भारत



ने कार्रवाई की है। अर्बन ने एक्स पोस्ट में कहा है कि उभरती महान शक्तियों के बीच यह देखना दिलचस्प है कि भारत अदन की खाड़ी और लाल सागर में संकट से कैसे उबरा है। चीन उतना नहीं।

यूएई के हसन सजवानी ने पोस्ट में कहा है कि भारत की नौसेना ने अदन की खाड़ी में रूसी तेल उत्पाद ले जा रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को संकट के समय मदद की। विदेशी मामलों के विशेषज्ञ अभिजीत अय्यर-मित्रा ने भी जिबूती में नौसैनिक अड्डा होने के बावजूद नौवहन संपत्तियों को सुरक्षा प्रदान नहीं करने के लिए चीन को आड़े हाथों लिया। मित्रा ने कहा कि भारत अरब सागर में नौवहन को सुरक्षा प्रदान कर रहा है, जिबूती में बेस वाला चीन ऐसा नहीं कर रहा है।

ब्रिटेन हाउती आतंकियों का हमला नहीं रुक रहा है। ब्रिटिश अधिकारियों ने कहा है कि एक ब्रिटिश युद्धपोत एचएमएस डायमंड ने शनिवार को लाल सागर में हाउती की ओर से किए गए ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि सी वाइपर मिसाइल प्रणाली को तैनात करते हुए युद्धपोत ने उसे निशाना बनाने वाले ड्रोन को नष्ट कर दिया।

## यूजीसी के मसौदा निर्देशों पर शिक्षा मंत्रालय की सफाई

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय अनुदान आयोग (ɭष्ट) के एससी, एसटी या ओबीसी के शिक्षकों के पदों को खाली रहने पर आवश्यकतानुसार अनारक्षित करने के दिशा-निर्देशों के मसौदे पर अमल होने से साफ इनकार किया है। साथ ही यूजीसी अध्यक्ष ने भी अब तक खाली पड़े आरक्षित पदों को शीघ्र भरने की बात कही है। शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी के प्रस्ताव का विरोध होने के बाद रविवार को एक्स पर पोस्ट जारी करके कहा कि केंद्रीय शिक्षण संस्थान (प्रध्यापकों के कैडर में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के लागू होने के बाद से किसी भी आरक्षित पद को अनारक्षित नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय शिक्षण संस्थानों को सख्ती से 2019 अधिनियम का पालन करने को कहा है। यूजीसी के प्रस्तावित मसौदे पर कांग्रेस ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मोदी सरकार दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के मुद्दों पर केवल प्रतीकों की राजनीति करती है। उसका उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी पदों से यह आरक्षण खत्म करने की साजिश है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यूजीसी के इस प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि कुछ साल पहले आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने आरक्षण की समीक्षा किए जाने की बात की थी।

अब उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी को दिए जाने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश हो रही है। वहीं, जेएनयू के छात्र संगठन जेएनयूएसयू ने इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है और वह यूजीसी के अध्यक्ष एम.जगदीश कुमार का पुतला भी फूंकेंगे।

इन दिशा-निर्देशों की आलोचना पर यूजीसी के अध्यक्ष एम.जगदीश कुमार ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापकों की सीधी भर्ती में सभी पदों के लिए आरक्षण यथावत कायम रहेगा। अनारक्षण की स्थिति न पहले हुई है और ना ही आगे होगी।

# कांग्रेस 2024 नहीं 2029 की तैयारी कर रही है: नीतीश

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर भाजपा का हाथ थाम लिया है, जिसके बाद राजनीति में भारी हलचल देखने को मिल रही है। एक तरह राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है, तो वहीं दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन कमजोर होती नजर आ रही है। अब तक बंगाल और पंजाब में ही विपक्षी INDIA गठबंधन कमजोर नजर आ रहा था, लेकिन अब बिहार में इसकी ताकत कम हो गई है। ऐसे में बहुत से लोगों के मन में सवाल है कि आखिर विपक्षी गठबंधन आगे क्या और किस तरह की रणनीति बनाने वाली है। इसी बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस किसी को रोकने की कोशिश नहीं करती, जिसे जाना हो जाओ, कांग्रेस एक महान पार्टी है। दरअसल, आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, INDIA गठबंधन जब से बना तभी से ये गंभीर बीमारियों से ग्रस्त है। शुरुआत से ही इसमें तरह-तरह



के वायरस आ गए, फिर ये आईसीयू में चला गया और अंत में वेंटिलेटर पर था। फिर कल नीतीश कुमार ने इसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। अब INDIA गठबंधन का क्या होगा

बता दें कि बीते रविवार को नीतीश कुमार ने दोपहर में राज्यपाल से मुलाकात करके उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके तुरंत बाद बीजेपी की बैठक हुई, जिसके बाद एक सीएम के साथ दो डिप्टी सीएम के फार्मूले पर एनडीए के साथ सरकार बनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद शाम पांच बजे नीतीश कुमार ने 9वीं बार बिहार के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। आपको बता दें कि बिहार की राजनीति में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी मुख्यमंत्री ने दिन में इस्तीफा दिया हो और शाम को उसका शपथ ग्रहण हो।

## तेज रफ्तार ट्रॉली ने कार को मारी टक्कर, 2 बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में एक कार की तेज रफ्तार से आ रही लॉरी से टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत कोशिश की लेकिन कार हाइवे के दूसरी ओर जा गिरी। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक महिला बुरी तरह घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि




हो गई। वहीं, एक अन्य को गंभीर चोटें आईं है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। दुर्घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य पड़ोसी आंध्र प्रदेश की यात्रा के बाद रविवार देर रात एक कार से अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, जिले के मिर्यालगुडा के पास हाइवे पर विपरीत दिशा से आ रही लॉरी ने कार को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि कार के चालक ने कुत्ते से टकराने से बचने की उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि लॉरी चालक को पकड़ लिया गया है। इससे पहले 6 जनवरी को तेलंगाना के महबूबनगर स्थित बालानगर चौरास्ता में भीषण सड़क हादसा हुआ था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। दरअसल, एक तेज रफ्तार लॉरी ने एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी थी। इस ऑटोरिक्शान में 6 यात्री सवार थे।

## कर्नाटक के राज्यपाल ने रामलला की मूर्ति बनाने के लिए मूर्तिकार अरुण योगीराज को सम्मानित किया

**बेंगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने रविवार को बेंगलुरु के राजभवन में

**रामलला**

> मेरे पूर्वजों, परिवार के सदस्यों और भगवान रामलला का आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है।

मूर्तिकार अरुण योगीराज को अयोध्या राम मंदिर में स्थापित कृष्ण शिला पत्थर से बनी 51 इंच की रामलला की मूर्ति बनाने के लिए सम्मानित किया। अयोध्या में रामलला की मूर्ति के %प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कुछ दिनों बाद रामलला की मूर्ति को तराशने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज ने कहा कि वह इस अवसर के लिए भगवान के आभारी हैं। अरुण योगीराज ने कहा, लोग मुझे जो प्यार दिखा रहे हैं, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं इस अवसर के लिए भगवान का बहुत



आभारी हूं। भगवान राम की मूर्ति बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया पत्थर मैसूर जिले का है। मुझे लगता है कि यह भगवान राम का आशीर्वाद है कि मुझे यह अवसर मिला।÷ रामलला की मूर्ति तराशने वाले मूर्तिकार योगीराज 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे। उन्होंने एएनआई से कहा, रामलला की मूर्ति गढ़ने वाले मूर्तिकार योगीराज खुद को बेहद आशीर्वाद की स्थिति में पाते हैं। उन्होंने कहा, मैं पृथ्वी पर सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूं। मेरे पूर्वजों, परिवार के सदस्यों और भगवान रामलला का आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है। कभी-कभी मुझे लगता है जैसे मैं किसी सपनों की दुनिया में हूं। यह मेरे लिए सबसे बड़ा दिन है। मूर्तिकार ने कहा, ''मैंने कई रात जागकर मूर्ति पर बारीकी से काम किया क्योंकि ऐसा करना आवश्यक था। मुझे लगता है कि मैं पृथ्वी पर सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूं और आज मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने मूर्ति बनाने की कला अपने पिता से सीखी। आज मेरी मूर्ति को यहां देखकर उन्हें बहुत गर्व होता।''

## पश्चिम बंगाल फर्जी प्रमाण पत्र मामले पर अब सुप्रीम कोर्ट ने दिया दखल

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में फर्जी सर्टिफिकेट से संबंधित मामले को कलकत्ता हाई कोर्ट से अपने पास स्थानांतरित किया। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों को इस बीच अपनी दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की दो पीठों के समक्ष सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। दरअसल, पश्चिम बंगाल में फर्जी प्रमाण पत्र के मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट के दो जजों के बीच लड़ाई छिड़ गई जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने अपने साथी न्यायाधीश सौमेन सेन के खिलाफ कदाचार के आरोप लगाए।

## सुप्रीम कोर्ट से आंध्र सरकार को झटका


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती इनर रिंग रोड घोटाला मामले में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है। जज संजीव खाना और जज दीपांकर दत्ता की पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है,



जिसमें उन्होंने चंद्रबाबू नायडू को राहत राहत देने वाले 10 जनवरी के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि अन्य आरोपियों से जुड़ी उसी स्नढ्ढक्रके मामले में अपील को पिछले साल अदालत ने खारिज कर दिया था। पीठ ने कहा कि अदालत द्वारा पारित पहले के आदेश को देखते हुए पीठ राज्य सरकार की अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है। बता दें कि इनर रिंग रोड घोटाला अमरावती राजधानी शहर की मास्टर प्लान से जुड़ा है। आरोप है कि चंद्रबाबू नायडू के कार्यकाल के दौरान अमरावती शहर के मास्टर प्लान, इनर रिंग रोड के संरेखण और प्रारंभिक पूंजी में हेरफेर करने से संबंधित है। आरोप है कि इसमें कई कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

## 50 बार सिर पर हथौड़े से वार, नशेड़ी आरोपी ने बेरहमी से की भारतीय छात्र की हत्या

**न्यूयॉर्क।** हाल ही में अमेरिका में एमबीए की डिग्री हासिल करने वाले 25 वर्षीय भारतीय छात्र को जॉर्जिया राज्य के लिथोनिया शहर



में एक बेघर नशेड़ी ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आरोपी को क्रूरता करते हुए देखा जा रहा है। कैमरे में साफ दिखाई दे रहा है कि हमलावर जूलियन फॉकनर ने विवेक सैनी के सिर पर हथौड़े से करीब 50 बार बेरहमी से वार किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विवेक सैनी पिछले कुछ दिनों से हमलावर की मदद कर रहा था, उसे जरूरत का सारा सामान दे रहा था। यहां तक कि विवेक सैनी ने आरोपी पर दया दिखाते हुए उसे चिप्स, कोक, पानी और यहां तक कि गर्मी के लिए एक जैकेट भी दी थी। विवेक सैनी पर 16 जनवरी को घर जाते समय हमला किया गया, जब उन्होंने सुरक्षा की चिंता करते हुए फॉकनर से प्रस्थान करने या पुलिस हस्तक्षेप का सामना करने का अनुरोध किया था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने फॉकनर को सैनी के निर्जीव शरीर के ऊपर खड़ा पाया। युवा छात्र, जो दो साल पहले बीटेक पूरा करने के बाद अमेरिका चला गया था, उसने हाल ही में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की थी।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, फिलहाल, हरियाणा में सैनी का परिवार अपने होनहार बेटे के निधन से शोक में डूबा हुआ है। उसके परिजनों ने बताया कि उसे एक अच्छी नौकरी मिलने वाली थी। उनके माता-पिता, गुरजीत सिंह और ललिता सैनी सदमे में हैं और फिलहाल इस दुखद घटना पर चर्चा करने में असमर्थ हैं।

## जापान के लिए वीजा-मुक्त नीति को फिर से बहाल करने पर विचार करेगा चीन

**बीजिंग।** जापान के साथ अपनी सीमा यात्रा को और भी आसान बनाने के लिए चीन पिछली वीजा-मुक्त व्यवस्था को फिर से शुरू करने की सोच रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इस प्रोसेस को फिर से शुरू करने पर चीन विचार करेगा। इसके साथ ही चीन ने उम्मीद जताई है कि जापान दोनों देशों के बीच सीमा पार यात्रा को आसान बनाने के लिए बीजिंग के साथ काम करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने एक डेली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछे गए सवाल पर यह जवाब दिया है। एक रिपोर्ट ने वांग से पूछा था कि चीन ने अभी तक महामारी के दौरान निलंबित की गई वीजा-मुक्त नीति को बहाल क्यों नहीं किया है? बता दें कि COVID-19 से पहले, जापानी नागरिक 14 दिनों तक बिना वीजा के चीन में प्रवेश कर सकते थे।

# पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में 10 और लोगों का किया अपहरण

**बलूचिस्तान।** द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शनों के बीच पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के डेरा बुगती इलाके से 10 लोग गायब हो गए हैं। रविवार को दैनिक की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर सुई शहर, डेरा बुगती में घर-घर तलाशी अभियान चलाया और अलग-अलग घरों पर छापे मारकर 10 लोगों को गायब कर दिया। दैनिक रिपोर्ट में बताया गया, पाकिस्तानी सेना ने जफर कॉलोनी में छापेमारी की जिसके बाद जीटीए के जिला अध्यक्ष और जम्हूरी वतन पार्टी के कार्यकर्ता मीरान बख्श बुगती के बेटे मास्टर गौस बख्श लापता हैं। इसी तरह, हाजी बुगती के बेटे रहीम दाद और स्वाली बुगती के बेटे रहीम दाद को भी आतंकवाद विरोधी विभाग (सीटीडी) और गुप्त एजेंसी के अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया। बलूचिस्तान पोस्ट ने रिपोर्ट किया, गोबर खान बुगती का बेटा आतिफुल्ला सुई के

**अभियान**

> डेरा बुगती में घर-घर तलाशी अभियान चलाया और अलग-अलग घरों पर छापे मारकर 10 लोगों को गायब कर दिया।

जोकरा मोड़ इलाके में अपने घर से कथित तौर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद लापता हो गया, जबकि तीन अन्य युवकों को भी सुई के शाहजैन पंप इलाके से हिरासत में लिया गया और उनकी पहचान नहीं की जा सकी। इसके अलावा, हनीफ बुगती के बेटे फैसल और शाह गुल बुगती के बेटे शाह हुसैन को भी काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने सुई



फील्ड फेंस के लेबर क्वार्टर से हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में शाम को दोनों को रिहा कर दिया गया। दूसरी ओर, केच जिले के तेजबन इलाके के निवासी बहादुर चकर के परिवार ने पाकिस्तानी सेना द्वारा जबरन गायब किए जाने के विरोध में आज दूसरे दिन भी धरना जारी रखा। शनिवार की रात पाकिस्तानी बलों ने कथित तौर पर तेजबन संग कलात में बहादुर चकर नाम के एक युवक के घर पर छापा मारा और उसे हिरासत में ले लिया, जिसके बाद उसका पता नहीं चल पाया। घटना के बाद, परिवार और स्थानीय लोगों ने एम-8 सीपीईसी राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और युवक को जबरन गायब करने के विरोध में धरना देकर यातायात रोक दिया।

## जॉर्डन में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हुए हमले के बाद ईरान ने दी अपनी सफाई

**तेहरान।** सीरियाई सीमा के पास पूर्वोत्तर जॉर्डन में रात भर हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इस बीच ईरान ने सफाई दी है कि जॉर्डन में हुए ड्रोन हमले से उसका कोई संबंध नहीं है। रात भर हुए ड्रोन हमले में मारे गए 3 अमेरिकी सेना के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि अमेरिका इसका जवाब देगा। बता दें कि बाइडन ने इस हमले के लिए ईरान समर्थित मिलिशिया को जिम्मेदार ठहराया है। राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए द्वारा पब्लिश एक बयान में कहा गया कि ईरान का अमेरिकी बेस पर हमले से कोई संबंध नहीं था और इसका इससे कोई लेना-देना नहीं था। क्षेत्र में अमेरिकी बलों और प्रतिरोध समूहों के बीच संघर्ष है, जो जवाबी हमले करते हैं।

## 8 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले कराची में बढ़ी हिंसा

# गोलीबारी में 1 की मौत 3 अन्य घायल

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में बीते कुछ दिनों में चुनावी हिंसा काफी बढ़ी है।

**घायल**

> आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये।

पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस वजह से राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दलों के बीच पहले से ही कई झड़पें हो चुकी हैं। सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी



के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की एक चुनावी रैली पर पुलिस की भारी टुकड़ियों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेष रूप से कराची जो पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र भी है, पर पीपीपी के गढ़ को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आगामी चुनावों में विभिन्न पार्टियां जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। बिलावल जरदारी-भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी की सिंध और कराची पर पकड़ तब भी बनी हुई है, जब खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने 2018 में पिछले चुनावों में सरकार बनाई थी और अविश्वास प्रस्ताव के बाद 2022 में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन के दौरान भी पीटीआई शासन को समाप्त कर दिया। हालांकि, राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, सिंध और कराची में पीपीपी के स्थायी प्रभाव के बावजूद, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में, सत्ता की गतिशीलता में बदलाव की संभावना है। पीपीपी, एमक्यूएम-पी, पीटीआई, जमात-ए-इस्लामी और कुछ स्वतंत्र उम्मीदवार कराची में चुनाव के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

# बिगड़े संबंधों को सुधारने की कोशिश में ईरान और पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** हाल ही में ईरान और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दोलहियन सोमवार को अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियन का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, ÷यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात करेंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद हो रही है। हालांकि, संघर्ष की स्थिति तब बच गई, जब




इस्लामाबाद द्वारा उसकी कार्रवाई के जवाब में जवाबी हमले शुरू करने के बाद तेहरान ने खुद को जवाबी कार्रवाई करने से रोक लिया। इस महीने की शुरुआत में, पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ सटीक सैन्य हमले किए, जिसमें नौ लोग मारे गए। इस हमले को ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के प्रतिशोध के रूप में देखा गया, जिसमें पाकिस्तान के अनियंत्रित बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के दो ठिकानों को निशाना बनाया गया था। हालांकि, विवाद के बाद संबंधों में सुधार हुआ है, लेकिन आतंकवादियों ने शनिवार को ईरान के सिस्तान-ब्लूचिस्तान प्रांत में नौ पाकिस्तानी मजदूरों की हत्या कर दी, जिससे नई चिंताएं पैदा हो गई हैं।

# रज्जू भैया का जीवन राष्ट्र को समर्पित: प्रो. वंदना

- रज्जू भैया समर्पण की प्रतिमूर्ति : अजीत
- संघ के विभाग प्रचारक अजीत जी ने रज्जू भैया के साथ अपनी यादों को साझा किया

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान में रज्जू भैया की जयंती के अवसर पर कुलपति प्रो वंदना सिंह ने रज्जू भैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रो. वंदना सिंह ने रज्जू भैया जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रज्जू भैया प्रयागराज विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर थे। इसी के साथ बचे हुए समय को उन्होंने समाज के साथ समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया आदि लोग उपस्थित थे।

इसके बाद रज्जू भैया संस्थान में प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जन्मजयंती पर स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जौनपुर विभाग के विभाग प्रचारक अजीत ने कहा कि प्रो राजेंद्र सिंह सरलता, सहजता व आत्मीयता के प्रतिमूर्ति थे। इसी कारण लोग प्रो राजेंद्र सिंह को प्यार से रज्जू भैया कहते थे। उन्होंने रज्जू भैया के जीवन के ऊपर विस्तार से प्रकाश डाला। अजीत जी ने रज्जू भैया के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने रज्जू भैया के राजनीतिक प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि नानाजी देशमुख रज्जू भैया से प्रभावित होकर चित्रकूट में ग्रामोदय का कार्य प्रारंभ किया। सन 1966 में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) ने प्रयाग विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। तत्पश्चात् वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जीवनव्रती प्रचारक के रूप में उस पथ के पथिक बनकर संघ कार्य में अहर्निश सक्रिय हो गए। रज्जू भैया बाद में 1994 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सरसंघचालक बने। उन्होंने एक शिक्षक, स्वयंसेवक, प्रचारक से लेकर सरसंघचालक तक की महती जिम्मेदारियों को बड़ी सहजता और सरलता के साथ निभाया। व्याख्यान में प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने भी रज्जू भैय्या के जीवन पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत रज्जू भैया संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने किया। व्याख्यान का विषय प्रवर्तन डॉ नितेश जायसवाल ने किया किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ राज कुमार, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ मनीष प्रताप सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ श्रवण कुमार, डॉ आलोक वर्मा, डॉ मनोज पांडे, डॉ नवीन चौरसिया, डॉ दिनेश सिंह, डॉ इंद्रजीत और अन्य शिक्षक तथा सभी शोध छात्र उपस्थित रहे।

## रैदास जयन्ती पर सन्त सम्मेलन 24 फरवरी को

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के संयुक्त तत्वावधान में संत आंदोलन के प्रणेता संत शिरोमणि गुरु रैदास (जन्म माघी पूर्णिमा) की 648 वीं जयन्ती पर एकदिवसीय संत सम्मेलन का आयोजन आगामी 24 फरवरी के यमुनापार की विधानसभा बारा स्थित विकास खण्ड जसरा की ग्रामसभा जसरा में किया गया है।

जयंती समारोह में क्राइम ब्रांच प्रयागराज के अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चन्द्र बतौर मुख्य अतिथि, डा. दीनानाथ एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी विभाग, सीएमपी डिग्री कॉलेज बतौर मुख्य वक्ता, मा. संजय कुमार डिप्टी कमिश्नर उद्योग पीलीभीत बतौर विशिष्ट अतिथि अपने विचार रखेंगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बाल शिविर का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जौनपुर नगर में बाल शिविर का आयोजन रामनाथ महाविद्यालय ईसापुर में हुआ जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 10 तक के 120 बाल स्वयंसेवकों ने प्रतिभा किया जो दिनांक 27 जनवरी से आरंभ होकर 28 जनवरी 2024 दोपहर 1:00 संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन करते हुए जौनपुर विभाग के विभाग प्रचारक श्रीमान अजीत ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं बच्चों के मन में राम है राम के चरित्र को बच्चे चरितार्थ कर राष्ट्र भावना से ओत प्रोत हो यही शिविर का उद्देश्य है । समापन सत्र को संबोधित करते हुए जौनपुर जिला के जिला प्रचारक रजत जीतने कहा कि यह शिविर बच्चों के अंदर अनुशासन, भारतीय संस्कार और राष्ट्र भावना जागृत करेगी। कार्यक्रम में जिला संघ चालक डॉक्टर सुभाष सिंह नगर सह संघचालक अरुण जी नगर प्रचारक मंगलेश्वरम जी सर्वव्यवस्था प्रमुख राजीव जी, नगर कार्यवाह डॉ राजीव त्रिपाठी ,आनंद ,अमित जी ,अनिल ,अनिकेत ,शक्ति , सूर्या ,अजय ,ऐश्वर्या जिला विभाग प्रांत आदि से लोग उपस्थित रहे।

# नीतीश इण्डिया गठबंधन में दुल्हा नहीं बने तो सहबाला बनकर ही काम करते: श्याम सिंह



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** सांसद श्याम सिंह यादव सोमवार को मियॉपुर स्थित कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहॉ कि दादा साहब फालके एन0जी0ओ0 के द्वारा एक सर्वे किया गया उस सर्वे में उ0प्र0 से दो सांसदों का चयन किया जिसमें जौनपुर लोकसभा सांसद श्याम सिंह यादव को मेडल, मेमनटों व प्रशसति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान बिहार के राजनितिक घटनाक्रम के सम्बन्ध में बताया की इस घटना को सहज भाव से हम लेते हैं और मुख्यमंत्री नितिश कुमार इण्डिया गठबंधन में आये थे और आंतरिक सूचना लेकर पाला बदल लियें। मेरा कहना है कि इण्डिया गठबंधन में दुल्हा नही बने तो सहबाला बनकर ही काम करतें। सांसद ने जौनपुर के विकास एवं उनके द्वारा विभिन्न परियोजनाओं पर कराये कार्यो पर विवरण भी प्रस्तुत किया। राम मन्दिर के सवाल पर उन्होंने बताया की 22 जनवरी, 2024 के उद्घाटन पर कहॉ की सनातन धर्म के अनुसार गलत है क्योकि इसमें देश चारों संक्राचार की सहमति नही थी, राजनितिक लाभ के लिए चुनाव के दृष्टिगत जल्दबाजी में देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया देश के राष्ट्रपति को इसमें नही बुलाया गया जो कि पूर्णत गलत रहा आगे कहॉ की प्रधानमंत्री मोदी ने राम मन्दिर के फैसले को अपने स्तर से लागू करवाया। आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के सम्बन्ध में पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहॉ की चुनाव मैं कतई नही लड़ना चाहता परंन्तु यदि पार्टी मुझे चुनाव लड़ाना चाहती है तो मैं इसपर विचार करूंगा।

## रोजगार मेले में 119 अभ्यर्थियों का चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में आज एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 119 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 208 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रत्नाकर अस्थाना, सहायक निदेशक(सेवा0), प्रयागराज द्वारा बेरोजगार नवयुवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन अभ्यर्थियों का चयन न हो पाया हो वे आगामी होने वाले ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम में चन्द्रकान्त सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी, मेला प्रभारी अधिकारी, प्रशांत तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य विश्वमोहन द्विवेदी, अनु0 द्वारा किया गया।

# रज्जू भैया ने अपना जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया: प्रो. त्रिपाठी

- रज्जू भैया जयंती के अवसर पर आरएसएस द्वारा आयोजित की गई संगोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इलाहाबाद विश्वविद्यालय नगर की इविवि इकाई द्वारा आज आरएसएस के चतुर्थ सर संघचालक स्व. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन सिविल लाइंस स्थित ÷हिंदुस्तानी अकादमी÷ में किया गया। कार्यक्रम में रज्जू भैया द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की गई व उनके जीवन से अनेक उदाहरणों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी( पूर्व कुलपति, बीएचयू एवं पूर्व अध्यक्ष, उच्चतर शिक्षा परिषद) की उपस्थिति रही एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक पाठक द्वारा की गई। प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) का जीवन सदैव ही राष्ट्र के लिए समर्पित रहा एवं संगठन को सशक्त बनाने में कुशल संगठनकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी महती भूमिका निभाई है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षक के रूप में अनेक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं छात्रों को राष्ट्र सेवा के भाव से जोड़ा। आज आयोजित की गई संगोष्ठी में अनेक प्रसंगों के माध्यम से रज्जू भैया के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि रज्जू भैया द्वारा किए गए कार्यों से आज भी हम सभी प्रेरित होते हैं, आज जहां एक ओर स्व से प्रेरित हो व्यक्ति कार्य कर रहा है वहीं रज्जू भैया ने अपना जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक पाठक ने रज्जू भैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण में रज्जू भैया द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। आयोजित संगोष्ठी में प्रयाग उत्तर भाग के भाग प्रचारक राज्यवर्धन, विश्वविद्यालय नगर प्रचारक संदीप, विद्यार्थी कार्यवाह ओमकार, सह विद्यार्थी कार्यवाह नंदिश, कार्यक्रम संयोजक शिवांक समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**निजामाबाद।** विधानसभा के अंतर्गत मिर्जापुर ब्लाक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई इस यात्रा के नेतृत्व करता मोहम्मद जकी अंसारी साहब ने किया मुस्तफाबाद ग्राम सभा से होते हुए काली चौराहा बाजार होते हुए कुजयारी ग्राम सभा होते हुए मोहजबपुर खुटहना होते हुए डॉक्टर बाबा भीमराव अंबेडकर मूर्ति पर भारत जोड़ो नया यात्रा समाप्त किया गया तमाम वक्ताओं ने संबोधन किया! इस यात्रा में भाग लेने वाले अल्पसंख्यकॅ जिला अध्यक्ष नदीम खान साहब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि शंकर पांडे अल्पसंख्यक जिला महासचिव मोहम्मद तारीक साहब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव मुस्तकीम अहमद अध्यक्ष भंवरनाथ यादव जी ग्राम कांग्रेस अध्यक्ष आदिल शेख कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आफ्ताब और हिटलर भाई अंबिया साहब नेता ध्यान चंद्र जी मोहम्मद ताकि हाफिज नदीम मोहम्मद मुस्लिम अफ्सर तमाम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

# सुनील चतुर्वेदी बने जिला संगठन मंत्री लोगों ने दी बधाई



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** क्षेत्र के मिरशापुर गांव निवासी सुनील चतुर्वेदी को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. द्वारा इन्हें जिले का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं प्रदेश अध्यक्ष पं.अवध नारायण तिवारी द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया वही आपको बता दें कि चतुर्वेदी द्वारा संगठन से जुड़े रहकर संगठन के लिए वर्षो से कार्य कर रहे थे। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के प्रति इनके समर्पण एवं भाव को देखकर इन्हें जिम्मेदारी सौंप वही वार्ता के दौरान सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि हम राष्ट्रीय अध्यक्ष के आभारी हैं। और जो जिम्मेदारी हमें दी है उसका बखूबी पालन करेंगे। और अपने संगठन को आगे बढ़ने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनय मिश्रा सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

# पीडीए जनपंचायत जीत के लिए तैयारी में जुटी सपा

- प्रत्येक गाँव एवं मोहल्लों में समाजवादी पार्टी के नेता लगा रहे हैं पीडीए जनपंचायत

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी पीडीए पखवाड़ा का आयोजन कर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, पीड़ित शोषित अगड़ा ) को एकजुट करने का भरपूर प्रयास कर रही है। 26 जनवरी से शुरू पखवाड़ा आगामी 9 फरवरी तक चलेगा। पीडीए चौपाल लगाकर सपा नेता संविधान एवं लोकतंत्र बचाने के लिए पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक सहित पीड़ित एवं दुखी अगड़े समाज के लोंगो को समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि यदि उन्होंने एकजुटता नहीं दिखाई और अपनी वोट की कीमत नहीं समझी तो देश में बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं के साथ आये दिन हो रहे अत्याचार पर अंकुश नहीं लग पायेगा। वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर संविधान एवं लोकतंत्र विरोधी कार्य करने तथा सांप्रदायिक एवं अलगाव वादी विचारधारा को समाज में थोपने का काम करने का आरोप लगाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने की अपील कर रहे हैं। पार्टी की ओर से छपवाये राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सन्देश को भी वितरित किया जा रहा है। सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन के नेतृत्व में तथा विधानसभा अध्यक्षों द्वारा निर्धारित स्थानों पर पूरे जनपद में जनपंचायत आयोजित की जारही है। जिला प्रवक्ता दानबहादुर मधुर के अनुसार गंगापार के फूलपुर, सोराव, फाफामऊ, प्रतापपुर, हंडिया विधानसभाओं में आयोजित जन पंचायतों में पूर्व मंत्री आर. के. चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायकगण श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल व पूर्व विधायक गण अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, जोखूलाल यादव, बासुदेव यादव, पंधारी यादव, श्रीमती कमला यादव, दूधनाथ पटेल, सरिता बिन्द, सुरेश मौर्य, अमरनाथ मौर्य, राजू पासी, असगर अली अंसारी आदि सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार एक दिन में 4 से 5 जनपचायतें कर रहे हैं। इसी तरह यमुनापार एवं महानगर के मोहल्लों में भी पार्टी के नेता पदाधिकारी चौपाल लगा रहे हैं।

# श्री गणेश जन्मोत्सव पर निकाली विशाल शोभा यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** श्री गणेश के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को जॉनसेनगंज से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें दर्जनों झांकियां डीजे ढोल ताशा पार्टी शामिल थे। महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी ने आरती की। शोभा यात्रा में अधिकतर झांकियां राम जी के जीवन पर आधारित थी। उनके प्रदर्शनों को देखकर भक्त भवभोर हो गए थे। दया करो गणराज हम पर दया करो भजन पर महिलाओं पर भक्ति रंग चढ़ा हुआ था। शोभायात्रा हीवेट रोड, चंद्रलोक सिनेमा, कोठा परचा, बहादुरगंज, लोकनाथ, बजाज पट्टी, चौक घंटाघर होते हुए जॉनसन गंज में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में कौशल्या नंद गिरी टीना मां, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, एमएलसी केपी श्रीवास्तव, अभिनेश शुक्ला, अरुण वर्मा, पंडित दिगंबर त्रिपाठी,, पार्षद कुसुम लता, गौरी शंकर वर्मा, भरत कनौजिया, अनूप केशरवानी, विजय चौरसिया शेर पन्नी, मोहम्मद आमिर, डाबर भाई, अरुण केसरवानी, पल्लवी अरोड़ा, सोनू रावत, भक्त जन व व्यापारी आदि शामिल हुए। एसीपी सत्येंद्र तिवारी के कुशल नियोजन में कोतवाली पुलिस सुबह से ही ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त कर शोभायात्रा को सफलता पूर्वक संपन्न करने में अपना योगदान दिया।

# इंडियन एचीवर्स अवार्ड 2024 कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** मैजिकल मेमोरिस संस्था द्वारा भारत उत्सव के तत्वाधान में सहयोगी संस्थाओं द मदर्स लैप वेलफेयर फाउंडेशन, उन्नति फाउंडेशन, विजय विश्व भारती फाउंडेशन एवं प्रताप वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा इंडियन एचीवर्स अवार्ड 2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नम्रता पाठक, एमएलसी पवन सिंह चौहान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, अरमान खान विधायक, कार्यसमिति सदस्य राहुल गुप्ता, पुष्पलता अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप मे महंत गोस्वामी अनुराग भृगुवंशी, निधि आहूजा, मधुसूदन सिंह, प्रवीण सिंह चौहान, सुशील तिवारी, संजीव कुमार, अभिषेक विक्रम सिंह, विशाल विक्रम सिंह, शिवपाल सवारियां, गौरी सवारियां, अभिषेक बाजपाई एंव सरिता सिंह (फेलेन्स मेकअप आर्टिस्ट) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अलग अलग क्षेत्र से अपने कार्यो द्वारा अपनी एक अलग पहचान बनाने एवं अपने देश का नाम रौशन करने के लिए विभूतियों विशाल सिंह, हरदयाल मौर्या, प्रदीप कुमार शुक्ला, सुनीता रमन, मोहम्मद सैफ, प्रिया मिश्रा, संध्या पंडित, मोहम्मद बदर, स्नेहलता सिंह, कबीर सिंह, राजश्री श्रीवास्तव, रश्मि सिंह, एकता खत्तरी, रुचि रस्तोगी, लखन प्रताप सिंह, सुनील सिंह, अनामिका गुप्ता, विशाल श्रीवास्तव, उषा गोस्वामी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बच्चो द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी।

इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य आयोजक अमित सिंह चौहान, मानसी प्रीत जेस्सी, मनोज सिंह चौहान, मोहित सिंह चौहान, रोहित सिंह एवं ममता सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप शुक्ल एवं ऋषभ वर्मा द्वार किया गया।

## व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ (एएचटीयू) की मासिक समीक्षा बैठक

**आजमगढ़।** जनपद के थाना कोतवाली परिसर में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली श्री शशिमौली पाण्डेय की अध्यक्षता में व्यापारी बंधु, पेट्रोल पम्प एवं बैंक मित्रों/माइक्रो फाइनेन्स कर्मियों/होटल मालिको को अत्यधिक प्रभावी बनाये जाने एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशादृनिर्देश दिया गया। चर्चा के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा बताया गया कि सभी व्यापारी बन्धु अपने अपने दूकान को सड़क के सफेद पट्टी के पीछे लगायें तथा यह भी निर्देश दिया गया कि दुकान के सामने वाहन खड़ा न कराये व नगर पालिका को साफसफाई व हर्रा चुंगी मंदिर के पास पानी जमाव की समस्या के समाधान हेतु अवगत कराया गया।

# फैज, अक्षत, हर्षित बने जीत में नायक

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब ने पहले मैच में जय सेल्स वारियर को रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से और चंद्रकला यूनिवर्सल क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब को 124 रन से हराकर रतीश गुप्ता (पिकलू) स्मारक टी-20 कलर ड्रेस कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए है। दौलत हुसैन क्लब के फैज अली की आतिशी पारी ( 60 रन, 26 गेंद, एक चौके सात छक्के ) पारी खेली तो चन्द्रकला यूनिवर्सल के अक्षत पांडेय का हरफनमौला प्रदर्शन ( 59 रन, 30 गेंद, तीन चौके, छह छक्के एवं 3 - 0 - 12 - 3 ) और हर्षित नारायण तिवारी के नाबाद शानदार ( 77 रन, 48 गेंद, नौ चौके, दो छक्के ) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई है। डीएवी कॉलेज मैदान पर पहले मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जय सेल्स वारियर ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन ( हर्षित सिंह चंदेल 42 नाबाद, अंकित यादव 34, हर्षित तिवारी 24, ओम राय 22, तेजस्व मिश्रा 18 रन, मो. अरमान 1/19, फैज अली 1/31, अखिलेश यादव 1/34 ) पर बनाए। जवाब में दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब की टीम ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन ( फैज अली 60 नाबाद, अब्दुर रहमान 36, विपुल द्विवेदी 15 रन, जसप्रीत सिंह 2/42, विशेष आंनद 1/25, अभिनय मिश्रा 1/29 ) पर बना लिए। मैच के बाद पूर्व खिलाड़ी परिमल दीक्षित ने फैज अली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चंद्रकला यूनिवर्सल क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन ( हर्षित नारायण तिवारी 77 नाबाद, अक्षत पांडेय 59, दानिश अली 36 अविजित, ताहा अली 22 रन, अरविंद कुमार 2/24, विपिन कुमार 1/27, अरुण कुमार 1/30, प्रकाश कुमार 1/50 ) पर बनाए। जवाब में प्रयाग क्रिकेट क्लब की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 98 रन ( विपिन कुमार 33, प्रकाश कुमार 13 रन, अक्षत पांडेय व अमर्त्य गिरी 2 - 2 विकेट, दानिश अली 2/18, अभिनव तिवारी 1/17, देव प्रकाश सिंह 1/31 ) ही बना सकी। मैच के बाद पूर्व विज़्ज़ी ट्रॉफी खिलाड़ी शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने अक्षत पांडेय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में मो. आरिफ व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में मंगलवार को नंद किशोर सिंह पीजी कॉलेज व जमुना क्रिकेट क्लब के बीच सुबह 10 बजे से खेला जाएगा।

# महिला का शव मिलने से सनसनी

**अवधनामा संवाददाता**



**अतरौलिया,आजमगढ़।** महिला का शव मिलने से सनसनी। क्षेत्र के पकरडीहा गांव के पचहुआ ताल में देर शाम लगभग 5:30 बजे अपने खेत में गेहूं की सिंचाई कर रहे कुछ लोगों ने बगल में स्थित पोखरी में एक लाश उतराई हुई देखी तो धीरे-धीरे सूचना क्षेत्र में फैल गई। बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होकर इसकी सूचना थाना अध्यक्ष अतरौलिया को दिया। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष अतरौलिया सविंद्र राय ने पुलिस टीम के साथ शव को तालाब से निकलवाया तो एक महिला जिसका दोनों पर बधा हुआ था काफी दिनों की लाश लग रही थी।पानी मे किसी पत्थर से डुबोई गई थी। मौके पर मौजूद ग्राम समडीह थाना राजेसुल्तानपुर निवासी अनिल कुमार जो वहाँ मौजूद रहे उन्होंने उस लाश की पहचान अपनी पुत्री निधि उम्र लगभग 16 वर्ष की। अनिल कुमार ने बताया कि उसकी पुत्री निधि जो इंटरमीडिएट की छात्रा थी। 29 दिसंबर को रात 10: 30 बजे अपने घर से लापता हुई तो पचरी भवनाथपुर चौराहे से कुछ लोग उसे अगवा करके फरार हो गए थे। इस संदर्भ में उसने थाना राजेसुल्तानपुर में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस टालमटोर करके दोषियों को बचाने में जुटी रही। बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों ने भी पुलिस पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। पीड़ित अनिल कुमार ने बताया कि वह कई बार पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर को प्रार्थना पत्र दिया जिससे संबंधित थाना उसके ही खिलाफहो गया था। मौके पर लाश मिलने से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष अतरौलिया सविंद्र राय शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पूरे घटना में थाना अध्यक्ष राजेश सुल्तानपुर पर पीड़ित परिवारों ने गुंडागर्दी करने का भी आरोप लगाया।

## पूर्व पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइन कार्यालय में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व पार्षद अखिलेश सिंह, पूर्व पार्षद राजेश कुशवाहा, पूर्व पार्षद आनंद सिंह, पूर्व पार्षद पवन भारतीय और मुकेश तिवारी ने फिर एक बार भाजपा का दामन थामा। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने उन्हें अंग वस्त्रम एवं माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, महामंत्री वरुण केसरवानी, रमेश पासी, राजेश केसरवानी, राजू राय, संजय श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, संजय गुप्ता, हिमांशु पांडे, विजय सिंह, नवीन शुक्ला एवं उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

# जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

- जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन समस्त अधिकारियों को शत-प्रतिशत कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से जुड़े एन0एच0-16, एस0एच0-16 एवं एम0डी0आर0 के 05 मार्गो के सम्बन्ध में ब्लैक स्पाट, अवैध कट बन्द कराने एवं अतिक्रमण, अनधिकृत यूनीपोल व प्रचार सामग्री के सम्बन्ध जानकारी ली। जिस पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि इलहाबाद, जौनपुर, आजमगढ़ मार्ग पर 40 अवैध कट के सापेक्ष 30 अवैध कट निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, आजमगढ़ द्वारा बन्द कराया गया है। उक्त मार्ग एन0एच0ए0आई0 विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है, अवैध कट सम्बन्धी कार्यवाही उक्त विभाग द्वारा अपेक्षित है। एन0एच0आई0 विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 09 स्थानों के अवैध कट बन्द कराये गये, परन्तु पुनः ग्रामीणों द्वारा अवैध कट बना दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2 एवं एन0एच0आई0 विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए अवैध कट को शत-प्रतिशत बन्द कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

यदि किसी व्यक्ति द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है तो उसके विरुद्ध सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही करायें एवं इस आशय का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाय कि उक्त मार्ग पर कोई अवैध कट बचे नहीं हैं। अवैध कट, स्पीड ब्रेकर तथा साइनेज बोर्ड के ऊपर बड़ा सा सावधान लिखा जाय तथा आई0आर0सी0 में देख लें कि आईकॉन की आवश्यकता है की नहीं है।

# FY25 में देश की अर्थव्यवस्था 7% की दर से बढ़ सकती है वित्त मंत्रालय की समीक्षा रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत और 2021-22 में 8.7 प्रतिशत बढ़ी। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर बढ़ने की उम्मीद है, जो सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक समीक्षा रिपोर्ट में बताया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया है कि घरेलू मांग की मजबूती ने अर्थव्यवस्था को पिछले तीन वर्षों में 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर तक पहुंचा दिया है।


भारत की अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत और 2021-22 में 8.7 प्रतिशत बढ़ी। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर

**अर्थव्यवस्था**

**वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक समीक्षा रिपोर्ट में बताया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान है।**

बढ़ने की उम्मीद है, जो सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू मांग (निजी खपत और निवेश) में देखी गई मजबूती पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा लागू किए



गए सुधारों और उपायों के कारण है।

रिपोर्ट में कहा गया है, बुनियादी ढांचे- भौतिक और डिजिटल क्षेत्र में निवेश और विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए उपायों से आपूर्ति पक्ष को भी मजबूत किया गया है। ये देश में आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करने में संयुक्त योगदान दे रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 25 में, वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7 प्रतिशत के करीब होने की संभावना है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक विकास दर के 7 प्रतिशत से ऊपर पहुंचने की काफी गुंजाइश है। तेजी से बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे से संस्थागत दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। माल और सेवाओं के उत्पादन में विदेशी भागीदारों के साथ बढ़ते सहयोग के साथ तकनीकी प्रगति गति पकड़ रही है। मानव पूंजी निर्माण में तेजी लाने के लिए निर्णायक कदम उठाए गए हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस में निरंतर वृद्धि से समग्र निवेश का माहौल तेजी से अनुकूल होता जा रहा है।

अगले तीन साल में 5 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसमें कहा गया है कि भारत अगले छह से सात साल (2030 तक) 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद रख सकता है।

# बॉलीवुड स्टार मौनी रॉय ने ब्लैकज़ोन फीचर फोन और स्मार्टफोन की ब्रैंड एंबेसडर बनकर बटोरीं सुर्खियां

**लखनऊ।** ब्लैकज़ोन मोबाइल्स ने अपने फीचर फोन और स्मार्टवॉच की रेंज के लिए ब्रैंड एंबेसडर के तौर पर मशहूर भारतीय अभिनेत्री मौनी रॉय के साथ गठजोड़ करने की घोषणा की है। इस साझेदारी से अपनी अनोखी डिज़ाइनों, तकनीकी इनोवेशन और किफायती कीमतों के लिए लोकप्रिय ब्रैंड की बढ़ती लोकप्रियता को और गति मिली है।

ब्लैकज़ोन ÷मेक इन इंडिया÷ को सफल बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इसके लिए मेट्रो शहरों से निकलकर छोटे भारतीय शहरों और कस्बों तक अपनी पहुंचा का विस्तार कर रहा है। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक दिलचस्प रील शेयर करते हुए रॉय ने अपने दर्शकों के लिए ब्लैकज़ोन ब्रैंड को पेश किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह सिर्फ एक फोन ब्रैंड नहीं है, बल्कि यह आपके स्टाइल को दर्शाता है जिसके हर फोन की अपनी अलग खासियतें हैं और वे बहुत ही शानदार रंगों में उपलब्ध हैं।

अपने प्रशंसकों से हिंदी में बात करते हुए और ब्लैकज़ोन द्वारा बनाए



हुए एक फीचर फोन को दिखाते हुए रॉय ने कहा, ÷दोस्तो, आज मैं आपके सामने ब्रैंड ब्लैकज़ोन पेश कर रही हूं जो हमारे अपने ब्रैंड्स में से ही एक है। यह सिर्फ एक फोन नहीं है, बल्कि एक स्टाइल स्टेटमेंट है। ब्लैकज़ोन के सभी फोन अलग-अलग रंगों और अलग-अलग खूबियों के साथ आते हैं।

उन्होंने कहा, ब्लैकज़ोन आपके लिए लेकर आया 4जी फीचर फोन जो न सिर्फ किफायती हैं, बल्कि उनका साइज़ भी बहुत छोटा है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन फोन को भारत में बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने ब्रैंड की खूबियों और भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में योगदान देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के बारे में भी बताया।

ब्लैकज़ोन को न सिर्फ इसकी चिक डिज़ाइन और बेहतरीन खूबियों के लिए जाना जाता है, बल्कि स्थानीय ब्रैंड के तौर पर अपनी प्रतिबद्धता के लिए भी मशहूर है। कंपनी की स्थापना श्री करण ठुकराल, चेयरमैन और श्री कन्नव ठुकराल, मैनेजिंग डायरेक्टर ने की है। कंपनी को गर्व है कि उसके सभी फीचर फोन और स्मार्टवॉच भारत में बनाए जाते हैं। बॉलीवुड स्टार के साथ अपने गठजोड़ के बारे में श्री करण ठुकराल, चेयरमैन, ब्लैकज़ोन ने कहा, मौनी रॉय के साथ अपने गठजोड़ का हमें बेहद गर्व है जो हमारे देश की एक दुर्लभ प्रतिभा हैं।

# स्टारबक्स इंडिया और मनीष मल्होत्रा ने कॉफी, कला और ग्लैमर के लिए गठजोड़ किया

**लखनऊ।** स्टारबक्स इंडिया और मनीष मल्होत्रा ने भारत के लिए एक्सक्लूसिव लॉन्च के साथ एक अनूठी भागीदारी शुरू की है। लिमिटेड एडिशन वाले इस लाइफस्टाइल ड्रिंक वेयर रेंज के माध्यम से कॉफी और फैशन की दुनिया की दो अलग-अलग पहलूओं को पेश किया गया है। यह कलेक्शन हर दिन के कॉफी पीने के अनुभव को बेहतर बनाने के स्टार बक्स के प्रयास के मुताबिक है। इसे ग्राहकों के हिसाब से और दिग्गज डिज़ाइनर की मशहूर कारीगरी के माध्यम से तैयार किया गया है। इस गठजोड़ के बारे में दिग्गज डिज़ाइनर मनीषमल्होत्रा ने कहा, मैं इस लिमिटेड-एडिशन कलेक्शन को पेश करने के लिए स्टारबक्स इंडिया के साथ जुड़कर बेहद खुश हूं। मेरा लक्ष्य कुछ ऐसा डिज़ाइन करना था जो भारत की जड़ों से जुड़ा हो और साथ ही उस परंपरा को भी दर्शाता हो जिसके लिए स्टारबक्स जाना जाता है। कश्मीर के लिए मेरे दिल में एक खास जगह है जो व्यक्तिगत कनेक्शन और मेरे ब्रैंड की पहचान को भी दर्शाता है। स्टारबक्स के मेरे इस गठजोड़ के लिए एक खास सिग्नेचर कलेक्शन तैयार करते हुए



मेरा उद्देश्य रोज़ाना के पलों में कश्मीर की खूबसूरती और कारीगरी को समाहित करना था। गोल्ड को मुख्य रंग के तौर पर इस्तेमाल करने का निर्णय, इसके असर और मेरे ब्रैंड के सौंदर्य को दर्शाता है। कश्मीर की कला और कारीगरी की ही तरह गोल्ड में समृद्धि और समय से परे होने का अहसास कराता है।

सुशांत दास, सीईओ, टाटा स्टारबक्स ने कहा, ÷टाटा स्टारबक्स में हमने हमेशा ही पूरे भारत में कॉफी के शौकीनों के लिए बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन, आर्ट और समुदाय की ताकत में भरोसा किया है। हमारे स्टोर्स से लेकर पैकेजिंग तक स्टारबक्स का हर टच पॉइंट पर यही सोच नज़र आती है। चूंकि हम भारत में वृद्धि करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, ऐसे में हम मनीष मल्होत्रा के साथ साझेदारी करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। श्री मल्होत्रा भारत में फैशन की दुनिया की एक प्रमुख हस्ती हैं और स्टाइल को लेकर देश का रुख तय करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। हमें उम्मीद है कि मनीष मल्होत्रा की शानदार डिज़ाइन के साथ हम अपने ग्राहकों की रोज़ाना की कॉफी के कप के अनुभव को बेहतर बना सकेंगे।

# महिला कर्मचारियों को पारिवारिक पेंशन के लिए बेटे, बेटी को नामांकित करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** केंद्र ने महिला कर्मचारियों को अपने पति के बजाय पारिवारिक पेंशन के लिए अपने बेटे या बेटी को नामित करने की अनुमति दी है। सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पहले मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के पति या पत्नी को ही पारिवारिक पेंशन दी जाती थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य पति या पत्नी की अयोग्यता या मृत्यु के बाद ही पेंशन के पात्र होते थे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 में एक संशोधन पेश किया है। इसके अनुसार महिला सरकारी कर्मचारियों या पेंशनभोगियों को अपने पति या पत्नी के स्थान पर अपने स्वयं के निधन के बाद अपने पात्र बच्चे/बच्चों को पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि संशोधन उन स्थितियों को संबोधित करेगा जहां वैवाहिक कलह के बाद घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम या भारतीय दंड संहिता जैसे कानूनों के तहत तलाक की कार्यवाही चल रही है।

उन्होंने कहा कि दूरगामी सामाजिक-आर्थिक प्रभाव वाले एक पथ-प्रदर्शक निर्णय में और महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने लंबे समय से स्थापित नियम में संशोधन किया है, जिससे महिला कर्मचारी को अपने पति के बजाय पारिवारिक पेंशन के लिए अपने बेटे या बेटी को नामित करने का अधिकार दिया गया है, जैसा कि अब तक प्रथा रही है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से बयान जारी कर यह जानकारी दी गई है। सिंह ने कहा कि यह संशोधन प्रधानमंत्री मोदी की हर क्षेत्र में महिला पदाधिकारियों को उचित और वैध अधिकार देने की नीति के अनुरूप है।

# वीवो इग्नाइट 2023 में देश भर से 19,000 से अधिक एंट्रियां आईं ग्रैंड फिनाले 10 फरवरी, 2024 को होगा

**नई दिल्ली।** विश्वसनीय ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो, विवो इग्नाइट÷ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन अवाड्र्स 2023 को मिले जबरदस्त रिस्पांस को देख बेहद रोमांचित है, इस अवॉर्ड के लिए ग्रेड 8-12 तक के स्टूडेंट्स के 19,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन और 4,000 से अधिक इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स का पार्टिसिपेशन देखने को मिला। देश भर से स्टूडेंट्स ने पॉजिटिव सोशल इम्पैक्ट के लिए के लिए अपनी प्रॉब्लम सॉल्विंग अप्रोच का प्रदर्शन करते हुए टेक फॉर गुड थीम के तहत व्यक्तिगत/ग्रुप एंट्रीज जमा की। वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रेटजी के हेड गीताज चन्नाना ने जबरदस्त रिस्पांस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ÷हम पूरे भारत से 19,000 से अधिक स्टूडेंट्स की प्रतिक्रिया में यंग क्रिएटिव माइंड्स के असाधारण उत्साह को देखकर प्रसन्न हैं। पिछले साल, लगभग 3000 स्टूडेंट्स ने अवॉर्ड्स में भाग लिया




था। वीवो इग्नाइट के प्रसार में हुई जबरदस्त वृद्धि देखना खुशी की बात है।

इंडिया के यंग माइंड्स द्वारा प्रदर्शित पैशन और क्रिएटिविटी वास्तव में प्रेरणादायक है। वीवो में, हम इग्नाइट अवाड्र्स जैसी पहल के माध्यम से भारत के युवाओं को सपोर्ट देने, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और इनोवेशन के वाइब्रेंट कल्चर में योगदान करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं। ग्रेड 8-12 के लिए ओपन इस प्रतियोगिता में दो फेज और एक ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जाएगा। फेज 2 में, लॉट में से टॉप 200 जोनल विजेताओं को चुना जाएगा और उन्हें प्रोजेक्ट डिस्प्ले बोर्ड के साथ अपने प्रोटोटाइप/वर्किंग मॉडल का एक वीडियो जमा करना होगा।

प्रथम पुरस्कार विजेता को 7 लाख रुपए का कैश प्राइज दिया जाएगा, जबकि 4 उपविजेताओं को 14 लाख रुपए का कैश प्राइज शेयर करना होगा। इस अवार्ड सीजन की शुरुआत 25 नवंबर, 2023 को हुई थी और इसका समापन 10 फरवरी, 2024 को ग्रैंड फिनाले के साथ होगा।

# EzeRx ने लखनऊ में एक एनीमिया निवारण कार्यशाला के लिए PATH के साथ साझेदारी की

**लखनऊ।** EzeRx, एकक्रांतिकारी स्वास्थ्य संगठन, ने नवीनता के माध्यम से बड़े पैमाने पर एनीमिया स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ, PATH के सहयोग से लखनऊ में एक सामाजिक कार्यशाला आयोजित की। इसका सारा उद्देश्य भारत में एनीमिया के बढ़ते संकट पर प्रकाश डालना और बेहतर लोकस्वास्थ्य उपलब्ध करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करना था। कंपनी ने इस आयोजन के दौरान EzeCheck, एक Non Invasive हीमोग्लोबिन परीक्षण यंत्र, का भी अनावरण किया, जिसने उपस्थित सरकारी क्षेत्र के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों को पूरी तरह प्रभावित किया। RMRCBB- ICMR और CDSCO द्वारा मान्यता प्राप्त EzeCheck लगभग 90% सटीकता के साथ जल्दी निदान प्रदान करता है। इसको उपयोग करने की आसानी ने बड़े स्क्रीनिंग को संभावनाशील बना दिया है, विशेषकर दूर के क्षेत्रों में, एनीमिया के सच्चे बोझ को मैप करने और समय पर उपचार करने की संभावना प्रदान करते हैं।

पार्थ प्रतिम दास महापात्र, संस्थापक और CEO, EzeRx ने कहा, सुस्ती और बीमारी के आँकड़े से बचते हुए, एनीमिया के खिलाफ युद्ध में सरलता पहुँचाना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। एनीमिया पहले ही लोगों से छुपकर उनको नुकसान पहुंचा रहा है। हम इस कमजोरी के सामना करने और रोकने के लिए समर्थ हैं, और EzeCheck इस उद्देश्य का परिणाम है। इसके माध्यम से, हम भारत के एनीमिया मुक्त मिशन को मास स्क्रीनिंग के लास्ट मील पर बढ़ावा देना चाहते हैं। स्वास्थ्य शिक्षा बढ़ाने का प्रति , EzeRx ने पहले ही विभिन्न आउटरीच प्रचार अभियानों के माध्यम से 23 लाख से अधिक भारतीयों का एनीमिया जाँच कर लिया है। लखनऊ में कार्यशाला से पहले, संगठन ने PATH के सहयोग से पटना में एक समान कार्यक्रम सफलता से आयोजित किया था। उससे पहले, भुवनेश्वर में एक सत्र आयोजित किया गया था, जहां असम, छत्तीसगढ़, और ओडिशा के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को EzeCheck का प्रभावी रूप से उपयोग करने के लिए समर्थन की गई थी।

# जम्मू स्मार्ट सिटी ने टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक बसों के साथ हरे-भरे और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाए

**जम्मू।** टाटा मोटर्स, वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी, ने यह घोषणा की है कि इसने जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड को अत्याधुनिक अल्ट्रा ईवी वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति की है। यह आपूर्ति टाटा मोटर्स ग्रुप कंपनी, टीएमएल स्मार्ट सिटी मोबिलिटी सॉल्यूशंस (जे एण्ड के) प्रा. लि. के माध्यम से हुई है। यह जम्मू एवं कश्मीर सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग की एक पहल है। इसका लक्ष्य जम्मू में पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली स्थापित करना है। उत्सर्जन से मुक्त, टाटा मोटर्स की इन इलेक्ट्रिक बसों का निर्माण भारत में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से किया जाता है। इनमें उन्नत सुविधाएं होती हैं और यह अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक पावर सिस्टम्स से पावर्ड होती हैं। इनका डिजाइन सुरक्षा, आरामदेयता और सुविधा पर केन्द्रित होता है और जम्मू के निवासियों के लिये भरोसेमंद और शून्य उत्सर्जन वाले अंतःशहरी यातायात समाधानों की



पेशकश की जाती है। इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति एक बड़े ऑर्डर का हिस्सा है। इसके तहत जम्मू और श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के लिये 12 वर्षों तक श्रीनगर और जम्मू में 100-100 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, रख-रखाव एवं परिचालन होगा।

फ्लीट को भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर भारत सरकार के माननीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेन्द्रनाथ पांडे और जम्मू एवं कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा उपस्थित थे। इस आयोजन में प्रतिष्ठित पदाधिकारी मौजूद रहे, जैसे कि सांसद जुगल किशोर शर्मा और गुलाम अली खटाना, भारत सरकार के गृह सचिव अजय भल्ला (आईएएस), जम्मू एवं कश्मीर के मुख्य सचिव श्री अटल डुल्लू (आईएएस) और एच एण्ड यूडीडी, जे एण्ड के की आयुक्त सचिव सुश्री मनदीप कौर (आईएएस)। साथ ही जम्मू एवं कश्मीर सरकार, जम्मू नगरपालिका, जम्मू स्मार्ट सिटी लि. के अन्य प्रशासनिक सचिव एवं प्रतिनिधि और टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि भी थे।

इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए, जम्मू स्मार्ट सिटी लि. के सीईओ राहुल यादव (आईएएस) ने कहा, 'जम्मू स्मार्ट सिटी लि., इलेक्ट्रिक बसों की पेशकश से जम्मू में परिवहन को बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। हम जन-साधारण के लिये यातायात को समृद्ध बनाना चाहते हैं, इसके अलावा यात्रियों को बेहतर पहुँच और सुविधा के साथ-साथ ज्यादा सुरक्षा एवं सस्टेनेबिलिटी देना चाहते हैं। यह आधुनिक बसें न सिर्फ गुणवत्ता के कठोर मानकों पर खरी हैं, बल्कि शहर में हवा की गुणवत्ता को सुधारने पर लक्षित संयुक्त पहलों में योगदान भी देती हैं। टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाना अपना कार्बन फुटप्रिंट कम करने और नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिये जम्मू स्मार्ट सिटी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।''

# इंडियन एचीवर्स अवार्ड 2024 कार्यक्रम सफल रूप से सम्पन्न हुआ




**लखनऊ।** मैजिकल मेमोरिस संस्था द्वारा भारत उत्सव के तत्वाधान में सहयोगी संस्थाओं द मदर्स लैप वेलफेयर फाउंडेशन, उन्नति फाउंडेशन, विजय विश्व भारती फाउंडेशन एवं प्रताप वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा इंडियन एचीवर्स अवार्ड 2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नम्रता पाठक, एमएलसी पवन सिंह चौहान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, अरमान खान विधायक, कार्यसमिति सदस्य राहुल गुप्ता, पुष्पलता अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। विशिष्ठ अतिथि के रूप मे महंत गोस्वामी अनुराग भृगुवंशी, निधि आहूजा, मधुसूदन सिंह, प्रवीण सिंह चौहान, सुशील तिवारी, संजीव कुमार, अभिषेक विक्रम सिंह, विशाल विक्रम सिंह, शिवपाल सवारियां, गौरी सवारियां, अभिषेक बाजपाई एंव सरिता सिंह (फेलेन्स मेकअप आर्टिस्ट) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अलग अलग क्षेत्र से अपने कार्यो द्वारा अपनी एक अलग पहचान बनाने एवं अपने देश का नाम रौशन करने के लिए विभूतियों विशाल सिंह, हरदयाल मौर्या, प्रदीप कुमार शुक्ला, सुनीता रमन, मोहम्मद सैफ, प्रिया मिश्रा, संध्या पंडित, मोहम्मद बदर, स्नेहलता सिंह, कबीर सिंह, राजश्री श्रीवास्तव, रश्मि सिंह, एकता खत्तरी, रुचि रस्तोगी, लखन प्रताप सिंह, सुनील सिंह, अनामिका गुप्ता, विशाल श्रीवास्तव, उषा गोस्वामी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बच्चो द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य आयोजक अमित सिंह चौहान, मानसी प्रीत जेस्सी, मनोज सिंह चौहान, मोहित सिंह चौहान, रोहित सिंह एवं ममता सिंह रहे।

# पहली बार, स्किल इकोसिस्टम के उद्यमियों को गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप, भारत को नौकरी सृजनकर्ताओं का देश बनाने के लिए, भारत सरकार के माननीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने 100 से अधिक उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्हें राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड), भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) और स्किल इंडिया की प्रमुख योजना- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) जैसे विभिन्न कौशल विकास संस्थानों के तहत प्रशिक्षित किया गया है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, यह पहली बार है कि स्किल इकोसिस्टम के उद्यमियों को गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि होने का सम्मान दिया गया है, जो प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) के अध्यक्ष निर्मलजीत सिंह कलसी, कौशल विकास और उद्यमशीलता



मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी और डायरेक्टरेट जनरल ऑफ ट्रेनिंग (डीजीटी) के महानिदेशक श्रीमती त्रिशालजीत सेठी ने भी अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान, उद्यमियों ने यह जानकारी साझा की कि कैसे स्किल इंडिया मिशन के तहत कौशल प्रशिक्षण उनकी क्षमताओं, समस्या का समाधान करने की क्षमताओं को बढ़ाने और अपने उत्पादों के मार्केटिंग के लिए यूनिक डिफरेन्शीएटर स्थापित करने में सहायक रहा है। उन सभी ने उन्हें ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और बहुमूल्य उद्योग अनुभव प्रदान करने, उन्हें अपने जीवन को बदलने और अपनी आकांक्षाओं को वास्तविकताओं में बदलने के लिए सशक्त बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

भारत सरकार के माननीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, आज, मुझे हमारे स्किल इकोसिस्टम के लाभार्थियों के साथ व्यावहारिक बातचीत में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उद्यमिता से आत्मनिर्भरता तक की उनकी यात्रा को देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। ये छोटे और सूक्ष्म उद्यमी देश की विकास यात्रा में एक नया योगदान देने के लिए तैयार हैं। मोदी सरकार के तहत, गरीबों और वंचितों को समर्पित सरकार, समोदीगारंटी भोजन और आवास जैसी आवश्यक चीजों से लेकर व्यापक कौशल विकास और सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा तक फैली हुई है। समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना इस प्रशासन की आधारशिला है, आम नागरिक मोदी जी की अटूट प्राथमिकता है। कुछ उद्यमियों को अपने अनुभव साझा करने, चुनौतियों के बारे में बात करने और स्किल इंडिया मिशन के तहत उचित कौशल प्रशिक्षण के साथ अपने प्रयोगों को अवसरों में बदलने में सक्षम होने के बारे में विस्तार से बताने के लिए भी मंच पर आमंत्रित किया गया था। अपर गोम, दक्षिण सिक्किम की दूरदर्शी महिला उद्यमी शीतल तमांग जैसी चैंपियन अपने उद्यम- सिक्किम हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट्स के माध्यम से देश के विकास पथ को नया आकार दे रही हैं। अपने नेतृत्व में 20 कर्मचारियों के साथ, लोगों का जीवन बदलने वाली तमांग की प्रतिबद्धता उसकी उद्यमशीलता की भावना का सच्चा प्रमाण है।

# मैक्स लाइफ ने लॉन्च किया स्मार्ट वेल्थ एन्युटी गारंटीड पेंशन प्लान

**लखनऊ।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड नेएक नॉन लिंक्ड, नॉन पार्टिसिपेटिंग इंडिविजुअल ग्रुप जनरल एन्युटी सेविंग्स प्लान स्मार्टवेल्थएन्युटी गारंटीड पेंशन प्लानदृ स्वैग पेंशन प्लान लॉन्च किया है।नईपीढ़ी के उपभोक्ताओं के हिसाब से उनकी जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किये गए समाधान के रूप में स्वैग पेंशन प्लान रिटायरमेंट प्लानिंग को नए सिरे से परिभाषित करेगा। इसमें इंडिविजुअल और ग्रुप्स की जरूरत के हिसाब से फ्लेक्सीबिलिटी, सिक्योरिटी और पर्सनालिजेशन की सुविधा है। मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'तेजी से बदलते दौर में रिटायरमेंट के बाद वित्तीय रूप से तैयार होना भारत के बड़े वर्कफोर्स के लिए जरूरी हो गया है। स्मार्ट वेल्थ एन्युटी गारंटीड पेंशन प्लान दृ स्वैग पेंशन प्लान ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप नवीन समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अपने कस्टमाइज किये जा सकने वाले फीचर्स के साथ यह प्लान ग्राहकों को रिटायरमेंट के बाद के अपने सफर को आकार देने और वित्तीय रूप से मजबूती की भावना के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को साकार करने में सक्षम बनाता है।' मैक्स लाइफ की इंडिया रिटायरमेंट इंडेक्स स्टडी 3.0 में सामने आया है कि शहरी भारतीयों में हर पांच में से करीब तीनको इस बात की चिंता है कि उनकी बचत रिटायरमेंट के बमुश्किल 10 साल में ही खत्म हो जाएगी। इसी बात को ध्यान मेंरखकर स्वैग पेंशन प्लान को तैयार किया गया है और यह ग्राहक की लाइफस्टाइल के हिसाब से लाइफटाइम इनकम सुनिश्चित करता है। इससे ना केवल उनका स्वयं का बल्कि उनके प्रियजनों का भी भविष्य सुरक्षित होता है। इस अनूठी ऑफरिंग में ग्राहकों को अपने लिए खुद पॉलिसी तैयार करने का विकल्प मिलता है, जिसमें वे अलग-अलग एन्युटी ऑप्शंस में से चुन सकते हैं।इनमें बढ़ती महंगाई का ध्यान रखा जाता है और उन्हें पर्सनलाइज्ड इनकम टाइमिंग की फ्लेक्सीबिलिटी भी मिलती है।'इसके साथ-साथ ग्राहकों को रिटर्न ऑफ प्रीमियम की बड़ी रेंज में से चुनने की आजादी भी मिलती है, जिससे वे अपनी किसी विशेष वित्तीय जरूरत को पूरा करने के हिसाब से अपने लिए प्लान चुन सकते हैं।

# त्वरित व संतुष्टिपरक हो लोगों की समस्याओं का समाधान: योगी

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में



कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछमहिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को सीएम डैशबोर्ड पर आधारित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यो की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों दवाओं की उपलब्धता स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति टीकाकरण आदि पंचायती राज विभाग समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना वितरण मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पेंशन योजना दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना प्रोबेशन विभाग की योजना ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना अवस्थापना सुविधाएं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए।

## हिरन के बच्चे को पकड़कर वन विभाग को सौंपा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक ग्राम पंचायत गंगटही सिवान के बाहर हिरन के बच्चे को कुत्ते काट कर घायल कर रहे थे। उसी दौरान गांव के आदर्श मिश्र उस रास्ते से गुजर रहे थे। कुत्ते के द्वारा हिरन के बच्चे को घायल करते देखकर उसने बाह्मण मोर्चा एकता के संस्थापक संजय मिश्र को जानकारी दी। वह अपने दलबल के साथ हिरन के बच्चे को बचाने पहुंचे। और कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई और 1962 कंट्रोल रूम पर सूचना दिया। सोमवार को वन विभाग की टीम गांव पहुंची और हिरन के बच्चे को लेकर आई। और उसका इलाज करा रही है। इस संदर्भ में वन दरोगा आशुतोष ने कहा की हिरन के बच्चे को लाया गया है, जिसका इलाज कराया जा रहा है।



## रोजगार मेले में 45 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकास खंड के कोरारी गिरधरशाह स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य रूद्र कुमार गौतम के निर्देशन में सोमवार को वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 155 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सुजुकी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड हंसलपुर गुजरात एवं डॉन बास्को टेक सोसाइटी रॉयल इन्फील्ड मोहनलालगंज लखनऊ जैसी विभिन्न कम्पनियों के द्वारा कुल 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य आर के अग्निहोत्री एवं राजकीय आईटीआई मुसाफिरखाना के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने भी सम्मिलित अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया। संस्थान के कार्यदेशक राम मूर्ति मिश्र एवं समस्त स्टाफ ने मेले को सकुशल सम्पन्न कराया।

## उद्योग बंधु की बैठक आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सीडीओ प्रत्यूष पांडेय की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं कानून सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीडीओ ने उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र उसरा बाजार में अग्निशमन केंद्र की स्थापना के लिए 4,148 वर्ग मीटर भूमि क्षेत्र को चिन्हित कर लिया गया है एवं उसका मानचित्र तैयार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दी गई है। शासन से स्वीकृति मिलने के उपरांत जल्द ही औद्योगिक क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उद्यमियों ने उसरा इंडस्ट्रियल इस्टेट में जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नाला निर्माण करने की मांग की, जिस पर सीडीओ ने यूपीसीडा को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उद्यमियों ने शिकायत की कि राजकीय औद्योगिक आस्थान देवरिया में सफाई कर्मियों की नियुक्ति होने के बाद भी नियमित रूप से सफाई नहीं हो पाती है, जिस पर सीडीओ ने आवश्यक करवाई के लिए आश्वस्त किया। उद्यमी नेता एवं पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल ने उद्यमियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि उद्योग बन्धु की बैठक में सभी जिम्मेदार अधिकारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए। उद्यमी जेपी जायसवाल ने औद्योगिक अस्थान में खराब स्ट्रीट लाइट और लटकते बिजली के तारों को सही कराने की मांग की, जिस पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

## मंदिर पर प्रसाद लेने गए युवक को पीट, तीन पर एससी/एसटी का केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के नगवा निवासी एक युवक अपने बच्चे के साथ जैतपुर स्थित काली मंदिर पर प्रसाद लेने गया था। जिससे तीन युवकों ने उसे प्रसाद देने से मना करते हुए मारा पीटा पुलिस ने तीन के खिलाफ एससी/एसटी, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के हरिनंदन पुत्र चंद्रभान निवासी नगवा 22 जनवरी को शाम 6 बजे जैतपुर स्थित काली मंदिर पर बच्चे के साथ प्रसाद लेने गया हुआ था। वहा मौजूद तीन लोग देखकर जातिसूचक गालियां देते हुए प्रसाद लेने से मना करने लगे थे। विरोध करने पर पंच से मारपीट कर घायल कर दिए। और सिर फट गया।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने राहुल जायसवाल,दीपक जायसवाल,विष्णु पांडेय के खिलाफ, एससी/एसटी,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## धूप का साथ पाकर खिल उठी मंडलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** नार्मल मैदान (उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय परिसर) में 21 जनवरी से आयोजित मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी सोमवार को धूप का साथ पाकर खिल उठी। खादी एवं ग्रामोद्योग तथा ओडीओपी उत्पादों के कद्रदान यूं तो प्रदर्शनी के पहले दिन से ही यहां अपनी पसंद के ऊनी, सिल्क व सूती के वस्त्र, फुटवियर, घरेलू उपयोग के सामान और औषधीय उत्पाद खरीद रहे हैं लेकिन सोमवार को गुनगुनी धूप के बीच यहां आने वालों की संख्या खासी बढ़ गई। मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, बिहार, पंजाब आदि राज्यों के विभिन्न जिलों के शिल्पकारों-दुकानदारों ने 116 स्टाल लगाए हैं। इन स्टालों पर खादी के सूती, ऊनी व सिल्क वस्त्र, साड़ियां, स्टोल, सदरी, कोट, जैकेट,



शॉल, बेडशीट, कंबल जैसे उत्पाद तो हैं ही अलग अलग जिलों के ओडीओपी उत्पाद की विस्तृत रेंज भी अवलोकन व बिक्री के लिए प्रदर्शित है। प्रतापगढ़ के अचार-मुरब्बा, राजस्थान की बीकानेरी नमकीन व पापड़, सहारनपुर के फर्नीचर, कन्नौज की धूपबत्ती एवं अगरबत्ती, आगरा एवं कानपुर के जूते-चप्पल, लखनऊ की चिकनकारी, भदोही व सीतापुर के कालीन, कश्मीरी शाल, सूखे मेवे, घरेलू उपयोगी उपकरण और विभिन्न प्रकार के औषधीय उत्पाद लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। गोरखपुर और कुशीनगर में बने रेडीमेड गारमेंट के स्टाल पर भी जुटान हो रही है। खादी के वस्त्रों पर अलग अलग दर से छूट भी दी जा रही है। प्रदर्शनी में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच से खादी फैशन शो का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन करने वाली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के परिक्षेत्रीय अधिकारी एके पाल ने बताया कि 21 जनवरी से 27 जनवरी तक मंडल स्तरीय इस प्रदर्शनी में करीब 45 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है।

## लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा की तैयारी बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सोमवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पार्टी के जिला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया है इसलिए सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील है कि वो आगामी आने वाले अभियानों के क्रियान्वयन के लिए अपने आप को पूर्ण रूप से तैयार कर लें तथा पूरे मनोयोग से पार्टी से संबंधित कार्यों में लग जाएं, सरकार के कार्यों को जनता के बीच ले जाएं सभी मंडलों, शक्तिकेंद्रों को सक्रिय करके, बूथों पर पन्ना प्रमुखों से संपर्क करें ताकि हर बूथों पर भाजपा नंबर एक पर रहे ऐसा प्रयास हम सभी का हो । बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, लोकसभा संयोजक सी पी सिंह, अरविंद पांडे, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, राजेंद्र विक्रम सिंह, अखंड सिंह, मारकंडे गिरी, सोनू तेजपाल सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुत्रों के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में सोमवार को पुत्रों के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। शाम को चंद्रोदय के समय विधिवत चतुर्थी माता की पूजा अर्चना कर अर्घ्य दिया। माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को एकदंत संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है।नगर में जगह जगह तिल गुड और गन्जी की दुकाने सजी रही जिन पर जमकर खरीददारी की गई।महिलाओ द्वारा लाल गन्जी के चार सम्पूर्ण भाग को चढाने में प्रयोग किया जाता हैं मान्यता के अनुसार कटे हुये गन्जी को प्रसाद में नहीं चढाया जाता। महिलायें पूरा दिन निर्जला व्रत करती हुयी रात्रि मे चंद्रदेव के दर्शनोपरांत स्नान के बाद गन्जी तिल और गुड का भोग लगाकर पुत्र के लम्बे उम्र की कामना करती हैं।सोमवार को यह पर्व पारम्परिक रूप से मनाया गया। बाजारों में त्योहार से संबंधित वस्तुओं की जमकर खरीददारी की गई।

## नयी दिशा ने टीबी मरीजों को भेंट की पोषण की पोटली

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद को टीबी मुक्त बनाने में अहम भूमिका का निर्वहन कर रही नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, संजीव द्विवेदी, सीए अंजनी नंदन सिंह, मधुसूदन मिश्र, सुरेश तिवारी, डॉ0 निगम मौर्य, राजेश शुक्ल, शैलेन्द्र त्रिपाठी, प्रो0 अमृतांशु शुक्ल, प्रो0 सीमा त्रिपाठी, डॉ0 त्रिभुवन त्रिपाठी, डॉ0 सत्यप्रकाश, गौतम मुनि पांडेय के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के दिसम्बर माह में गोद लिए 11 मरीजों एवं जनवरी के 5 नये मरीजों सहित 16 को पोषण सामग्री जैसे गुड़, भूना चना, सत्तू, मूंगफली का दाना, गजक, पावर विटा इत्यादि भेंट किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि टीबी का



शत प्रतिशत इलाज संभव है। मरीज नियमित दवाओं और पोषण सामग्री का सेवन कर 6 माह में पूर्णतया स्वस्थ हो जा रहे। नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने कहा कि मरीजों को दवाओं के साथ उचित पोषण और आम जन से भावनात्मक सहयोग की जरूरत है।

उन्होंने सक्षम लोगों से आगे आकर निक्षय मित्र बन मरीजों को पोषण सामग्री भेंट करने की अपील की। एसटीएस शाहिद अंसारी ने नयी दिशा सहित उपस्थित सभी का आभार प्रकट करते हुए मरीजों से केंद्र के संपर्क में बने रहने और नियमित दवाओं के सेवन करने की बात कही। इस अवसर पर निक्षय मित्र नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, संजीव द्विवेदी, सीए अंजनी नंदन सिंह सहित दिनेश ओझा, प्रकाम्य चतुर्वेदी, राजेश गुप्ता, डा0 यूसुफ अली, डा0 आशुतोष पांडेय, डा0 संजय सिंह, ब्लाक लेखा प्रबन्धक राकेश पांडेय, एलटी विजयकृष्ण द्विवेदी, विनोद वर्मा, प्रमोद भारती, ट्रीटमेंट सपोर्टर अशोक गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

## दूध का नमूना संग्रहित किया गया

**देवरिया।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन में दो दिवसीय अभियान के प्रथम दिवस में जनपद में तंदूरी चाय की गुणवत्ता तथा अन्य खाद्य पदार्थ हेतु अभियान चलाते हुए कुल 7 नमूने एकत्रित किए गए। टीम प्रथम द्वारा बैतालपुर में सुनील कुमार द्वारा संचालित तंदूरी चाय के प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित किया गया। वही बैतालपुर में ही तंदूरी चाय एवं कोल्ड ड्रिंक नामक प्रतिष्ठान से चाय पत्ती का नमूना एकत्रित किया गया। इसी टीम द्वारा बैकुंठपुर ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए बेसन का नमूना तथा एक मिष्ठान भंडार से दूध का नमूना एकत्रित किया गया। द्वितीय टीम द्वारा नवादा चौराहा भाटपार रानी तहसील में गुड्डू मिष्ठान भंडार से छेना मिठाई का नमूना एकत्रित किया गया तथा बखरी बाजार से भी मिठाई का नमूना एकत्रित किया गया, एवं जसुई से पनीर का नमूना एकत्र किया गया। उपरोक्त अभियान में प्रथम टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवेंद्र गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेंद्र कुमार तथा द्वितीय टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा सम्मिलित रहे।

## चार माह से ईओ के आखों में खटक रहे थे चेयरमैन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तमकुहीराज नगर पंचायत के ईओ अमित सिंह द्वारा चेयरमैन जेपी गुप्ता के साथ मारपीट किए जाने के

- चेयरमैन द्वारा ईओ को नोटिस देने का बाद ही शुरू हो गया शीत युद्ध
- नोटिस के माध्यम से चेयरमैन ने ईओ की कारस्तानी का खोल दिया था पोल

मामले को लेकर नगर पंचायत का तापमान जहां बढ़ गया है वही सत्तारुढ़ जनप्रतिनिधियों के मिजाज भी उबाल कर रहा है। कहना न होगा कि इस घटना का स्क्रिप्ट ईओ अमित सिंह ने चार माह पहले ही लिख दिया था, ऐसा विश्वस्त सूत्रो का कहना है।

बताया जाता है कि अक्टूबर माह में जब चेयरमैन ने ईओ पर तमाम आरोपों की झड़ी लगाते हुए नोटिस थमाया था उसी समय से ईओ की आंख में चेयरमैन खटकने लगे थे। यह बात दीगर है कि ईओ जिस मौका की तलाश कर रहे थे वह शनिवार को मिला। अब सवाल यह उठता है कि मारपीट जब दोनो तरफ से हुई है, चोटिल दोनो पक्ष के लोग हुए है और विवाद की शुरुआत कर्मचारी व ठेकेदार की पिटाई कर ईओ द्वारा की गई तो फिर ईओ के खिलाफ मुकदमा क्यो नही दर्ज किया गया? जबकि तमकुहीराज पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए ईओ के तहरीर पर एक पक्ष के खिलाफ घटना के दिन ही मुकदमा दर्ज कर लिया, फिर दुसरे पक्ष का मुकदमा अब तक क्यो नही दर्ज किया गया? नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को हुई मारपीट घटना अकास्मिक नही हुई है। इसके पीछे काफी दिनो से चली आ रही चेयरमैन के प्रति ईओ का खुन्नस है और वह खुन्नस अक्टूबर माह में चेयरमैन जेपी गुप्ता द्वारा ईओ अमित सिंह को तमाम मामलो में आरोपित कर दिए गए नोटिस का है। विभागीय सूत्रों की माने तो इस नोटिस के बाद ही ईओ और चेयरमैन में शीतकालीन युद्ध शुरू हो गया। वजह यह है कि चेयरमैन ने अपने नोटिस मे ईओ की कारस्तानी का पोल खोल दिया था जिसे ईओ अमित सिंह हजम नही कर पा रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने नोटिस के माध्यम से नगर निकाय हित मे कार्य नहीं करने, विकास कार्य में प्रगति नहीं लाने, शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने, मुख्यालय पर रात्रि विश्राम नही करने, निविदा प्रक्रिया को अमल में नही लाने, नशे की हालात में चौकीदार एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी व कम्प्यूटर आपरेटर कुन्दन पाण्डेय से मारपीट करने, लोकसेवक नियमावली के विरुद्ध आचरण करने, भाजपा नेता अजय राय से अभद्रता करने व जिलाधिकारी द्वारा वेतन आहरण पर रोक लगाने के बावजूद उसका उलंघन करने का आरोप ईओ पर लगाते हुए स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था जिसके बाद चेयरमैन जेपी गुप्ता, ईओ अमित सिंह के आंखों के किरकिरी बन गए थे।

**काश ! ईओ पर हुई होती पहले कार्रवाई :** शनिवार को हुई मारपीट की घटना के प्रत्यक्षदर्शी, सभासद व कर्मचारियों का कहना है कि काश ! ईओ अमित सिंह द्वारा पूर्व मे कारित किए गए घटना के खिलाफ कार्रवाई हुई होती तो ईओ की मन बढ़ई सातवे आसमान पर नही होती और वह अपने गुंडई का प्रर्दशन नही करते। यहां बताना जरूरी है कि 28 अक्टूबर को आउटसोर्सिंग कंप्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय नगर पंचायत कार्यालय के कंप्यूटर कक्ष में बैठकर कार्य कर रहे उस समय ईओ अमित सिंह वहां पहुंचे और पहले से मौजूद नगर पंचायत के अन्य कर्मचारियों को कक्ष से बाहर निकालकर रुम को अंदर से बंद दिया और कुन्दन को भद्दी-भद्दी गाली देते हुए कालर पकड़कर पिटने लगे। इस घटना को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय ने तमकुहीराज पुलिस को तहरीर देकर ईओ पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। किन्तु अफसोस ईओ अमित सिंह के खिलाफ न तो थाने स्तर से कोई कार्रवाई की गई और न ही जनपद के आला अफसरों द्वारा ईओ पर कोई कार्रवाई की गई। इसका परिणाम यह हुआ कि ईओ अमित सिंह की गुंडई सिर चढकर बोलने लगा और शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय अखाड़े में तब्दील हो गया।

### कम्प्यूटर आपरेटर से भिड़े थे ईओ, थाने में दिया था तहरीर

इतना ही नही आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति किए गए कम्प्यूटर आपरेटर कुन्दन पाण्डेय ने अक्टूबर माह में ईओ अमित सिंह के खिलाफ थाने में तहरीर दिया था उस समय ईओ ने कुन्दन को नौकरी से निकाल दिया किन्तु चेयरमैन इस पक्ष मे तनिक भी नही थे वह कुन्दन से से कार्य संपादित कराना चाहते है। बताया जाता है कि चेयरमैन के इस निर्णय से भी ईओ अमित सिंह असंतुष्ट है। इसको लेकर भी ईओ का चेयरमैन के प्रति सकारात्मक सोच नही था।

## बौद्ध गुरु दलाई लामा से मिले विधायक पीएन पाठक



अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** जिले में आगामी अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कुशीनगर के विधायक पी एन पाठक ने सोमवार को धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) पहुंचकर मुख्य अतिथि के रूप में बौद्ध गुरु दलाई लामा को आमंत्रित किया और कार्यक्रम को विस्तार से बताया। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन (कॉन्क्लेव) कुशीनगर के संबंध में बौद्ध गुरु दलाई लामा से कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने सोमवार को मिलकर कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में आशीर्वचन के लिए निवेदन किया और दलाई लामा को विस्तार पूर्वक कान्क्लेव की रूपरेखा से भी अवगत कराया। इस मौके पर विधायक पीएन पाठक ने कहा कि कुशीनगर बौद्ध पर्यटन के प्रमुख द्वार के रूप में स्थापित हो, इस दिशा में यह कॉन्क्लेव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा विधायक द्वारा बताए सभी बातों को गंभीरता पूर्वक धर्म गुरु दलाई लामा ने सुना और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आशीर्वाद दिया पूरी दुनिया में बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए कुशीनगर जाना जाता है।

## जनप्रतिनिधियों के सहयोग आपराधिक घटनाओं पर लगेगा लगाम: मनोज वर्मा

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना परिसर में थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आहुत की।

बैठक में थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने लोगों से यातायात व्यवस्था व यातायात के नियमों को सख्ती से पालन करने तथा रात्रि में पुलिस की गश्त के अलावा निजी तौर पर चौकीदारों की व्यवस्था पर चर्चा की। सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने तथा पंचायती सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त करवाने का आश्वासन भी दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाया जा सकता है पुलिस एक काल पर मौके पर पहुंचेगी और हालातों के



मुताबिक कार्रवाई करेगी। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति तथा आनलाइन खेल जैसे अपराधों पर सख्ती से निपटा जाएगा।संदिग्ध लोगों पर पुलिस की पैनी नजर बनीं हुई हैं। थाना क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाना आवश्यक है। ऐसा तभी संभव है जब आप सभी सहयोग के लिए आगे आएंगे। थाना क्षेत्र के इलाकों में हुई चोरी की वारदातों को मध्य नजर रखते हुए। संदिग्ध लोग दिखाई देने पर उनसे जानकारी लें और वह इस में वह शख्स आनाकानी करें, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। थानाध्यक्ष के बातों पर जनप्रतिनिधियों ने सहमति जताई। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बरडिहा रामनगीना गुप्ता, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदीशपुर मुस्ताक अली, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पकड़ी आनन्द सिंह, ग्राम प्रधान घोड़ादेऊर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि घोघरा मंतोष शर्मा सहित हेड कांस्टेबल सोनदेव यादव कांस्टेबल अनिल यादव अमित यादव शामिल रहे।

## बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं वित्त विहीन शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के पचीस हजार वित्त विहीन इंटर कालेजों में काम कर रहे साढ़े तीन लाख वित्त विहीन शिक्षकों की आर्थिक दशा मनरेगा मजदूरों से भी खराब है। पिछले चालीस सालों के भीतर तमाम तरह के धरना प्रदर्शन और आन्दोलन के बाद भी सरकार ने इन्हें सम्मान जनक मानदेय देने के मामले में अभी तक कोई विचार नहीं किया है। लोक सभा चुनाव नजदीक आने की स्थिति में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक वित्त विहीन गुट के नेताओं ने एक बड़े आन्दोलन की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन के प्रदेश सचिव कमलेश यादव और गोरखपुर जिले के जिला अध्यक्ष राम उग्रह यादव ने सोमवार को सुल्तानपुर और अमेठी जिले के इंटर कालेजों का भ्रमण कर शिक्षकों से सम्पर्क किया। प्रदेश सचिव कमलेश यादव ने बताया कि अखिलेश यादव की सरकार ने एक हजार रुपए प्रति माह की दर से मानदेय के भुगतान के लिए दो सौ करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त की थी।

समस्त जनपदवासियों को 26 जनवरी 2024
75वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई
गुरुकृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल
रंजीतपुर, हुजूरपुर रोड, बहराइच

समस्त जनपदवासियों को 26 जनवरी 2024
75वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई
अजय प्रताप सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
ब्लाक तेजवापुर
जनपद-बहराइच

समस्त जनपदवासियों को 26 जनवरी 2024
75वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई
कैलाश नाथ शुक्ला
विधायक
विधानसभा तुलसीपुर
बलरामपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
नरेन्द्र सिंह
जिला कार्यक्रम अधिकारी
ललितपुर, उ0प्र0

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रदीप चौबे
मंत्री/अध्यक्ष
शरद खैरा
अध्यक्ष
प्रो. राकेश नारायण द्विवेदी
प्राचार्य
नेहरू महाविद्यालय ललितपुर उ.प्र.

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
राजीव कुमार भारती
जिला कृषि अधिकारी
ललितपुर, उ0प्र0

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
राजीव कुमार भारती
अवर अभियन्ता
विनियमित क्षेत्र ललितपुर

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मेसर्स - पीताम्बरा ग्रेनाईट्स
दुर्जनपुरा, बुढ़वार रोड ललितपुर
प्रो. पं. अतुल शर्मा
मैनेजिंग डायरेक्टर
जनपद-ललितपुर
(उ0प्र0)

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
तम्बाकू का सेवन, जीवन से खिलवाड़
तम्बाकू का सेवन न करें
डॉ. इम्तियाज अहमद
मुख्य चिकित्साधिकारी ललितपुर

पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ़ कॉलेज
हाईवे से बडी नहर रोड, पनारी- ललितपुर (उ. प्र.)
+919532425775, +918299068305, +918176800106
www.pggi.org sryadav0976@gmail.com
समस्त जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
इस अवसर पर हम सभी राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लें
GNM | ANM | BA LLB (5 Year) | LLB (3 Year) | B.Sc Ag Hon. | D Pharm | B Pharm | B.Ed | D.El.Ed (BTC) | M.A. | M.Sc | M.Com | B.A. B.Sc. | B.Com | NCC | NSS | SCOUT GUIDE | ITI | POLYTECHNIC | CBSE Board | PC to 12th
सौरव यादव

गणतंत्र दिवस पर सभी नगरवासियों व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ
रामकुमार गुप्ता
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
प्रेमकुमार गुप्ता (कल्लू)
प्रोप्राइटर
प्रतिष्ठान: बजाज मोटरसाइकिल एजेंसी, जालौन

गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व पर
समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
प्रेम दास गुप्ता (भुरे मामा)
(अध्यक्ष)
गल्ला व्यापार कल्याण समिति जालौन
महेन्द्र कुमार राठौर
महामंत्री
मोहन सिंह कुशवाहा
कोषाध्यक्ष
निवेदक–समस्त गल्ला व्यापार कल्याण समिति जालौन

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमती कल्पना राजे
प्रधान
हरेन्द्र शाह
(राजू राजा)
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत नाराहट

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
नैयर आलम
अधिशाषी अभियन्ता
लघु सिंचाई विभाग ललितपुर

मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
भारत सरकार
समस्त जनपदवासियों को 26 जनवरी 2024 75वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
उ0प्र0 सरकार
मा. अनुप्रिया पटेल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अपना दल (एस)
केन्द्रिय मंत्री
भारत सरकार
राम निवास वर्मा
विधायक (नानपारा)
जनपद-बहराइच

समस्त जनपदवासियों को 26 जनवरी 2024 75वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई
पार्क कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज कॉलेज एण्ड नर्सिंग होम
अदालतपुर, बौण्डी रोड, बहराइच
डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी
सदस्य विधानसभा परिषद, बहराइच/श्रावस्ती
डॉ. अभिलाषा वर्मा
डायरेक्टर
स्पार्क कॉलेज ऑफ पैरा मेडिकल साइंसेज एण्ड नर्सिंग होम

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
के0के0 पाण्डेय
मुख्य विकास अधिकारी
सौरभ वर्णवाल
खण्ड विकास अधिकारी, मड़वरा

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
के0के0 पाण्डेय
मुख्य विकास अधिकारी
परवेज खान
जिला उद्यान अधिकारी

आप सभी को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अयोध्या भव्य राममन्दिर में
श्रीराम लला
की प्राण प्रतिष्ठा समारोह
के शुभ अवसर पर
आइए अपने घरों व मन्दिर को सजाए, प्रभू श्रीराम के आगमन पर दीपावली मनाएं
दिनांक- 22 जनवरी 2024, प्रातः 10 बजे भव्य शोभा यात्रा (नगर भ्रमण)
(श्रीराम जानकी मन्दिर से कसया बस स्टैण्ड) एवं सुन्दर काण्ड व विशाल भण्डारा
का आयोजन समय- प्रातः 11 बजे स्थान- (गजहा बाबा स्थान) बस स्टैण्ड, कसया
आप सभी सम्मानित जनता सादर आमंत्रित है।
शैलेन्द्र कुमार मिश्रा
अधिशासी अधिकारी- नगर पालिका परिषद कुशीनगर
किरन राकेश जायसवाल
(अध्यक्ष - नगर पालिका परिषद कुशीनगर)
स्वतंत्र कुमार, गुड्डू कुशवाहा, सूर्यनाथ यादव, शैल देवी, विनय गौतम, प्रकाश चन्द्र भारती, शोभमती देवी, अमरावती देवी, सबीना खातून, सुभावती देवी, यशोदा देवी, मधुबाला त्रिपाठी, शबनम खातून
शमशाद अंसारी, मीरा देवी, दुर्गेश विश्वकर्मा, विनय प्रताप राव, अमरनाथ जायसवाल, गिरिजेश सिंह, प्रभुनाथ सिंह, केशव सिंह, विजेन्द्र प्रताप सिंह, कमलावती देवी, राजेश मद्धेशिया, तजबुन नेशा, मनीष मिश्रा, राजेश जायसवाल
निवेदक- समस्त नगरवासी एवं कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद -कुशीनगर

# पीएम मोदी की प्रेरणा से लखपति व ड्रोन वीर बन रहीं देश की बेटियां : आनंदी बेन

- महिलाओं के उद्यमी व उद्यमिता विकास पर ध्यान देने पर दिया जोर
- छात्र-छात्राओं से सामाजिक समस्याओं पर शोध करने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता




**बांदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने आई प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति और बेटियां ड्रोन वीर बन रही हैं।

उन्होंने महिलाओं के उद्यमी व उद्यमिता विकास पर बल दिया। उन्होंने कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से सामाजिक समस्याओं पर शोध का आह्वान किया। कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश के किसानों को वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाकर उन्हें आर्थिक रूप से समृद्धशाली बनाने में भागीदार बनें। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय उद्यान महाविद्यालय सभागार में सोमवार को नौवां दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। कहा कि माता-पिता का बच्चों को आगे बढाने में बहुत बडा योगदान है। विद्यार्थी अपने माता-पिता को कभी न भूले और हमेशा उनकी सेवा करें। जिन छात्र-छात्राओं को मेडल नहीं मिला, वह सभी अपने जीवन के लिए इतना अच्छा कार्य करें कि उन्हें यह कार्य ही मेडल के रूप में मिले। कुलाधिपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति देश की बेटियां ड्रोन वीर बनकर अपने माता-पिता के साथ देश का नाम रोशन कर रही हैं। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से कहा कि वह देश के किसानों को वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाकर उन्हें आर्थिक रूप से समृद्धशाली बनाने मंस भागीदार बनें। उन्होंने महिलाओं के उद्यमी व उद्यमिता विकास पर जोर दिया। बुंदेलखंड में पपीता, गुलाब, नीम, एलोवेरा की खेती करें। कम लागत से साबुन आदि को स्वयं तैयार करें तथा आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि बच्चों, वृद्ध एवं गर्भवती महिलाओं के लिए लाभदायक एवं पौष्टिक आहार दें। कहा कि आंगनबाडी केंद्रों को विश्वविद्यालय से जोडकर उन्हें बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। गरीब परिवारों के बच्चों का आंगबाडी केंद्रों के माध्यम से शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सुधार हो सके। किसानों में परिवर्तन लाने में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का बड़ा योगदान हो सकता है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित तकनीकी व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को किसानों, महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तक अवश्य पहुंचाएं। जिससे वह स्वावलंबी एवं सशक्त बने सकें। इस मौके पर जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, कुलपति डा.नरेंद्र प्रताप सिंह, आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल, कुलसचिव डा.एस के सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, एडीएम राजेश कुमार, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट विजय शंकर तिवारी, प्रबंध परिषद व विद्वत परिषद सदस्य व विश्वविद्यालय छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पत्नी ने दांत से काट डाला पति का गुप्तांग अप्राकृतिक संबंध बनाने से थी नाराज

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिले में एक पत्नी ने अपने पति का प्राइवेट पार्ट दांत से काट डाला। वह पति द्वारा अप्राकृतिक संबंध बनाने से नाराज थी। उसने आरोप लगाया कि बार-बार विरोध के बावजूद भी शनिवार की रात भी पति ने ऐसी ही हरकत की जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर सकी। जिसके चलते यह खौफनाक कदम उठा लिया। डॉक्टर ने घायल पति को हमीरपुर से कानपुर रेफर कर दिया है।

पति की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पत्नी को फिलहाल वन स्टाफ सेंटर में पुलिस कस्टडी में रखा गया है। यह घटना हमीरपुर की सदर कोतवाली के एक गांव की है। पति की उम्र 27 वर्ष है। इस दंपती के तीन बच्चे हैं। पत्नी का आरोप है कि पति उसके साथ आप्राकृतिक संबंध बनाता है। कई बार वह इसका विरोध कर चुकी थी। लेकिन पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। शनिवार की रात भी यही सब कुछ हुआ। इस बार उससे रहा नहीं गया और उसने दांतों से पति का प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से काट खाया,जिससे उसका अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त व लहूलुहान हो गया। पत्नी की इस खौफनाक हरकत से पति बिलबिला उठा। उसे रात में ही जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह पत्नी तीनों बच्चों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गई। उसे डर था कि पति उसकी रिपोर्ट दर्ज कराएगा। कलेक्ट्रेट चौकी में बैठी पत्नी ने कुछ देर बाद कोतवाली पुलिस वन स्टाफ सेंटर ले गई। जहां उसे पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

### पति की तहरीर के आधार पर पत्नी के विरुद्ध मामला किया गया दर्जः अनूप सिंह

इस संबंध में सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह का कहना है कि पति पत्नी के बीच पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी थी। पति की हरकतों से महिला तंग थी। जिसके चलते उक्त घटना हुई है। पति की तहरीर के आधार पर पत्नी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 324 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। सोमवार को कोर्ट में इसका बयान कराया जाएगा।

### प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थाः डॉ. एके

इस संबंध में डॉ.एके सिंह ने बताया कि शनिवार की देर रात पत्नी द्वारा प्राइवेट पार्ट काटे जाने से घायल पति को परिवारीजन गंभीर हालत में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे थे। उस वक्त ड्यूटी पर मैं मौजूद था। उन्होंने बताया कि प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को कानपुर रेफर कर किया गया था। दिन रविवार की शाम को उसकी पत्नी को पुलिस मेडिकल के लिए लेकर आई थी। तब उसने पति द्वारा आप्राकृतिक रूप से संबंध बनाने की जानकारी दी थी।

## अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंम्पियाड 2023 प्रतियोगिता में छात्र श्री हरी कुमार ने जनपद में किया प्रथम स्थान प्राप्त



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद में प्रतिभाओं औऱ बुलंदियों को छू लेने की क्षमताएं तो बुन्देलखण्ड में पूर्व से ही बनी रही है।चाहे वह पूर्व काल मे यहाँ के वीरो की वीरता रही हो या फिर संगीत के क्षेत्र में प्रतिभा तो कभी खेल कूद तथा शिक्षा को लेकर रही हो हर समय अपना औऱ अपने माता पिता तथा गुरुओं का नाम रोशन करते रहे है। ऐसे ही एक पांचवी क्लास के छात्र ने कर दिखाया है।इस छात्र ने अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंम्पियाड 2023 प्रतियोगिता में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हिंदी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा स्वर्ण पदक दिया है। आपको बता दे कि जनपद स्थित मुहल्ला अतरौलिया कस्वा राठ निवासी देवेंद्र राजपूत के पुत्र श्री हरी कुमार राठ कस्वे में उरई रोड स्थित स्कूल इण्डस बैली पब्लिक स्कूल में पांचवी का छात्र है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने बताया कि अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंम्पियाड 2023 प्रतियोगिता में छात्र श्री हरी ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचंम लहराया है। उन्होंने इस कामयाबी के लिए प्रधानाचार्य व विद्यालय परिवार ने छात्र को बधाई दे उसके उज्वल भविष्य की कामना भी की है।इस कामयाबी के लिए छात्र के माता पिता ईस्ट मित्रों व क्षेत्र वासियो ने भी छात्र को बधाई दी है।वही माता पिता व छात्र को लोगो द्वारा शुभकामनाये दी जा रही है।

## कोई नहीं नकार सकता श्रीराम का अस्तित्व

**बबेरू।** भगवान राम के अस्तितत्व को हमने कभी नहीं नकारा। हम भी राम को मानने वाले लोग हैं, लेकिन कुछ लोग राम के नाम पर अपनी राजनीति को चमका रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें। यह तानाशाह सरकार बाबा साहब के बनाए हुए संविधान को खत्म करना चाहती है। यदि संविधान व लोकतंत्र को बचाना है तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक आदिवासी) व संविधान बचाओ कार्यक्रम के दौरान बबेरू विधानसभा के पड़री व मुरवल गांव में में सपा विधायक विशम्भर सिंह यादव ने कही। इस कार्यक्रम के माध्यम से पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अन्याय, अत्याचार और संविधान के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ समाजवादी पार्टी के लोग गांव-गांव जाकर अपनी बात पहुंचा रहे हैं।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने धूमधाम से मनाया गणेश सिंह विद्यार्थी का जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता




**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के क्रांतितीर्थ के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी को संगठन के आजीवन क्रियाशील सदस्य पत्रकार, कवि, साहित्यकार डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी के 65वें जन्म दिवस पर श्री मती गीता ओमर की अध्यक्षता तथा जिला मंत्री कैलाश प्रसाद सोनी के संचालन में लालू सिंह पब्लिक स्कूल में कवि गोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर संस्था की ओर से श्री विद्यार्थी जी का सारश्वत सम्मान किया गया द्य मां वीणापाणि और गणेश भगवान की पूजा अर्चना के पश्चात् वरिष्ठ कवि हरीराम गुप्ता निरपेक्ष ने गणेश जी एवं मां सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया द्य तदोपरांत पुष्पहार, मोतीहार तथा अंगवस्त्रम से डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी जी का सम्मान किया गया द्य हरीराम गुप्त निरपेक्ष ने गोष्ठी को गति प्रदान करते हुए पढ़ा प्रेम सत्यम शिवम सुंदरम, प्रेम में मन रमाया करो, राजेंद्र प्रेमी ने पढ़ा गीत कोई ऐसा गाओ तुम, साथ तुम्हारे मैं भी गाँउ%, वीरेंद्र पाल %शजर% ने पढ़ा %बहो तो बहो तुम नदी की तरह, खिलो तो खिलो उस लिली की तरह%, हरीकिशन सेन ने पढ़ा %बना तिरंगा देश में वतनपरस्ती का, लोग देने लगे जान हाल हुआ ये मस्ती का%, डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी ने पढ़ा %नया साल कुछ इस तरह मनाया जाए, रोते हुए शख्श को हंसाया जाये%, कैलाश प्रसाद सोनी ने पढ़ा %श्रद्धावान हों छात्र हमारे, मैत्री करुणा के रखवारे%, रेवती कुमार पाठक ने पढ़ा %जन्म दिन की है बधाई, हर खुशी घर में रहे। अवधेश साहू बेचैन ने पढ़ा %लकड़ी सारी जल घर की, तन की सर्दी तबहूं न जाए%, कमलेश सिंह गौर भौली ने पढ़ा %अब वहे मोर रोटी, अब वहे मोर चटिनी%, वरिष्ठ कवि व गीतकार नारायण प्रसाद रसिक ने पढ़ा %बच्चे जब हँसते हैं, मन की पीर हरते हैं%द्य इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अमित वर्मा, सहायक अध्यापिका अभिलाषा गुप्ता, वंदना मौर्य, कंचना सिंह, डॉ अशोक कुमार पांडेय, उदल सिंह यादव, गिरजा शंकर सोनी गुरुप्रताप यादव आदि मौजूद रहे द्य अंत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता ओमर ने सभी का आभार व्यक्त किया द्य इसी क्रम में पूर्व चेयरमैन आनंदी प्रसाद पालीवाल के आवास पर अनिल पालीवाल, संजय पालीवाल, अजय पालीवाल, पुनीत पालीवाल, मुन्नीलाल अवस्थी, पूर्व सभासद विनोद कुमार ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर गणेश सिंह विद्यार्थी का जन्म दिन मनाया गया।

# थाना जलालपुर पुलिस द्वारा जुआ खेलते छह जुआरी गिरफ्तार



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.01.24 को थाना जलालपुर पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियो को ग्राम हरसुण्डी से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगण के कब्जे से कुल मालफड 1500 व जामा तलाशी 260 कुल 1760 रूपये व 52 अदद ताश पत्ता गड्डी बरामद हुई । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 21/2024 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण कुलदीप राजपूत पुत्र कल्लू उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम हरसुण्डी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर परमलाल लोधी पुत्र तीरथ सिंह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम चण्डौत थाना जरिया जनपद हमीरपुर रामकरन यादव पुत्र रामाधीन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी हरसुण्डी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर विक्रम पुत्र रामरतन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी हरसुण्डी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर सुरेन्द्र पुत्र मंगल सिंह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बरखेरा थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर दिलीप राजपूत पुत्र अर्जुन सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम हरसुण्डी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर हमीरपुर। कुल मालफड 1500 व जामा तलाशी 260 कुल 1760 रूपये व 52 अदद ताश पत्ता की गड्डी बरामद हुई गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 नरेन्द्र कुमार यादव हे0का0 अनुरुद्ध सिंह का0 गुलाम गौस।

## छात्राओं से पीएम ने परीक्षा पर किया चर्चा लाइव



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** डीआईओएस आरपी यादव ने बताया कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिले के कई विद्यालयों में परीक्षा पर चर्चा लाइव प्रसारण किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को मिली जानकारी लाइव प्रसारण। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छात्र-छात्राओं के परीक्षा पर चर्चा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य वह पठन-पाठन में मार्गदर्शन शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के टेक्नोलॉजी का प्रयोग वह हर प्रकार के विज्ञान क्षेत्र कल साइंस बढ़ते मनोविज्ञान व अन्य विषयों पर जानकारी देते हुए उनका घोसला वर्धन किया और अपने-अपने क्षेत्र में जाने के लिए पठन-पाठन जैसी एक ज्ञान का भंडार रूपी विद्यालय से अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करके अपने जीवन को उज्जवल बनाने हेतु हर छात्राएं बेहतर प्रयास करें नगर स्थित जीजीआईसी इंटरमीडिएट कॉलेज आरएसएम इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में बच्चों ने लाइव प्रसारण सुना इस मौके पर अध्यापिका रेखा यादव प्रीति सीमा अजीत अन्य लोग मौजूद रहे

## नहीं रहे बाबू जेपी तिवारी, लोगों में शोक की लहर



**चोपन,/सोनभद्र अवधनामा संवाददाता।** रविवार की देर रात स्थानीय अवकाश नगर निवासी 95 वर्षीय बाबूजी जे.पी. तिवारी ( जनार्दन प्रसाद तिवारी) ने अपने परिवार के बीच अंतिम सांस ली। पूर्व मध्य रेलवे चोपन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद से करीब तीन दशक पूर्व वर्ष 1990 में सेवानिवृत्त होने वाले स्व.तिवारी जी अपने सरल स्वभाव और कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व के कारण समाज में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। पूरे सेवा काल में आपने रेलवे को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवायें दी। आपके तीन पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र ओम प्रकाश तिवारी जहां रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी तो हैं वहीं द्वितीय पुत्र संतोष कुमार तिवारी स्थानीय रेल कर्मचारी इंटर मीडिएट कालेज चोपन में शिक्षक और छोटे पुत्र सुनील तिवारी जनपद के वरिष्ठ पत्रकार और डी डी न्यूज़ सोनभद्र के संवाददाता हैं। आपके सभी पौत्र भी विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सेवारत हैं। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार सोननदी घाट पर सम्पन्न हुआ जहां जनपद एवं नगर के राजनैतिक सामाजिक संगठनों, पत्रकारों, शिक्षकों एवं प्रबुद्ध जनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भावविभोर हुए श्रोता

**तिंदवारी अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के प्राचीन मां काली मंदिर में विश्वकर्मा परिवार द्वारा चारों धाम की पूजा अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य गोपाल मिश्र ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला का वर्णन सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा के लिए प्रेरित करके बृजवासियों को प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। भागवत कथा में माखन चोर श्रीकृष्ण के बालरूप की झांकी के दर्शन कर श्रोता भावविभोर हो उठे। कथा वाचक ने श्रीकृष्ण की बाललीला का वर्णन करते हुए कहा कि बाल रूप में उन्होंने गोपिकाओं के यहां अपने ग्वालबाल सखाओं के साथ माखन चोरी की लीला की। भगवान श्रीकृष्ण के पैदा होने की जानकारी जैसे ही दृष्ट कंस को हुई उसने उन्हें मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवती राक्षसी पूतना को भेजा। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ही उसे मौत के घाट उतार देते हैं। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा के लिए प्रेरित करके बृजवासियों को प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण बृजवासियों को इंद्र का पूजन करने से मना कर गोवर्धन का पूजन करने को प्रेरित करते हैं। इस पर इंद्र क्रोधित हो उठे और भारी वर्षा कर अपना कोप दिखाया। सभी ब्रजवासी भयभीत हो उठे। श्रीकृष्ण ने बृजवासियों को भारी वर्षा से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा पर उठा लिया और नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लिया। हार कर इंद्र एक सप्ताह बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। इसके बाद बृज में भगवान श्रीकृष्ण व गोवर्धन के जयकारे लगने लगे।

# शिकायतों की सुनवाई गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो निस्तारणः रूबी प्रसाद

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उप्र शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया।

तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 1, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 1, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान जेई मनीष कुमार, सन्त कुमार, सुजीत कुमार, आकाश रावत, सभासद अनवर अंसारी, बिमलेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# संवाद कार्यक्रमः कांग्रेसियों को दिया लोकसभा की सीटें जीतने का मूल मंत्र

अवधनामा संवाददाता




**बांदा।** लोकससभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियां जमीनी स्तर पर नजर आने लगी हैं। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संवाद करने और उनकी राय जानने आए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने कहा कि संगठन में गतिशीलता बढ़ाने की आवश्यकता है, जबकि बांदा प्रभारी व प्रदेश सचिव ने प्रत्येक कार्यकर्ता को चुनाव की तैयारी में जुटने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। संवाद कार्यक्रम में संगठन का ढांचा दुरुस्त किये जाने पर जोर दिया गया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अभिमन्यु सिंह और बांदा प्रभारी व प्रदेश सचिव हर दीपक निषाद का जिला कांग्रेस कार्यालय में भव्य स्वागत हुआ। दोनों प्रांतीय नेता मंगलवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के परिपेक्ष्य में बांदा के कांग्रेसजनों से संवाद करने और उनकी राय जानने के लिए आए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने संगठन के संबंध में प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि संगठन में गतिशीलता बढ़ाने की जरूरत है। प्रभारी हर दीपक निषाद ने कहा हम लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता लोकसभा के लिए तैयारी करे और संगठन को मजबूर कर करने के साथ ही लोगों के बीच कांग्रेस विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न लालू कुमार दुबे ने कहा कि चुनाव का मुकाबला करने को एक हर एक कार्यकर्ता तैयार रहे। आज किसान, युवा, मजदूर, व्यापारी सभी वर्ग हताश हैं।

सभी आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रहे हैं। संवाद कार्यक्रम में साकेत बिहारी मिश्रा ने संगठन का ढांचा दुरुस्त किये जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में उमड़ी मरीजों की भीड़, आधा सैकड़ा का परीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजन का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित आरोग्य मेला में मरीजो की भीड़ उमड़ पड़ी। ज्यादातर मरीज पेट दर्द, हार्निया, पथरी के रहे।

चिकित्सकों ने आधा सैकड़ा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए चिकित्सीय सलाह दी। बबेरू सीएचसी में अधीक्षक डा. ऋषिकेश सिंह की अगुवाई में चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। जिला अस्पताल सर्जन चिकित्सक डा.अदिति श्रीवास्तव और डा.दिव्यांश श्रीवास्तव ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान ज्यादातर मरीज हार्निया, पेट दर्द और पथरी के पाए गए। हार्निया और पथरी के मरीजों का उपचार किया गया। एक गर्भवती महिला का भी स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में आधा सैकड़ा से ज्यादा मरीज आए। सर्जन चिकित्सक ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शासन के निर्देश पर पीएचसी व सीएचसी में चिकित्सा शिविर आयोजित होंगे। इस दौरान वर्षा पाल के अलावा स्टाफ नर्स सबा खान, कंचन तिवारी, सपना, ज्योति, ओटी टेक्नीशियन मिलन समेत तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर की गई समीक्षा बैठक

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की दो सत्रों मे बैठक भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी प्रथम सत्र गांव चलो अभियान कार्यशाला व द्वितीय सत्र मे लोकसभा 80 राबर्ट्सगंज कि बैठक सम्पन्न हुयी। गांव चलो अभियान बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह व लोकसभा की बैठक के मुख्यअतिथि उ0प्र0सरकार के राज्यमंत्री/कलस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्रा दयालु व विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रभारी कन्हैया लाल मिश्रा मौजूद रहे।

बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व जिला प्रभारी अनिल सिंह सहित सभी मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल व गांव चलो अभियान के संयोजक सुरेश शुक्ला ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री/कलस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि आने वाले लोकसभा का चुनाव हमें रिकार्ड मतों से जीतना है, कलस्टर प्रभारी के नाते जो प्रमुख कार्य है, आप लोगों के साथ मिलकर करना है उसमें सबसे प्रमुख बिन्दु कार्यालय प्रबंधन, अभियान, प्रचार प्रसार यही कलस्टर के कार्य का प्रमुख उद्देश्य है, सभी बूथ समितियों का गठन, पन्ना प्रमुख, गांव चलो अभियान कार्यक्रम व ग्राम के वरिष्ठ लोगो से व कि वोटरों से संपर्क करना जो अन्य दलों के लोग आपसे जुडना चाहते है पार्टी की नितियों से प्रभावित है ऐसे सभी लोगो को जोडकर संगठनात्मक विस्तार करना आने वाले लोकसभा चुनाव प्रचण्ड जीत के लिए आवश्यक है, जनप्रतिनिधि के साथ साथ विचार परिवार के साथ समन्वय बनाकर काम करने की आवश्यकता है बूथों की संरचना मे बी व सी श्रेणी के बूथों को ए श्रेणी मे लाना है सभी बूथों पर 10 प्रतिशत मतो को बढाना है अगर हम सभी कार्यकर्ता 10 प्रतिशत मत बढाने मे कामयाब हो जायेंगे तो निश्चित रुप से केंन्द्रिय नेतृत्व द्वारा 400 प्लस के नारे को सफल कर लेंगे एक बार पुनः 2024 में प्रधानमंत्री मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनना तय है। गांव चलो अभियान की कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में चल रही सशक्त केन्द्र की सरकार से देश ही नहीं दुनिया में सम्मान बढ़ा है, और एक-एक वोटरों को साधने के लिए भाजपा ने अब गांव का भी रूख करने की योजना बना ली है। मिशन-2024 को फतह करने के लिए बिछायी जा रही चुनावी बिसात के तहत भाजपा ने 'गांव चलो अभियान' पर पूरा फोकस कर दिया है। इसी कार्यक्रम के तहत सोमवार को पार्टी कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आगे कहा कि पिछले 10 वर्षो मे भारत की पहचान वैश्विक पृष्ठभूमि पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर देश के रूप में बनी है। मोदी सरकार ने महिलाओं, गरीबों, आदिवासी और पिछड़ों के कल्याण के लिए दर्जनों प्रभावी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। चार से 11 फरवरी तक चलने वाले गांव चलो अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता गांवों में 24 घंटे प्रवास कर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताएंगे।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो

- जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान: केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और



उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना।

जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से ज़िलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## विद्यार्थियों/शिक्षकों एवं अभिभावकों का किया गया आनलाईन रजिस्ट्रेशन

लखनऊ। परीक्षा पे चर्चा-2024 हेतु विद्यार्थियों/शिक्षकों एवं अभिभावकों का आनलाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक 12 दिसम्बर, 2023 से दिनांक 12 जनवरी, 2024 के मध्य किया गया। उत्तर प्रदेश को 35 लाख विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसके सापेक्ष उत्तर प्रदेश से कुल 42 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन किया गया। यह देश में अन्य राज्यों से सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विभिन्न विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा भारत मण्डपम, नई दिल्ली में प्रतिभाग किया गया। इसमें हर्ष चौधरी कक्षा-9 सनातन धर्म इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर, हरि ओम कक्षा-11 सनातन धर्म इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर, कुनाल कोरी कक्षा-11 सर्वोदय इण्टर कालेज पिलखुआ हापुड़, डा0 विकास कुमार शिक्षक सनातन धर्म इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर के अतिरिक्त जनपद-गौतमबुद्ध नगर तथा जनपद-गाजियाबाद के 50-50 विद्यार्थियों द्वारा नई दिल्ली जाकर भारत मण्डपम् में आयोजित परीक्षा पे चर्चा-2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है योगी सरकार

अवधनामा ब्यूरो

- उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की
- किसान हित में कार्य करें उद्यान अधिकारी
- योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन करवाकर किसानों को करें लाभांवित
- हाईटेक नर्सरी से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता पर किया जाय

लखनऊ।प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को अपने मंत्री आवास से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों के साथ औद्यानिक विकास योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की।

बैठक में उद्यान मंत्री ने निर्देश दिए कि हाईटेक नर्सरी से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता पर किया जाय। जिन जनपदों में हाईटेक नर्सरी से संबंधित कोई समस्या हो, उसका त्वरित समाधान किया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत किस्म के बीज व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में हाईटेक नर्सरी की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए जिन जनपदों में हाईटेक नर्सरी स्थापित हो गयी है, उसका सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए संचालित योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय। उन्होंने योजनाओं की धीमी प्रगति एवं आवंटित धनराशि का कम उपयोग करने वाले जिला उद्यान अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें कार्यो में सुधार की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार किसानों के हितों के लिए औद्यानिक फसलों व बागवानी की विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है, इन योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुचाने का कार्य पूरी ईमानदारी और लगन से करे।

उद्यान मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान सर्वप्रथम जनपदों में स्थापित की जा रही हाईटेक नर्सरी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जनपदवार उद्यान अधिकारी से वार्ता की और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने हाईटेक नर्सरी के लिए अच्छा कार्य करे रहे अधिकारियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पर ड्रॉप मोर क्रॉप, माइक्रोइरीगेशन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए शून्य प्रगति करने वाली पंजीकृत निर्माता फर्मो को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। साथ ही इन्हें आवंटित ब्लॉक व जनपद को बेहतर कार्य करने वाली पंजीकृत निर्माता फर्मो को अतिरिक्त रूप से आवंटित करने के निर्देश दिए। एकीकृत बागवानी विकास मिशन की अद्यतन प्रगति, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, अनुसूचित जाति/जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, फलपट्टी विकास योजना की अद्यतन प्रगति, प्रदेश में गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन योजना की अद्यतन प्रगति, कलमी पौध उत्पाद/वृहद वृक्षारोपण हेतु पौध उत्पादन की अद्यतन प्रगति तथा शाकभाजी एवं आलू बीज उत्पादन की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली।

